य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

नई दिल्ली, मंगलवार, 12 नवंबर, 2024 | कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी, संवत् 2081

वर्ष : 20 | अंक : 112 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika
/rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



**पहले टेस्ट में रोहित के खेलने पर संशय, बुमराह को मिल सकती है कप्तानी**
@स्पोर्ट्स &गेमिंग



**पनीर चुराकर अमीर बन रहे अपराधी, ड्रग्स-तस्करी से भी कम सजा**
@इंडिया &वर्ल्ड



**एसआइपी से निवेश पहली बार ₹25,000 करोड़ पार, गोल्ड ईटीएफ की बढ़ी चमक**
@बिजनेस &वेल्थ

**हौसला :** क्रोएशिया की 49 साल की बीटा हैलासी ने 'लोहे से ही लोहे' को काटा, चार साल से कैंसरमुक्त

## वैज्ञानिक ने वायरस से ठीक किया खुद का ब्रेस्ट कैंसर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जाग्रेब.** हौसला और खुद पर भरोसा हो तो कैंसर जैसी बीमारी भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती। क्रोएशिया की 49 वर्षीय बीटा हैलासी ऐसी ही बहादुर वायरोलॉजिस्ट (विषाणु वैज्ञानिक) हैं, जिन्होंने अपनी लैब में विकसित वायरस का इंजेक्शन लगाकर खुद का कैंसर ठीक कर लिया। पिछले चार साल से वह कैंसरमुक्त हैं। इस प्रयोग से बीमारी फैलाने वाले वायरस से कैंसर की रोकथाम की दिशा में नई उम्मीद जगी है। शेष@पेज10

*अपने ही लैब में विकसित वायरस से इलाज कर नई खोज की*



### सीधे ट्यूमर में वायरस इंजेक्ट

**हैलासी** ने वायरस को सीधे ट्यूमर में इंजेक्ट किया। कैंसर विशेषज्ञों ने उनकी निगरानी की, ताकि हालत बिगड़ने पर आगे के दुष्प्रभावों को देखते हुए उपचार रोका जा सके। हालांकि उपचार के दौरान कोई गंभीर साइड इफेक्ट्स नहीं दिखे। ट्यूमर का आकार काफी कम हो गया। वह छाती की मांसपेशियों और त्वचा से अलग हो गया। इसे सर्जरी के माध्यम से हटाया जा सका।

### ओवीटी थेरेपी से इलाज

**नेचर** जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार हैलासी ने अपने ब्रेस्ट कैंसर का उपचार ऑन्कोलिटिक वायरस थेरेपी (ओवीटी ) की मदद से किया। ओवीटी थैरेपी वायरस का इस्तेमाल कर कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के साथ इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है। अब तक ओवीटी के ज्यादातर क्लिनिकल ट्रायल अंतिम चरण के कैंसर रोगियों पर किए गए थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह ट्रायल शुरुआती चरण के कैंसर रोगियों पर भी किए जाने लगे हैं।

**मेडिकल महान :** जापान में लिम्बल स्टेम सेल की कमी वाले चार मरीजों पर किया गया सफल परीक्षण

## पहली बार स्टेम सेल थेरेपी से लौटी नेत्र ज्योति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**टोक्यो.** दुनिया में पहली बार स्टेम सेल थेरेपी के जरिए दृष्टि खो चुके मरीजों की आंखों की रोशनी लौट आई। जापान में चार मरीजों पर आइपीएस-सेल-आधारित तकनीक की मदद से यह प्रयोग किया गया, जिसे ओसाका यूनिवर्सिटी के डॉ. कोजी निशिदा ने तैयार किया है। चारों रोगियों में लिम्बल स्टेम सेल की कमी थी। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें कॉर्निया में दाग बनने की वजह से अंधापन हो जाता है। इस बीमारी के इलाज के लिए अक्सर स्वस्थ व्यक्ति की आंख से या मरीज की दूसरी आंख से कॉर्निया प्रत्यारोपण करना पड़ता है, जो बहुत जोखिम भरा होता है। ऐसे में स्टेम सेल थेरेपी की मदद से नया उपचार अच्छा विकल्प माना जा रहा है।



### एक साल में स्थायी सुधार

**इलाज** के दौरान प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल तकनीक से विकसित कॉर्नियल सेल को मरीज की आंखों में ट्रांसप्लांट किया गया। लगभग एक साल में चार में से तीन मरीजों की आंखों की रोशनी में स्थायी सुधार दिखने लगा। ट्रांसप्लांट किए गए सेल्स को शरीर ने स्वीकार कर लिया। इलाज के तुरंत बाद चारों मरीजों ने दृष्टि में सुधार महसूस किया। यह इलाज लिम्बल स्टेम सेल की कमी वाले मरीजों की दृष्टि वापस लाने में कारगर सिद्ध हो सकता है।

### क्या है आइपीएस-सेल आधारित तकनीक

**इसमें** मरीज के शरीर से थोड़ी-सी रक्त कोशिकाएं ली जाती हैं। उन्हें विशेष तरीके से बदल कर भ्रूण की कोशिकाओं की तरह बनाया जाता है। बदली हुई कोशिकाओं को बढ़ाया जाता है। उनसे नई, स्वस्थ कोशिकाएं बनाई जाती हैं। नई कोशिकाओं से बनी पतली परत को खराब हो चुके कॉर्निया की जगह लगा दी जाती है।

**एयर इंडिया**

### विमानों में अब हिंदू और सिखों को नहीं परोसेंगे हलाल मील

**नई दिल्ली.** एयर इंडिया के विमानों में 17 नवंबर से हिन्दू और सिख यात्रियों को परोसा जाने वाला नॉन वेजिटेरियन भोजन हलाल सर्टिफाइड नहीं होगा। कुछ समय पहले भोजन का नाम 'मुस्लिम मील' होने पर विवाद हुआ था। इसे बदलकर 'स्पेशल मील' कर दिया गया है। हलाल सर्टिफाइड मील का विकल्प मुस्लिम और इसे पसंद करने वाले अन्य यात्रियों के लिए होगा। यात्री टिकट बुकिंग के दौरान इसे चुन सकेंगे।

### ■ पन्नू की राम मंदिर पर हमले की धमकी

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** कनाडा में बैठे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या के राम मंदिर समेत हिंदू मंदिरों पर हमले की धमकी दी है। प्रतिबंधित सिख फॉर जस्टिस संगठन की तरफ से जारी वीडियो में पन्नू ने कहा, हम 16 और 17 नवंबर को हिंदुत्व विचारधारा की जन्मस्थली अयोध्या की नींव हिला देंगे।

**सख्ती :** सीआरपीएफ का जवान शहीद, पांच नागरिक लापता

## मणिपुर फिर उबला, थाने-कैंप पर हमला करने गए 11 उग्रवादी ढेर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंफाल.** मणिपुर में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में कम से कम 11 संदिग्ध कुकी उग्रवादी मारे गए और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस ने 10 उग्रवादी के शव बरामद होने की पुष्टि की। जिरीबाम जिले के जाकुराधोर करोंग में हुई इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक अन्य जवान के घायल होने की भी सूचना है। मुठभेड़ के बाद से पांच नागरिक लापता बताए गए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि लापता नागरिकों को उग्रवादी अपने साथ ले गए या वे खुद ही हमले के डर से कहीं छिपे हैं। लापता नागरिकों और छिपे उग्रवादियों को खोजने का काम चल रहा है। इलाके में काफी तनाव है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

जिरीबाम में मुठभेड़ दोपहर 2.30 बजे तब शुरू हुई जब बोरोबेकरा सब-डिविजन के जाकुराधोर करोंग इलाके में उग्रवादियों ने खेतों में काम कर रहे किसानों पर हमला कर दिया और आसपास की दुकानों को आग लगाने लगे। शेष@पेज10



**इंफाल.** सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए उग्रवादियों के बरामद हथियार। घटना के बाद इंफाल पश्चिम के कांगचुप क्षेत्र में सोमवार रात सशस्त्र उग्रवादियों ने मैतेई समुदाय के घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया।

### ताजा हिंसा से शांति प्रयासों को झटका

- ■ मणिपुर के डीजीपी राजीव सिंह मे माना कि **हिंसा की ताजा घटनाओं से शांति के प्रयासों को झटका लगा है।** हालांकि उनका कहना है कि सरकार राज्य में शांति लाने की लगातार कोशिश करती रहेगी।
- ■ डीजीपी ने बताया कि केंद्र सरकार के **प्रयासों से पहली बार 15 अक्टूबर को मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के प्रतिनिधियों के बीच सीधी बातचीत शुरू** हुई है। इसमें तीनों समुदायों के सांसद-विधायक भी शामिल हुए।
- ■ तीनों समुदायों की ओर से एक संयुक्त अपील भी जारी की गई **जिसमें जातीय तनाव को कम कर शांति बनाने के लिए पहल करने की बात कही गई।** लेकिन, पिछले सप्ताह से हिंसा का नया दौर शुरू हो गया।

### डेढ़ साल से चल रहा है हिंसा का दौर

**मणिपुर** में पिछले साल तीन मई से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा जारी है। 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। हजारों बेघर हो गए हैं। हाईकोर्ट की ओर से मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के आदेश के विरोध में ऑल ट्राइबल स्टूडेंट यूनियन (एटीएसयू) ने रैली निकाली थी जिसमें हिंसा भड़क गई। उसके बाद से ही इस उत्तर-पूर्वी राज्य में हिंसा का भयानक दौर चल रहा है।

**#ट्रंमस्क इफेक्ट :** उपग्रह आधारित इंटरनेट का रास्ता खुलेगा

## भारत की शर्तों पर आगे बढ़ रही है मस्क की स्टारलिंक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अमरीका में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद बदली परिस्थितियों में एलन मस्क की सैटेलाइट ब्रॉडबैंड कंपनी स्टारलिंक भारत में सैटेलाइट आधारित ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम का लाइसेंस लेने की दिशा में आगे बढ़ी है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्टारलिंक डेटा की सुरक्षा से संबंधित चिंताओं के समाधान और उसे भारत में ही रखने की शर्त पर सहमत हो गई है। भारत सरकार की दोनों शर्तें स्टारलिंक के यहां आने में बड़ी बाधा थी क्योंकि मस्क इसे मानने को तैयार नहीं थे। शेष@पेज10



एलन मस्क

### 8% बढ़ेगी भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था

**सैटेलाइट** सेवाओं के बढ़ने के साथ ही भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो कि मौजूदा 2% से बढ़कर 8% हो जाएगी।

### 15 दिसंबर तक बन जाएंगे नियम

**भारतीय** दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) स्पेक्ट्रम आवंटन के तरीकों और सैटेलाइट सेवाओं के लिए मूल्य निर्धारण पर हितधारकों से परामर्श कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 15 दिसंबर तक स्पेक्ट्रम आवंटन नियम बना लिए जाने की उम्मीद है। इससे स्टारलिंक और अन्य सैटेलाइट इंटरनेट प्रदाताओं के लिए परिचालन शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा।

**विधानसभा चुनाव :** पहले चरण में एसटी की 20 सीटें अहम

## झारखंड में 43 सीटों पर प्रचार थमा, यहीं छुपी 'सत्ता की चाबी'

देवेंद्र गोस्वामी
patrika.com

**रांची.** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 43 सीटों पर सोमवार को प्रचार का शोर थम गया और बुधवार को होने वाले मतदान से पहले अब प्रत्याशियों का घर-घर जन संपर्क तथा बूथ मैनेजमेंट पर जोर है। पिछले चुनाव में पहले चरण की 43 में से 28 सीटें इंडिया गठबंधन ने जीती थीं। खास बात यह है कि पहले चरण के चुनाव में ही प्रदेश की सत्ता की चाबी छुपी है। इस चरण में जनजाति (एसटी) के लिए सुरक्षित कुल 28 सीटों में से 20 सीटों पर मतदान होगा।

माना जाता है कि पहले चरण में जो पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी वह सत्ता हासिल करेगी। इन सीटों पर भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सीधी टक्कर है। इसमें भी झामुमो छोड़ भाजपा में आए पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के प्रभाव वाले कोल्हान क्षेत्र की 14 सीटें अहम हैं, जहां 2019 के चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी और इंडिया गठबंधन ने 13 सीट जीती थी। शेष@पेज10



**रांची** से मतदान केंद्रों के लिए रवाना होते पुलिस और अर्द्धसैनिक बल।

**झारखंड : पहले चरण में**

| | |
|---|---|
| ■ कुल उम्मीदवार | 683 |
| ■ मतदाता | 1,36,85,809 |
| ■ 18-30 वर्ष उम्र के मतदाता | 41,88,636 |
| ■ 100 वर्ष से अधिक उम्र वाले मतदाता | 995 |

### 33 विस उपचुनाव सीटों पर प्रचार खत्म

**वायनाड** लोकसभा सीट और राजस्थान के 7, मध्यप्रदेश के 2 तथा छत्तीसगढ़ की एक सीट सहित 11 राज्यों की 33 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार भी सोमवार को समाप्त हो गया। यहां बुधवार को मतदान होगा। वायनाड से प्रियंका गांधी चुनाव मैदान में हैं।

### डायबिटीज से जुड़े सर्वे में आप भी बनें भागीदार

**'विश्व मधुमेह दिवस'** पर पत्रिका देशव्यापी सर्वे कर रहा है। कुछ आसान **सवालों के जवाब देकर आप भी इसमें भागीदारी निभा सकते हैं।** आपकी कीमती राय हमारे लिए महत्त्वपूर्ण है।

सर्वे में हिस्सा लेने के लिए नीचे दिए क्यूआर कोड को स्कैन करें।

https://shorturl.at/E1eDJ

**खुलासा :** देशभर में 200 से अधिक एफआइआर दर्ज

## चीनी गैंग ने किया 111 करोड़ का फ्रॉड, सूरत में चार एजेंट पकड़े

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सूरत.** निवेश का झांसा और डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले चीनी गिरोह से जुड़े चार आरोपियों को सूरत साइबर सेल पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अजय इटालिया, जल्पेश नडियादरा, विशाल ठुम्मर व हिरेन भरवाडिया से पुलिस ने 28 मोबाइल फोन, 180 पासबुक, 86 डेबिट कार्ड, 258 सिमकार्ड और 30 चेकबुक बरामद की। चीनी गैंग ने इन एजेंटों के जरिए ऑपरेट होने वाले बैंक अकाउंट्स से अब तक 111 करोड़ रुपए से अधिक का फ्रॉड किया है। इन बैंक अकाउंट्स के खिलाफ देशभर में 200 से अधिक मामले दर्ज हुए हैं। शेष@पेज10

### सबसे ज्यादा शिकायतें कर्नाटक-तेलंगाना में

**आरोपी** जिन बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनके खिलाफ देशभर में 200 प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। सबसे अधिक 51-51 शिकायतें कर्नाटक और तेलंगाना में दर्ज हुई है। उसके बाद महाराष्ट्र में 41, तमिलनाडु में 10 और गुजरात में 7 शिकायतें दर्ज हुई है।

### जस्टिस संजीव खन्ना बने सीजेआइ



**नई दिल्ली.** जस्टिस संजीव खन्ना सोमवार को देश के 51वें सीजेआइ बन गए। उन्हें राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पद की शपथ दिलाई। उन्होंने 1983 में कॅरियर शुरू किया था। चित्र में सीजेआइ खन्ना और पूर्व सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे।

**झरोखा**




**ट्रेंडिंग न्यूज**

**यौन उत्पीड़न केस**

### प्रज्वल रेवन्ना को जमानत से इनकार

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** रेप और यौन उत्पीड़न के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को जद-एस के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले 21 अक्तूबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने रेवन्ना की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था।



**अब 'केएच' पुकारो**

### कमल हासन ने छोड़ी नाम से जुड़ी उपाधियां

**चेन्नई @पत्रिका.** अभिनेता कमल हासन ने सोमवार को अपने नाम से जुड़ीं 'उलगा नायकन' (सार्वभौमिक नायक) जैसी उपाधियां छोड़ने की घोषणा की। उन्हें कलाई ज्ञानी (प्रतिभाशाली) व नम्मावर (हमारा आदमी) भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें कमल हासन या सिर्फ 'केएच' कहें।

**बॉम्बे हाईकोर्ट**

### 'मैच फिक्सिंग' फिल्म के खिलाफ याचिका

**मुंबई@पत्रिका.** फिल्म 'मैच फिक्सिंग - द नेशन इज एट स्टेक' के प्रदर्शन पर रोक के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया कि यह मुसलमानों के खिलाफ नकारात्मक रूढ़िवादिता को बढ़ावा देती है। फिल्म मालेगांव ब्लास्ट पर आधारित है।

**शोध का निष्कर्ष** | मिजोरम में जब-जब भी बांस खिले, आबादी को झेलने पड़े दुर्दिन

## 50 साल में एक बार खिलने वाला फूल पैदा करता है अकाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कहावत है- 'जब बांस फूलता है तो विनाश उसके पीछे-पीछे आता है।' नए शोध में कहा गया कि 50 साल में एक बार खिलने वाला बांस का फूल अकाल पैदा करता है। यानी दुनिया में अकाल के ज्ञात कारणों में यह फूल भी शामिल हो गया। फ्रंटियर्स इन प्लांट साइंस जर्नल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में अकाल के लिए बांस के फूल जिम्मेदार हैं। मिजोरम में 1911, 1959 व 2007 में उसी समय अकाल पड़ा, जब ये फूल खिले थे।

बांस के बीज खाकर चूहों की फौज नष्ट कर देती है फसल



जब भी यह फूल खिलता है, राज्य में अकाल की खबर आती है। इस फूल के बीज से चूहों की प्रजनन क्षमता बढ़ जाती है। उनकी आबादी में भारी बढ़ोतरी होती है। वे बस्तियों की ओर भागते हैं, खेतों में ये फसलों को नष्ट कर देते हैं। इससे अकाल पैदा होता है। मिजोरम के लोग बांस के पौधे के फूलने की चक्रीय घटना को 'मौतम' कहते हैं।

### विद्रोह भी हो चुका है 65 साल पहले

**रिपोर्ट** के मुताबिक 1959 में मिजोरम में बांस के फूल खिलने के कारण विद्रोह भी हुआ था। बांस की प्रजातियां तीन से 150 साल के बीच कभी भी, कहीं भी फूल सकती हैं। खिलने के चरण में सभी बांस के फूल एक साथ खिल जाते हैं। मिजोरम में 'मेलोकाना बैक्सीफेरा' बांस की बड़ी प्रजाति है। यह हर 48 से 50 साल में एक बार फूलती है। लाखों बांस के पौधे भारी मात्रा में बीज पैदा करते हैं।

### दुनिया के दूसरे हिस्सों से भी ऐसी समस्या

**रिपोर्ट** के मुताबिक दुनिया के दूसरे हिस्सों से भी इस तरह की समस्या दर्ज की गई। इनमें हांगकांग और दक्षिण अमरीका के कई इलाके शामिल हैं। इथियोपिया में अरुंडिनरिया अल्पीना और जापान में बम्बुसा टुल्डा बांस की ऐसी प्रजातियां हैं, जिनके फूल आने के बाद चूहों का प्रकोप बढ़ने से भोजन की कमी हो जाती है।

**हंगामा बरपाने से दूर :** इजरायल के वैज्ञानिकों के शोध में हुआ रोचक खुलासा

## फल-फूलों से चाहे जितनी मदिरा पी ले ततैया, नशा ही नहीं होता; दुनिया का एकमात्र जीव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**न्यूयॉर्क.** ततैया दुनिया की एकमात्र प्रजाति है, जिसे सुबह हैंगओवर से उबरने की चिंता नहीं करनी पड़ती। इजरायल की तेल अवीव यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के शोध के मुताबिक ततैया यानी ओरिएंटल हॉर्नेट (वेस्पा ओरिएंटलिस) को शराब से नशा ही नहीं होता। उनके आहार में फूलों का रस और फल शामिल होते हैं। यानी वे स्वाभाविक रूप से एथेनॉल (वह तत्त्व जो नशा पैदा करता है) का सेवन करते हैं।

### दिमाग में नहीं चढ़ती

**शोध** में शामिल जूलॉजिस्ट सोफिया बूचेबती ने बताया जैसे-जैसे ततैया के शरीर में अल्कोहल पचती है, यह कार्बन डाइऑक्साइड में टूट जाती है। शरीर इसे बाहर निकाल देता है। ततैया काफी तेजी से अल्कोहल पचाते हैं। इसीलिए इसका असर उनके दिमाग तक नहीं पहुंचता।

### इनका बहकना शुरू

**शोधकर्ताओं** ने बताया कि कई और कीट शराब पी सकते हैं। जैसे पेंटेल्ड ट्रीशू। शोध में पाया गया कि वे एक सीमा तक शराब पीने के बाद सामान्य रहते हैं। अगर उन्हें ज्यादा शराब पिलाई जाए तो उन पर नशे के लक्षण दिखने लगते हैं।

पीएनएएस जर्नल में छपे शोध के मुताबिक वैज्ञानिकों ने ततैया पर एथेनॉल का असर जांचने के लिए इन्हें 80 फीसदी तक एथेनॉल वाला सुक्रोज घोल पिलाया। इसके बावजूद उनके जीवनकाल या व्यवहार पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पाया गया।

8 राज्य, 38 संस्करण | अजमेर ■ अलवर ■ अहमदाबाद ■ इंदौर ■ उज्जैन ■ उदयपुर ■ कोटा ■ कोलकाता ■ खंडवा ■ ग्वालियर ■ चेन्नई ■ छिंदवाड़ा ■ जगदलपुर ■ जबलपुर ■ जयपुर ■ जोधपुर ■ झुंझुनूं ■ दिल्ली ■ नागौर ■ नर्मदापुरम ■ पाली ■ बाड़मेर ■ बांसवाड़ा ■ बिलासपुर ■ बीकानेर ■ बेंगलूरु ■ भरतपुर ■ भिलाई ■ भीलवाड़ा ■ भोपाल ■ रतलाम ■ रायपुर ■ सतना ■ सागर ■ सीकर ■ सूरत ■ शहडोल ■ श्रीगंगानगर

# उपराष्ट्रपति धनखड़ आज उज्जैन, लुधियाना दौरे पर

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को मध्यप्रदेश के उज्जैन और पंजाब के लुधियाना दौरे पर रहेंगे। उज्जैन स्थित कालिदास संस्कृत अकादमी में अखिल भारतीय कालिदास समारोह के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संबोधित करेंगे। वहीं लुधियाना के पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संक्रमण के मद्देनजर कृषि खाद्य प्रणालियों में परिवर्तन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2024 के उद्घाटन समारोह में धनखड़ मुख्य अतिथि होंगे। इसके अलावा धनखड़ लुधियाना के संत पॉल मित्तल स्कूल में भी मुख्य अतिथि होंगे, जहां वे छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे।

# मणिपुर में सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 10 सशस्त्र उग्रवादी ढेर

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** मणिपुर में सोमवार को जिरीबाम जिले के जाकुराधोर में स्थित सीआरपीएफ पोस्ट और पास के बोरबेक्रा पुलिस स्टेशन पर सशस्त्र उग्रवादियों ने हमला किया। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की तो 10 सशस्त्र उग्रवादी मारे गए। सीआरपीएफ और सिविल पुलिस ने हमले का जोरदार जवाब दिया गया।

लगभग 40-45 मिनट की भारी गोलीबारी के बाद स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। गोलीबारी रुकने के बाद, क्षेत्र की तलाशी ली गई और 10 सशस्त्र उग्रवादियों के शव बरामद हुए, जिनके पास हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए। हमले में एक सीआरपीएफ कांस्टेबल संजीव कुमार को गोली लगने से चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इस संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

जिरीबाम जिले के बोरबेक्रा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जाकुराधोर और आसपास के इलाकों में सशस्त्र उग्रवादियों के सफाए का अभियान जारी है। असम राइफल्स, सीआरपीएफ और सिविल पुलिस की अतिरिक्त टीमों को वहां भेजा गया है।

सुप्रीम कोर्ट : पटाखों पर रोक में ढील पर फटकार

# ‘प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधि को कोई धर्म नहीं देता बढ़ावा’

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**राजधानी** के कालिंदी कुंज इलाके में सोमवार को जल और वायु प्रदूषण नजर आया। एक तरफ यमुना के पानी में जहरीले झाग बने हुए थे तो हवा में धुएं के कारण दृश्यता भी कम रही।

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से नहीं लेने के लिए सोमवार को दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध पूरी तरह लागू करने के बजाय महज दिखावा किया गया। जस्टिस अभय एस. ओक और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह फोड़े जाते रहे तो नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।

पीठ ने दिल्ली पुलिस को कोर्ट के आदेश के पूर्ण पालन के लिए स्पेशल सेल बनाने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस कोई भी पटाखों का उत्पादन और बिक्री न कर सके। पीठ ने कहा, माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है। पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज्यों को यह बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या कदम उठाए। दिल्ली सरकार से कहा गया कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर फैसला करे।

### सिर्फ दिखावा किया

दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले पटाखों पर प्रतिबंध का निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद दिवाली पर खूब पटाखे छूटे। दिल्ली पुलिस के आयुक्त ने हलफनामा दाखिल कर पटाखों के उत्पादन और निर्माण को लेकर उठाए कदमों का ब्योरा दिया, लेकिन पीठ ने कहा, आपने सिर्फ कच्चा माल जब्त कर दिखावा किया। पटाखों पर प्रतिबंध गंभीरता से लागू नहीं किया।

दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए पीठ ने पूछा कि आपने पटाखों पर प्रतिबंध का ऐलान देरी से क्यों किया? जब तक सरकार ने ऐलान किया, तब तक हो सकता है कि लोगों ने पटाखे खरीदकर रख लिए होंगे।

केंद्र-राज्यों से जवाब तलब

# शराब दुकान पर आयु सत्यापन के लिए पीआइएल

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें शराब की दुकानों पर खरीदारों के उम्र की जांच की व्यवस्था करने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच में सोमवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता संस्था कम्युनिटी अगेंस्ट ड्रंकन ड्राइविंग (सीएडीडी) की ओर से कहा गया कि छोटे बच्चे बिना किसी प्रतिबंध के खुलेआम शराब खरीद रहे हैं। जिन देशों में शराब खरीदने की आयु सीमा अधिक है, वहां अपराध दर कम है। शराब खरीदने के लिए मौजूदा प्रतिबंधों को और सख्त बनाए जाएं और शराब बेचने से पहले खरीदार की आयु के सत्यापन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए जाएं।

मानहानि का मामला

# मंत्री शिवराज के खिलाफ वारंट के अमल पर रोक



**नई दिल्ली @ पत्रिका.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दो भाजपा नेताओं के खिलाफ मानहानि के मामले में निचली अदालत की ओर से जारी जमानती वारंट के निष्पादन पर रोक लगा दी। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा की शिकायत पर जबलपुर की एक अदालत ने चौहान सहित तीनों नेताओं के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ओर से मानहानि का मामला रद्द करने से इनकार करने पर चौहान, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शीर्ष अदालत में जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने तीनों नेताओं की अपील पर तन्खा को नोटिस भी जारी किया। जमानती वारंट पर रोक इस शर्त के साथ लगाई गई कि तीनों नेता अदालत के समक्ष कार्यवाही में शामिल होंगे।

विश्व उर्दू दिवस मनाया

# विपरीत हालात में भी फल-फूल रही है उर्दू



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (यूडीओ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि मौजूदा दौर में भले ही उर्दू भाषा को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि उर्दू भाषा विपरीत हालात में भी फल-फूल रही है। हम जहां भी रहें, उर्दू भाषा का प्रयोग करें, यही उर्दू की सबसे बड़ी सेवा है।

सैयद अहमद ने यह बातें बस्ती हजरत निजामुद्दीन स्थित गालिब एकेडमी में अल्लामा डॉ. मुहम्मद इकबाल के जन्मदिन के अवसर पर विश्व उर्दू दिवस के कार्यक्रम में कही। अध्यक्षीय भाषण में प्रो. अब्दुल हक ने कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि आज हम अल्लामा डॉ. इकबाल की जयंती पर विश्व उर्दू दिवस मना रहे हैं। इकबाल की शायरी में कौम की तकदीर बदलने की ताकत छिपी है, जो समय-समय पर हमें रास्ता दिखाती है। हमें लब पर आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी से आगे इकबाल को पढ़ने की जरूरत है। उर्दू अकादमी दिल्ली के उपाध्यक्ष प्रो. शाहपर रसूल ने कहा कि 27 साल पहले जो उर्दू का चराग रोशन किया था, उसकी रोशनी से उर्दू की राहे हमवार हो रही हैं। वरिष्ट पत्रकार मासूम मुरादाबादी ने कहा कि आज उर्दू की सबसे बुरी हालत उत्तर प्रदेश में है। उत्तर प्रदेश में उर्दू को सही करने की जिम्मेदारी हम सब की है। जो कौम अपनी भाषा की रक्षा नहीं करती, वह अपनी संस्कृति को नहीं बचा सकती। इससे पहले हकीम मौलाना मुर्तजा देहलवी ने कुरान की तिलावत की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की 35 महत्वपूर्ण हस्तियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पत्रकार मुहम्मद अहमद ने संचालन लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. एस फारूक, डॉ हबीबुल्लाह, समाज सेविका एडवोकेट शाहजबी रही। इसके अलावा डॉ. जकीउद्दीन, डॉ. शकील अहमद, डॉ. गयासुद्दीन सिद्दीकी समेत कई अन्य शामिल हुए।

### उर्दू की मिठास हमेशा बनी रहेगी

वरिष्ठ पत्रकार सुहैल अंजुम ने कहा कि उर्दू भाषा कोई इस्लामिक भाषा नहीं है बल्कि यह एक शुद्ध भारतीय भाषा है और सभी धर्मों के लोगों की भाषा है। उर्दू के महत्व और उपयोगिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सियासी लोगों को अपनी बात में जोर पैदा करने के लिए उर्दू शायरी का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उर्दू की मिठास हमेशा बनी रहेगी और इसके चाहने वालों की संख्या कभी कम नहीं होगी।

यूडीएफ उम्मीदवार प्रियंका गांधी के प्रचार का आखिरी दिन

# वायनाड में राहुल और प्रियंका के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** केरल के वायनाड में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव व यूडीएफ उम्मीदवार प्रियंका गांधी के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा। प्रचार के आखिरी दिन सुल्तान बत्तेरी और थिरुवंबडी में आयोजित रोड शो में सड़कों पर कई किलोमीटर तक हजारों लोगों की कतार लगी हुई थीं। खराब मौसम की परवाह किए बिना लोगों ने दोनों नेताओं का भव्य स्वागत किया।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी लोकसभा सांसद पद की उम्मीदवार हैं। मैं अपनी बहन को ‘चुनौती’ देना चाहूंगा कि वह वायनाड को सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थल बनाएं, जिसे पांच साल के अंदर भारत के साथ दुनिया भर में जाना जाए। जब लोग केरल यात्रा के बारे में सोचें तो उन्हें सबसे पहले वायनाड आना चाहिए। इससे वायनाड के लोगों और इसकी अर्थव्यवस्था को फायदा होगा, दुनिया को इसकी खूबसूरती का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि वायनाड उनके दिल में राजनीति से परे एक बहुत बड़ी जगह रखता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वायनाड की जनता प्रियंका को भारी बहुमत से जिताएगी। वहीं अपने चुनाव प्रचार के अनुभव को बताते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, मैं जिस भी व्यक्ति से मिली, उसने मुझे प्रेरित किया और मैंने वायनाड में भारत की खूबसूरती को देखा है। लोगों से मिले अपार प्यार के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रियंका ने कहा, मुझे आप सभी से बहुत प्यार मिला है। अगर आप मुझे इस प्यार का कर्ज चुकाने का मौका देते हैं, तो मैं आपके लिए अथक परिश्रम करूंगी, आपकी समस्याओं को हल करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर लड़ूंगी। उन्होंने भावुक लहजे में कहा, आपके प्यार ने मुझे पूरे चुनाव प्रचार के दौरान ऊर्जावान बनाए रखा है। संसद में आपका प्रतिनिधित्व करना और आपके व आपके बच्चों के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान होगा।

गोवा में 20 से 28 नवंबर तक फिल्म फेस्टिवल

# कांस फिल्म फेस्टिवल के समतुल्य है इंडियन फिल्म फेस्टिवल : मुरुगन

**नई दिल्ली@पत्रिका ब्यूरो.** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी ) और एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा (ईएसजी) के सहयोग से सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय 20 से 28 नवंबर तक गोवा में 55वें भारतीय फिल्म महोत्सव की मेजबानी करेगा। 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जीवंत कार्यक्रम और विविध कार्यक्रमों के साथ शुरू होने जा रहा है, जिससे वैश्विक सिनेमा के एक अविस्मरणीय उत्सव का वादा किया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने इस आयोजन को कांस फिल्म फेस्टिवल के समतुल्य बताया।

55वें आईएफएफआई को लेकर संवाददाता सम्मेलन को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, सचिव संजय जाजू, विशेष सचिव सुश्री नीरजा शेखर, महोत्सव निदेशक शेखर कपूर, सीबीएफसी के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने संबोधित किया। इस बार आईएफएफआई 2024 का थीम - ''युवा फिल्म निर्माताओं का भविष्य'' है। आईएफएफआई ने सभी कहानीकारों और सिनेप्रेमियों को सिनेमा के आनंद में शामिल होने का आह्वान किया है। राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि आईएफएफआई कान जैसे वैश्विक फिल्म समारोहों के समतुल्य है जैसा कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म प्रस्तुतियों के संबंध में प्राप्त जबरदस्त रुचि से पता चला है।

सचिव संजय जाजू ने कहा कि आईएफएफआई 2024, उभरती प्रतिभा, पहुंच और सांस्कृतिक विरासत पर ध्यान देने के साथ वैश्विक सिनेमा का उत्सव है। शेखर कपूर ने कहा कि कथा वाचन की कला को संरक्षित करना पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। आईएफएफआई 2024 इस कालातीत कला को सम्मानित और पोषित करता है।

प्रदर्शनकारियों ने कनाडा दूतावास को सौंपा ज्ञापन

# कनाडा दूतावास के सामने मंदिर हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन







पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली .** दिल्ली हिंदू सिख ग्लोबल फॉरम ने कनाडा में हुए मंदिर हिंसा को लेकर कनाडा दूतावास के सामने विरोध-प्रदर्शन किया और भारत के कनाडा के राजदूत को ज्ञापन सौंपा।

इसमें घटना की जांच और अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। विरोध-प्रदर्शन को प्रो. हरजिंदर कौर, रिटायर्ड ब्रिगेडियर पी.एस. गोथरा, सरदार तजिंदर सिंह मारवाह, सरदार जितेन्द्र सिंह संठी, सरदार चरनजीत लवली, प्रो पवनदीप सिंह खालसा और रिटायर्ड आइपीएस गुरुदेव सिंह ने संबोधित किया। विरोध प्रदर्शन में 1200 से अधिक सिख समाज के लोग शामिल हुए। इनमें से 300 से अधिक महिलाएं शामिल थीं। प्रदर्शनकारियों ने राजदूत को सौंपे ज्ञापन में कहा कि 4 नवंबर, 2024 को ब्रैम्पटन, कनाडा में एक मंदिर के पास हुई हिंसा की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। इसने दुनिया भर में हिंदू और सिख समुदायों के बीच भारी संकट और भय पैदा कर दिया है।

स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ बनाने पर जोर

# महाकुंभ में प्लास्टिक बैन, लगेंगे दोने,पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली / प्रयागराज.** महाकुंभ 2025 को योगी सरकार स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ बनाने पर जोर दे रही है। महाकुंभ को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे।

**पूरे मेला क्षेत्र में होगी सप्लाई:** प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामनों के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना है। महाकुंभ में दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की है। स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने के निर्देश जारी किए हैं। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

अत्याधुनिक सामुदायिक भवन का उद्घाटन

# दिल्ली में अद्वितीय काम हुआ, रुकने नहीं देना है : केजरीवाल

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र के बारादरी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में जो अद्वितीय काम हुआ, उसे रुकने नहीं देना है। पूरे देश में दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों और बिजली की चर्चा हो रही है, देश में एक उम्मीद बनी है, यह जारी रहनी चाहिए। हमने दिल्ली में 10 साल में मिलकर काम किए।

भाजपा उन कामों को बंद करना चाहती है। पहली बार आपने 70 में से 66 सीट दी थी, अगली बार 70 में से 62 सीट दी, इस बार उससे कम नहीं होनी चाहिए, भले ही ज्यादा हो जाए। बल्लीमारान विधायक एवं कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि दो महीने बाद दिल्ली में चुनाव हैं। इस बार हमें 70 में से 70 सीटें देने का वादा करना होगा।

**सामुदायिक भवन ग्राउंड प्लस तीन मंजिल:** सामुदायिक भवन ग्राउंड प्लस तीन मंजिल का भवन है।

सभी मंजिल एयर कंडीशंड हैं और लिफ्ट सुविधा है। यहां मात्र दो हजार रुपए किराए पर कार्यक्रम हो सकता है। भवन में एक साथ एक हजार से पंद्रह सौ लोगों के कार्यक्रम हो सकते हैं। दो हजार रुपए में फाइव स्टार जैसी सुविधाएं हैं।

आरजीएचएस... माता-पिता और सास ससुर का नाम एक ही जनाधार में होने की रखी अजीब शर्त

# बजट घोषणा के बावजूद इलाज में हो रहे परेशान





### सॉफ्टवेयर अपडेट में देरी

**इस वर्ष** के बजट में यह घोषणा की गई थी कि आरजीएचएस में सास-ससुर का भी इलाज किया जाएगा और वित्त विभाग ने 20 सितंबर को इसके आदेश जारी कर दिए थे। लेकिन अब तक आरजीएचएस योजना से जुड़े अधिकारियों ने इस आदेश का पालन नहीं किया है। सरकारी कर्मचारी पंकज मित्तल का कहना है कि विभाग से संपर्क करने पर बताया जाता है कि सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं हुआ है, इस कारण यह सुविधा लागू नहीं हो पाई है।

**नई दिल्ली/जयपुर @ पत्रिका.** राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के तहत सरकारी कर्मचारियों के माता-पिता या सास-ससुर में से एक को योजना में जोड़े जाने का प्रावधान है। इस वर्ष के बजट में सास-ससुर को जोड़ने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद वित्त विभाग ने इसके आदेश भी जारी कर दिए थे। हालांकि, सरकारी कर्मचारियों के मुताबिक, उन्हें अभी तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

आरजीएचएस के नियमों के अनुसार, यदि दोनों कर्मचारी राज्य कर्मचारी हों, तो दोनों की वेतन से कटौती की जाएगी। इसके बदले दोनों कर्मचारियों के माता-पिता का आरजीएचएस में निःशुल्क इलाज किया जाएगा। लेकिन कर्मचारियों का कहना है कि उनके माता-पिता को यह सुविधा नहीं दी जा रही है। सरकार का कहना है कि दोनों के माता-पिता एक ही जनाधार कार्ड में जुड़े होने चाहिए, लेकिन दोनों कर्मचारियों के माता-पिता का नाम एक ही जनाधार कार्ड में जुड़वाना संभव नहीं हो पा रहा है। राज्य सरकार में ऐसे हजारों कर्मचारी दंपती हैं, जो पिछले चार साल से इस सुविधा से वंचित हैं।

# भारत-श्रीलंका तटरक्षक बलों की बैठक

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली @पत्रिका.** भारतीय तटरक्षक बल और श्रीलंकाई तटरक्षक बल के बीच सोमवार को कोलंबो में 7वीं वार्षिक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों से निपटने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महानिदेशक एस परमेश ने किया, जबकि श्रीलंकाई पक्ष का नेतृत्व रियर एडमिरल वाईआर सेरासिंघे ने किया। अगली बैठक भारत में होगी।

# अनमोल पर एक करोड़ का इनाम

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली** क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने कई गैंगस्टर्स के सफाए पर इनाम का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अनमोल बिश्नोई पर एक करोड़, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा पर 51-51 लाख, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण पर 21-21 लाख रुपए का इनाम रखा गया है।

**पोलमपोल** भायो

'सड़कां' हाळी भीड़ अब, मुरधर छै नाकाम ।
टँकी-टावर आजकल, छै विरोध का धाम !!




**कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष ने पत्रिका की खबर को एक्स पर शेयर कर लिखा** लालच में फंस मत जाना औरों को भी बताना

# फर्जी डिग्री का खेल : संस्थाओं पर हो एक्शन तो थमे फर्जीवाड़ा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीकर.** पैसे दो, मनचाही डिग्री लो और इसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के खेल पर कर्मचारी चयन बोर्ड ने सख्त रुख अपना लिया है। राजस्थान पत्रिका के खुलासे के बाद कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने सोशल मीडिया एक्स पर पत्रिका का समाचार शेयर किया है।

कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष ने पत्रिका के समाचार को शेयर करते हुए लिखा है कि राजस्थान में फर्जी डिग्रियों का जमाना खत्म है। युवाओं से चयन बोर्ड अध्यक्ष ने अपील भी की है कि लालच में आकर फंस मत जाना औरों को भी बताना। गौरतलब है कि राजस्थान पत्रिका के नौ नवम्बर के अंक में 'एक महीने में तीन साल की मनचाही डिग्री, न कॉलेज जाना न परीक्षा देना' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। एक्सपर्ट का कहना है कि प्रदेश में कई भर्तियों में जाली अंकतालिकाओं का खेल सामने आ चुका है। जब तक फर्जी अंकतालिका जारी करने वालों के खिलाफ एक्शन नहीं होगा, तब तक फर्जीवाड़ा पूरी तरह खत्म नहीं हो सकता है।



एक्स पर शेयर पोस्ट

### पीटीआइ भर्ती : सामने आ चुकी जाली अंकतालिका

**कर्मचारी** चयन बोर्ड की ओर से हुई पीटीआइ भर्ती में भी बड़े स्तर पर जाली अंकतालिकाओं का खेल सामने आ चुका है। चयन बोर्ड की ओर से लगभग 300 से ज्यादा अभ्यर्थियों की अंकतालिकाओं की जांच कराई है।

### पुस्तकालयाध्यक्ष भर्ती : कई राज्य के विवि की डिग्री

**प्रदेश** में बोर्ड की ओर से पुस्तकालयाध्यक्ष की भी भर्ती हुई थी। इसमें भी जाली अंकतालिकाओं का मामला सामने आया था। वहीं कॉलेज शिक्षा की भर्ती के मामले में भी अभ्यर्थियों ने राजस्थान लोक सेवा आयोग को शिकायत दी है।

### फायरमैन : 156 से ज्यादा अपात्र घोषित

**फायरमैन** भर्ती में भी जाली अंकतालिकाओं का बड़े स्तर पर खेल सामने आ चुका है। इस भर्ती में शामिल होने के लिए कई बेरोजगारों ने जाली अंकतालिकाओं का सहारा ले लिया। इस पर चयन बोर्ड की ओर से 156 से अधिक अभ्यर्थियों को अपात्र घोषित करना पड़ा। इस मामले में प्रमाण पत्र जारी करने वाली संस्थानों की जांच जारी है।

### विज्ञप्ति के साथ शुरू हो जाता है खेल

**प्रदेश** में निजी विश्वविद्यालयों से डिग्री दिलाने का खेल नई भर्तियों की घोषणा के साथ ही शुरू हो जाता है। कई कन्सलटेंट की ओर से भर्तियों का गणित बताते हुए बेरोजगारों को नए कोर्स की डिग्री दिलाने का लालच दिया जाता है। प्रदेश में ऐसे सैकड़ों बेरोजगार है जो डिग्री तो ले आए लेकिन चयन बोर्ड सहित अन्य एजेंसियों ने दस्तावेज सत्यापन में रोक दिया। इधर, जाली डिग्रियों के मामले में कर्मचारी चयन बोर्ड पिछले दो साल से लगातार एकशन में है। चयन बोर्ड ने जाली अंकतालिकाओं के जरिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की सूची भी एसओजी को दी है।

**खंडार क्षेत्र का मामला**

## भालू ने घर में घुसकर ग्रामीण पर किया हमला

**नायपुर (सवाईमाधोपुर) @ पत्रिका** . रणथम्भौर बाघ परियोजना की खंडार रेंज के तलावड़ा नाका क्षेत्र में आने वाले काछड़ा गांव में भालू ने घर में घुसकर ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम से पहले ही भालू जंगल क्षेत्र की ओर चला गया। वनविभाग के अनुसार राजेंद्र राजपूत (42) निवासी काछड़ा सुबह अपने घर के बाड़े में था। अचानक आए भालू ने उस पर हमला कर दिया और हाथ पर दांत गढ़ा दिए। इससे हाथ में घाव हो गया और खून बहने लगा। घायल को परिजन खंडार सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी खंडार रामखिलाड़ी मीणा ने बताया कि सूचना पर गिलाई सागर नाका चौकी और तलावड़ा वन चौकी की टीम मौके पर भेजी गई।

## रेलवे आज से चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**जयपुर @ पत्रिका.** पुष्कर मेले के मद्देनजर यात्री सुविधाओं के लिए रेलवे ने अजमेर से पुष्कर के बीच तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने बताया कि अजमेर-पुष्कर-अजमेर स्पेशल ट्रेन 12 से 15 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन अजमेर से सुबह 9.30 रवाना होकर सुबह 10.40 बजे पुष्कर पहुंचेगी। पुष्कर से यह ट्रेन दोपहर 12.20 बजे रवाना होकर अजमेर पहुंचेगी। दूसरी, अजमेर-पुष्कर-अजमेर स्पेशल ट्रेन भी 12 से 15 नवंबर तक अजमेर से दोपहर एक बजे रवाना होकर दोपहर 2.15 बजे पुष्कर पहुंचेगी। पुष्कर से यह ट्रेन शाम चार बजे रवाना होकर शाम 5.10 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसके अलावा 13 से 14 नवंबर के बीच भी पुष्कर-अजमेर स्पेशल ट्रेन चलेगी। जो पुष्कर से सुबह 11.15 बजे रवाना होकर दोपहर 12.20 बजे अजमेर पहुंचेगी।

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो घायल

**पाली @ पत्रिका.** सोजत हाईवे पर सोमवार को सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सीकर निवासी ताराचंद गुर्जर (30) अपने दोस्त मुकेश मेघवाल (28) के साथ सीकर से बाइक लेकर पाली के लिए रवाना हुआ। हाईवे पर बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

**बेटियों को इंतजार,** कब सरकार की योजना बनेगी उनके लिए सहारा

# बदलता रहा साइकिलों का रंग, स्कूटियों के पास उगी झाड़ियां, बच्चियों तक नहीं पहुंचीं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**श्रीगंगानगर.** सरकार की ओर से भले ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं शुरू की जाती हैं, लेकिन अधिकतर योजनाओं का फायदा बेटियों को नहीं मिल पा रहा है। हर बार सरकार ने बेटियों को दी जाने वाली साइकिलों को रंग बदला। कभी काला तो कभी भगवा... लेकिन बच्चियों तक ये साइकिलें नहीं पहुंचीं।

आर्थिक तंगी के मारे कई परिवार की बेटियां महज इस वजह से स्कूल नहीं जा पाई क्योंकि उनके पास स्कूल तक जाने का कोई साधन नहीं है। वहीं, कालीबाई भील स्कूटी योजना और देवनारायण योजना जैसी कई योजनाओं के तहत राज्य सरकार ने छात्राओं को स्कूटी देने का काम तो शुरू किया, लेकिन मैदान में खड़ी स्कूटियों पर झाड़ियां उगी मगर बच्चियों को नहीं मिलीं।

ऐसी योजना का क्या मतलब जिसे लाभार्थी तक पहुंचने से पहले ही सियासी संक्रमण हो जाए। प्रशासनिक अड़चनों और वित्तीय कारणों के चलते योजनाओं का फायदा सभी जगह समान रूप से नहीं मिल रहा है।







### जारी किए आपूर्ति के ऑर्डर, बंटी नहीं

**स्कूली** छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल योजना भी संतोषजनक नहीं है। सरकार बदलने के बाद साइकिल का रंग काले से बदलकर भगवा रंग करने के निर्णय में समय लग गया। शिक्षा विभाग ने प्रदेश की सवा तीन लाख छात्राओं के लिए साइकिलों की आपूर्ति के वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं। विभाग ने प्रति साइकिल 3933 रुपए अदा किए हैं। पिछले साल की अवशेष साइकिलों का वितरण भी इस योजना के अंतर्गत किया जाएगा।

### बंटने के इंतजार में नौ हजार स्कूटी

**शिक्षा** विभाग स्कूटी का वितरण पुराने 33 जिलों के आधार पर ही कर रहा है। इनमें से 25 जिलों हनुमानगढ़, बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर, बाड़मेर, झालावाड़, जयपुर, भीलवाड़ा, बारां, करौली, अलवर, दौसा, पाली, बीकानेर, नागौर, कोटा, बूंदी, सीकर, चूरू, उदयपुर, सिरोही, धौलपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर व जालोर में नौ हजार से ऊपर स्कूटी वितरण के अभाव अलग-अलग जगह खड़ी धूल फांक रही हैं, जबकि झुंझुनूं, भरतपुर जोधपुर, जैसलमेर, टोंक, अजमेर, सवाईमाधोपुर, राजसमंद में कोई स्कूटी वितरण के इंतजार में नहीं खड़ी हैं।

### ई-वाउचर प्रक्रिया से भुगतान नहीं

आरसी और बीमा की प्रक्रिया पूरी हो गई है, लेकिन फर्म को ई-वाउचर प्रक्रिया से भुगतान नहीं हुआ। इस कारण स्कूटी वितरित नहीं की जा सकी है।

**मनोज बजाज,** जिला नोडल अधिकारी, श्रीगंगानगर

### कई जगह कबाड़ बनीं स्कूटी

**प्रदेश में** कई जिलों में स्कूटियों का वितरण नहीं हो रहा है। स्कूटी धूल फांक रही है या फिर कबाड़ में तब्दील हो रही है। वर्ष 2021-22 व 2022-23 की स्कूटी ई-रूपी वाउचर जारी नहीं होने के कारण अटकी हुई है। जबकि वर्ष 2023-24 की स्कूटी स्थायी सूची जारी नहीं होने के कारण अटकी हैं। कहीं मामला लाभार्थियों के क्यूआर कोड नहीं आने से बाधित है तो कहीं पर धीमी प्रक्रिया बेटियों के सपने को स्याह कर रही है।

**फोटो स्टोरी**

## पुष्कर: घाट पर पक्षियों की कलरव, कबड्डी में जोर आजमाइश





**अजमेर @ पत्रिका.** कार्तिक माह में अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में मंगलवार से पांच दिवसीय स्नान प्रारंभ होगा। सोमवार को रेतीले धोरों पर देशी-विदेशी पर्यटकों के बीच कबड्डी मैच में जोर आजमाइश चली। मेला मैदान में अश्वों ने ढोल-नगाणों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। रात को आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में विदेशी पर्यटक ने भी प्रस्तुति दी, वहीं दूसरी तरफ पुष्कर घाट पर प्रसिद्ध विदेशी पक्षी के साथ में स्थानीय पक्षी भी नजर आए।





-फोटो: दिनेश डाबी, जय माखीजा

**महात्मा गांधी स्कूलों में भर्ती का मामला**

## बोनस अंक से नियुक्ति अवैध, नए सिरे से बनाई जाए मेरिट: हाईकोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**जयपुर.** हाईकोर्ट ने महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में नियुक्ति के लिए बोनस अंक देने के प्रावधान को अवैध घोषित कर रद्द कर दिया। साथ ही, बिना बोनस अंक दिए मेरिट तैयार करने के निर्देश दिए। बोनस अंक के मामले को लेकर हाईकोर्ट ने इस भर्ती पर रोक लगा रखी थी।

न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड ने इस मामले में मोहनलाल शर्मा व अन्य की याचिकाओं पर पिछले माह सुनवाई पूरी कर ली थी, जिसका फैसला सोमवार को सुनाया। तथ्यों के अनुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग ने महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शिक्षक, प्रिंसिपल और कार्मिकों की नियुक्ति के लिए 11 जुलाई को भर्ती निकाली, जिसमें पहले से उसी जिले में कार्यरत स्थानीय कर्मचारियों को बोनस अंक देने का प्रावधान किया। भर्ती में शर्त थी कि पहले से कार्यरत कर्मचारी उसी जिले में नियुक्ति का विकल्प चुनता है तो उसे लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के अलावा 10 अंक बोनस के दिए जाएंगे। याचिकाओं में कहा कि महात्मा गांधी स्कूलों में नियुक्ति के लिए कार्मिक विभाग ने राजस्थान सिविल सर्विस (स्पेशल सलेक्शन एंड स्पेशल कंडीशन ऑफ सर्विस फॉर अपॉइंटमेंट ऑफ पर्सनल इन द इंग्लिश मीडियम स्कूल) रूल्स 2013 बनाए, जिनमें बोनस अंक देने का प्रावधान नहीं था। इसके विपरीत इस साल निकाली गई भर्ती में बोनस अंक देने का प्रावधान जोड़ दिया, जो नियम विरूद्ध हैं।

हाईकोर्ट ने कहा कि कल्याणकारी राज्य दो समान व्यक्तियों में भेदभाव नहीं कर सकता। भेदभाव किया जाना संविधान के अनुच्छेद-14 का उल्लंघन है और नियमों में बोनस अंक का प्रावधान भी नहीं है। ऐसे में केवल जिले के आधार पर बोनस अंक देना गलत हैं।

**शिक्षण संस्थाओं के लिए तय किए 9 इंडिकेटर्स**

## स्कूलों में होंगे तंबाकू मॉनिटर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बीकानेर.** सरकारी विद्यालयों में कक्षा मॉनिटर बनाया जाता रहा है, लेकिन अब तंबाकू मॉनिटर भी बनाए जाएंगे। साथ ही शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों की आचार संहिता में तंबाकू सेवन निषेध को शामिल किया है। स्कूलों को तंबाकू मुक्त करने के लिए 60 दिवसीय 'टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0' शुरू किया गया है। इसके तहत शिक्षण संस्थाओं में 9 इंडिकेटर्स तय किए गए हैं। इनकी पालना करनी होगी।

प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने सभी संयुक्त निदेशकों को भेजे आदेश में कहा कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं के लिए 9 इंडिकेटर्स के अनुसार तंबाकू मुक्त बनाना सुनिश्चित किया जाएगा।

### इंडिकेटर्स के तहत ये कार्य होंगे

1. स्कूल परिसर के अंदर तंबाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें नामित व्यक्ति की जानकारी भी होगी।
2. स्कूल प्रवेश द्वार एवं चार दीवारी पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान लिखा जाएगा।
3. स्कूल परिसर के अंदर तंबाकू के उपयोग का कोई सबूत, सिगरेट, बीड़ी गुटखा, तंबाकू के पाउच आदि नजर नहीं आए।
4. परिसर में तंबाकू के नुकसान पर पोस्टर और जागरूकता सामग्री का प्रदर्शन।
5. प्रत्येक छह माह में कम से कम एक तंबाकू नियंत्रण गतिविधि का आयोजन।
6. तंबाकू मॉनिटर का नामांकन, नाम, पदनाम और संपर्क नंबर प्रदर्शित करना।
7. शैक्षणिक संस्थान की आचार संहिता में तंबाकू सेवन निषेध शामिल करना।
8. शैक्षणिक संस्थान की चारदीवारी से 100 गज के क्षेत्र को चिह्नित करना।
9. शिक्षण संस्थान के 100 गज के भीतर तंबाकू उत्पादों की बिक्री रोकना।

**कन्हैयालाल हत्याकांड**

## मोहम्मद जावेद की जमानत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

### कन्हैयालाल के बेटे की याचिका पर एनआइए को नोटिस

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** कन्हैयालाल हत्याकांड में मोहम्मद जावेद को जमानत देने के हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। इस मामले में कन्हैयालाल के बेटे यश की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने एनआइए व जावेद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

राजस्थान हाईकोर्ट ने सितम्बर माह में मोहम्मद जावेद को जमानत दी, जिसके खिलाफ यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा है। याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से अधिवक्ता विक्रमादित्य उज्ज्वल और नमित सक्सेना ने कोर्ट को बताया कि जावेद, मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी से लगातार संपर्क में था। उसने ही कन्हैयालाल की रैकी की थी। मामले में ट्रायल जारी है और 116 गवाहों में से अभी कुछ की ही गवाही हुई हैं। मामला आतंकी घटना से जुड़ा होने के कारण गवाहों पर दवाब बनाया जा सकता हैं। ऐसे में इस तरह के मामले में जमानत का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए।

## स्लीपर कोच एसी बस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 50 से ज्यादा लोग सवार

**पाली @ पत्रिका.** सुमेरपुर कस्बे में रविवार देर रात को अहमदाबाद से दिल्ली जा रही स्लीपर कोच एसी बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। समय रहते यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात गांधी सर्किल के पास अहमदाबाद से दिल्ली जा रही निजी ट्रेवल्स की स्लीपर एसी बस में शॉर्ट सर्किट होने से इंजन में आग लग गई। चालक और परिचालक की सजगता से यात्रियों को नीचे उतार दिया गया। बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे।




**नया तरीका** वाहनों में जीपीएस का टेंडर रिन्यू नहीं होने से वन विभाग ने किया निर्णय

# रणथम्भौर : अब मोबाइल के जीपीएस से ट्रेस होंगे पर्यटन वाहन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** रणथम्भौर बाघ परियोजना में पर्यटन वाहनों में जीपीएस का टेंडर रिन्यू नहीं होने के कारण वन विभाग ने नया तरीका ईजाद किया है।

अब विभाग ने गाइड और वाहन चालकों के मोबाइल नंबरों के माध्यम से वाहनों को ट्रेस करने का निर्णय किया है। इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीओआइटी) की मदद से बने मोबाइल जीपीएस ऐप से गाइड और वाहन चालकों के नंबरों को जोड़ेगा, ताकि इस मोबाइल ऐप से पर्यटन वाहनों की लोकेशन की मॉनिटरिंग की जा सके।

***इसलिए पुराने सिस्टम से बच रहे अधिकारी:*** वर्तमान में रणथम्भौर में पर्यटन वाहनों में जो जीपीएस सिस्टम लगे हुए हैं, वह जल्दी खराब हो रहे हैं और इनको वाहनों में लगवाने में खर्च भी अधिक आ रहा है।


(फाइल फोटो)

### सैटेलाइट तकनीक पर करेगा काम

**मोबाइल** जीपीएस ऐप का संचालन सैटेलाइट तकनीक के आधार पर किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक और गाइड पार्क में प्रवेश करने के दौरान ऐप में लोकेशन को ऑन करेंगे और पार्क से बाहर आने के बाद जैसे ही लोकेशन को ऑफ करेगा तो वन विभाग के पास संबंधित वाहन चालक और गाइड की जानकारी आ जाएगी।

### आर्थिक बोझ होगा कम

**वन विभाग** का तर्क है कि नए जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम से वाहन मालिकों पर आर्थिक बोझ कम हो जाएगा, लेकिन इस तकनीक के लागू होने पर एक आशंका यह भी रहेगी कि संबंधित वाहन चालक और गाइड अपने स्थान पर अपने मोबाइल के साथ किसी और को भी पार्क भ्रमण या फिर आवंटित किए गए वाहन के स्थान पर अन्य वाहन को भी भेज सकते हैं। ऐप केवल मोबाइल के माध्यम से ही मॉनिटरिंग कर सकेगा। हालांकि वन अधिकारियों का कहना है कि एंट्री प्वॉइंट पर टिकटों और वाहनों की भी जांच की जाती है। वहीं दूसरा सवाल मोबाइल जीपीएस ऐप का डाटा कहां रिकॉर्ड और सुरक्षित होगा, ताकि किसी अनहोनी अथवा अनियमितताओं पर अंकुश लग सके। हालांकि विभाग यह कर बचाव कर रहा है कि जो भी वाहन जंगल जाएगा, उसमें बैठे गाइड और चालक दोनों के नंबर ट्रेक होने से ट्रेकिंग व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी। साथ ही डाटा पहले की तरह रिकॉर्ड होगा।

### ट्रायल के दौरान खामियों को जल्द करेंगे दूर

अब पर्यटन वाहनों में जीपीएस लगाने के स्थान पर मोबाइल जीपीएस ऐप के माध्यम से पर्यटन वाहनों की लोकेशन की मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए ऐप तैयार किया गया है। हालांकि ट्रायल के दौरान कोई खामियां सामने आती है तो उनको भी जल्द ही दूर किया जाएगा।

**प्रमोद कुमार धाकड़,** उपवन संरक्षक (पर्यटन), रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाईमाधोपुर

रेस्क्यू डॉग से मिली सेवा करने की प्रेरणा

# 10 साल से कर रहीं बेजुबानों की सेवा



जब आप कुछ अच्छा काम करने की सोचते हैं तो लोग आपके काम में कमी निकालते ही हैं। ऐसा ही कुछ हाथोज कालवाड़ रोड पर रहने वाली भारती सैनी के साथ हुआ। वे पिछले कई सालों से बेजुबानों की निस्वार्थ भाव से सेवा कर रही हैं। इस काम के लिए उन्हें आए दिन लोगों से लड़ाई करनी पड़ती है तो कभी-कभी पुलिस भी बुलानी पड़ती है। साथ ही भला-बुरा भी बोला जाता है। इसके बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी, बल्कि समय के साथ उनका बेजुबानों के लिए काम करने का मनोबल और अधिक बढ़ गया है।

### हर जीव को जीने का है हक

**भारती** ने बताया, पहले हमारे यहां शेल्टर हुआ करता था। मेरी मां रेस्क्यू कर एक डॉग घर लेकर आई थीं, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। मां की मृत्यु के 15 दिन बाद वो डॉग भी मर गया। एनिमल लवर तो मैं बचपन से थी पर शेरू की मौत ने मुझे सिखाया कि वफादारी व सच्चा प्यार किसे कहते हैं। तब मैंने बेजुबानों की सेवा करने का निश्चय किया। जब लोग बेवजह गाय या कुत्तों को मारते हैं तब मैं उन्हें समझाती हूं कि दुनिया में हर एक जीव को जीने का हक है। इसके बावजूद भी नहीं मानते तो पुलिस को सूचना देती हूं।

### सैकड़ों गायों व डॉग्स का किया रेस्क्यू

**उनका** कहना है कि 'मैं पिछले 10 साल से यह काम कर रही हूं। अभी तक सैकड़ों गायों व डॉग्स का रेस्क्यू कर चुकी हूं। 800 से ज्यादा डॉग्स की नसबंदी और टीकाकरण करवाया है। मैं भविष्य में अपना शेल्टर होम खोलना चाहती हूं जिससे सभी बेजुबानों की सेवा निस्वार्थ भाव से कर सकूं।'

ब्यूटी टिप्स

# ब्राइडल का चेहरा निखारने के लिए फॉलो करें यह टिप्स

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। ड्रीम वेडिंग हर कपल का सपना होता है। इस मौके पर सभी दुल्हनें राजकुमारी की तरह दिखना चाहती हैं, लेकिन ज्यादातर टाइम शादी की तैयारियों में ही निकल जाता है। अगर आपकी शादी का दिन भी नजदीक आ रहा है, तो घबराएं नहीं! यहां हम आपके लिए लेकर आए हैं एक्सपर्ट के बताए खास ब्राइडल ब्यूटी टिप्स, आइए जानें...



शहनाज हुसैन
ब्यूटी एक्सपर्ट



- **सिर की मालिश:** शादी के एक महीने पहले से हैड मसाज पर ध्यान देना शुरू करें। इससे बाल सिल्की व मुलायम होने लगते हैं। ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होने के साथ ही बालों को पोषण मिलता है। स्कैल्प साफ होता है और डेड स्किन भी हट जाती है।
- **स्किन क्लीन करें:** प्रोडक्ट का उपयोग स्किन टाइप के अनुसार करें। ऑयली व कॉम्बिनेशन सभी तरह की स्किन के लिए क्लींजिंग, टोनिंग व मॉइश्चराइजिंग जरूरी है। फेस क्लीन करने के लिए मुल्तानी मिट्टी, दही व शहद चेहरे पर लगाएं और कुछ देर बाद गुनगुने पानी से धो लें। ऐसा दिन में दो बार करें।
- **उबटन का सहारा लें:** बेसन, चुकंदर पाउडर, पिसी हुई मसूर की दाल, चंदन, हल्दी एवं थोड़ा सा आटा, सभी को कांच के जार में एक साथ मिला लें। इसमें कच्चा दूध या गुलाब जल डालकर पेस्ट तैयार करें। फेस पर लगाएं और सूख जाने पर उबटन हटाकर नॉर्मल पानी से धोएं। इसके बाद मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं ताकि नमी बनी रहे।

बिजनेस माइंड

# पीरियड्स से जुड़ी कुरीतियों को खत्म करने के लिए बनाई कॉमिक बुक



अदिति गुप्ता

झारखंड के गढ़वा जिले की रहने वाली अदिति गुप्ता एक सोशल एंटरप्रेन्योर हैं, उन्होंने महिलाओं में पीरियड्स से जुड़ी कुरीतियों को खत्म करने और जागरूकता फैलाने के लिए कॉमिक्स लिखना शुरू किया। इनमें वह चित्रों के माध्यम से समझाने की कोशिश करती हैं। अदिति ने इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद पीजी एनआइडी अहमदाबाद से किया और फिर समाज के लिए कुछ करने का सोचा। कॉलेज के थिसिस प्रोजेक्ट में उन्होंने पीरियड्स और उससे जुड़ी कुरीतियों पर काम किया। जिसे बाद में अपने बिजनेस मॉडल के रूप में बदल दिया। उन्होंने डॉक्टर्स, एक्सपर्ट्स व लड़कियों के साथ मिलकर रिसर्च की और कॉमिक्स बनाकर स्कूलों में बांटा। आज ये कॉमिक्स 18 भाषाओं व 25 देशों में पढ़ी जाती हैं और 13 मिलियन से ज्यादा लड़कियों को जागरूक कर चुकी हैं। 2014 में फोर्ब्स इंडिया की 30 अंडर 30 लिस्ट में उनका नाम आया।

वायरल वीडियो

# खराब फ्रिज को बनाया जूते-चप्पल का स्टेंड



**दुनिया** में जुगाड़ करने वालों की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें गजब का जुगाड़ देखने को मिला। वीडियों में एक आंटी फ्रिज के साथ नजर आ रही हैं जैसे ही वह फ्रिज का दरवाजा खोलती हैं तो उसके अंदर खाने-पीने का सामान नहीं बल्कि जूते-चप्पल रखे हुए हैं। वीडियो इंस्ट्राग्राम पर laughwith_mm19 अकाउंट से पोस्ट किया गया है। वीडियो के कैप्शन में लिखा है, 'मैं दोहराता हूं कि इंडिया बिगनर्स के लिए नहीं है।' वीडियो को आठ हजार से अधिक लोगों ने लाइक किया है। इसे देखने के बाद एक यूजर ने लिखा- गर्मी के लिए जूते। दूसरे यूजर ने लिखा- ठंडे जूते।

महिलाएं घर की सजावट के लिए तरह-तरह के क्राफ्ट और डेकोरेटिव आइटम बनाती हैं। अगर आप भी कुछ इस तरह की एक्टिविटी करती हैं तो हमें फोटो सहित बनाने की प्रक्रिया लिख भेजें। हम शी न्यूज पेज पर आपकी कला को जगह देंगे। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह **क्यूआर कोड स्कैन** करें।

पत्रिका शी न्यूज़

हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

तेल खोज में तेजी: क्रूड ऑयल-नेचुरल गैस से 4000 करोड़ रुपए का मिलेगा राजस्व, 5 माह में मिले 1271 करोड़

# ऑयल-गैस की 16605 स्क्वायर किमी में खोज, 4736 में निकासी

सुनील सिंह सिसोदिया
patrika.com

*क्रूड के 136 मिलियन बैरल और गैस के 11657 एमएमएससीएम के भंडार मौजूद, पेट्रोलियम व गैस क्षेत्र में अभी 12 हजार को मिल रहा रोजगार*



**जयपुर.** राज्य में रिफाइनरी के चालू होने से पहले क्रूड ऑयल उत्पादन बढ़ाने को लेकर लगभग 16605 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम खोज का कार्य तेज किया जा रहा है। यह खोज इस क्षेत्र के 14 ब्लॉकों में चल रही है।

प्रदेश के पांच जिलों बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और जालौर जिले के 21338 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम व नेचुरल गैस के भंडार चिन्हित किए गए थे। इसमें से अभी 4736 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र में 13 पेट्रोलियम माइनिंग लीज चल रही हैं। फिलहाल करीब 7 माइनिंग लीजों में क्रूड ऑयल और नेचुलरल गैस का उत्पादन किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट को देखते हुए पेट्रोलियम खोज के क्षेत्र में काम तेज करने के लिए कहा है। जल्द रिफाइनरी चालू होने वाली है, जिससे अधिक क्रूड ऑयल की जरूरत होगी। चालू वित्तीय वर्ष के पहले पांच माह में गत वर्ष के मुकाबले क्रूड ऑयल के उत्पादन में कमी आई है, लेकिन अब इसे बढ़ाने की तैयारी चल रही है। राज्य में अभी बाड़मेर, जैसलमेर, और बीकानेर जिलों में क्रूड ऑयल और नेचुरल गैस का उत्पादन हो रहा है। अब इन जिलों में नए क्षेत्रों के साथ ही जोधपुर और जालोर के कुछ क्षेत्र में भी ऑयल-गैस भंडार मौजूद हैं।

**लीज और खोज के लिए लाइसेंस**

13 पेट्रोलियम माइनिंग लीज (पीएमएल)
14 पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लाइसेंस (पीईएल)

**उपलब्ध भंडार...**

क्रूड ऑयल **136** मिलियन बैरल
नेचुरल गैस **11,657** एमएमएससीएम
(मिलियन मैट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर)

**क्रूड और गैस का प्रतिदिन उत्पादन**

क्रूड ऑयल • 70,000 से 78,000 बैरल
नेचुरल गैस • 3.3 से 3.4 एमएमएससीएम

**2024-25 में आय लक्ष्य 4000 करोड़**

| माह | क्रूड उत्पादन | राजस्व |
|---|---|---|
| अप्रेल | 2.47 | 279.03 |
| मई | 2.36 | 286.28 |
| जून | 2.35 | 224.17 |
| जुलाई | 2.16 | 228.59 |
| अगस्त | 2.18 | 253.62 |

*उत्पादन- मिलियन बैरल व राजस्व करोड़ रुपए में

### उत्पादन बढ़ाएंगे

**राज्य** सरकार ने हाल ही समीक्षा बैठक में ऑयल-गैस के नए क्षेत्रों में उत्पादन शुरू कराने को लेकर तैयारी तेज करने को कहा है। चालू वर्ष का राजस्व लक्ष्य भी गत वर्ष के 3500 करोड़ से बढ़ाकर 4000 करोड़ रुपए निर्धारित कर रखा है। चालू वर्ष के पांच माह में सरकार को क्रूड ऑयल उत्पादन कम होने से 1271 करोड़ रुपए का ही राजस्व मिला है। जबकि गत वर्ष के इन्ही पांच माह में 1438 करोड़ रुपए का राजस्व मिला था। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि जल्द उत्पादन में बढ़ोतरी की जाएगी।

## 25 दिन पहले घर से ड्यूटी के लिए निकला जवान लापता



**लोसल @ पत्रिका.** करीब 45 दिन की छुट्टी पूरी कर ड्यूटी के लिए घर से निकला जवान 25 दिन से लापता है। परिजनों ने लोसल थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार, सांगलिया गांव निवासी संतोष कुमार (38) पुत्र रामेश्वर लाल जाट सशस्त्र सुरक्षा बल की 15 वाहिनी यूनिट में कांस्टेबल के पद पर असम के बोगई गांव में तैनात था। जवान करीब 45 दिन की छुट्टी अपने घर पर पूरी कर 16 अक्टूबर को ड्यूटी के लिए घर से निकला था। परिजनों ने बताया कि ड्यूटी के लिए घर से निकलने के बाद जवान संतोष कुमार ने 16 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे जयपुर रेलवे स्टेशन से आखिरी बार फोन किया था। उसके बाद से उसका फोन लगातार बंद आने लगा। छुट्टी की स्वीकृत समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित विभाग की यूनिट ने जवान के घर पर फोन कर उसके बारे में जानकारी ली।

अंतिम दर्शन और विदाई देने के लिए समूचे मेवाड़ से उमड़े लोग

# पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्रसिंह की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन

**उदयपुर @ पत्रिका.** पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्रसिंह मेवाड़ की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन हो गई। सोमवार शाम 4 बजे आयड़ महासतियाजी स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र और नाथद्वारा विधायक विश्वराजसिंह मेवाड़ और पौत्र देवजादित्य सिंह ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर बड़ी तादाद में लोगों की मौजूदगी रही।

महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन पर पार्थिव देह सोमवार सुबह 8 बजे समोर बाग में अंतिम दर्शनार्थ रखी गई। करीब 11 बजे तक पहुंचे सैकड़ों लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, सीपी जोशी सहित कई जनप्रतिनिधि पुष्पांजलि देने पहुंचे। सीएम ने महेंद्र सिंह मेवाड़ के पुत्र व विधायक विश्वराजसिंह और पुत्रवधु सांसद महिमा कुमारी व अन्य परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।



पूर्व राजपरिवार के सदस्य महेंद्रसिंह मेवाड़ की डोल यात्रा में उमड़ा जनसमूह।

### सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

तय समय पर लाव लशकर के साथ शुरू हुई डोल यात्रा जगदीश चौक, घंटाघर, बड़ा बाजार, भड़भुजा घाटी, देहलीगेट, अशोकनगर रोड, आयड़ होते हुए महासतिया पहुंची। डोल यात्रा जिस मार्ग से गुजरी लोगों का हुजूम खड़ा था। पुष्प अर्पित करने के लिए लोगों में होड़ थी। इस दौरान उनके सम्मान में सभी बाजार रखे गए थे। महासतियाजी स्थल पर शाम 4 बजे मेवाड़ी सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

पत्रिका और विभिन्न सामाजिक संगठनों की पहल

# विधवा-विधुर, तलाकशुदा के पुनर्विवाह व सर्वसमाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन 17 नवंबर को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** पत्रिका समूह की ओर से 17 नवंबर को तलाकशुदा, विधवा व विधुर व्यक्ति के पुनर्विवाह एवं सर्व समाज के वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जाएगा। इस विशेषांक का मुख्य उद्देश्य पुनर्विवाह अथवा बिना किसी जाति बंधन के अपने समाज अथवा सभी समाजों में योग्य रिश्ता तलाश रहे उच्च शिक्षित प्रोफेशनल युवाओं का बायोडाटा लाखों परिवारों तक पहुंचाना और उन्हें नवीन डाटा बेस उपलब्ध करवाना है। राजस्थान के सभी संस्करणों के साथ ही भोपाल, इंदौर व रायपुर के संस्करण में प्रकाशित होने वाले इस विशेषांक के लिए 15 नवंबर की शाम पांच बजे तक रियायती दरों पर विज्ञापन बुक कराया जा सकता है।

इसके लिए पूरा नाम, शहर का नाम और कॉन्टैक्ट नंबर व्हाट्स ऐप नंबर 7733014575 पर भेज दें। पत्रिका टीम अति शीघ्र आपसे फोन पर संपर्क करेगी। इस विशेषांक के लिए विभिन्न समाजों के कई संगठन भी जुड़ चुके हैं। आप देश के किसी भी हिस्से में किसी भी सामाजिक संगठन से जुड़े हैं एवं इस मुहिम में योगदान देना चाहते हैं तो ऊपर दिए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि गत वर्ष 18 जून, 2 व 16 जुलाई, 19 नवंबर, 3 दिसंबर तथा इस वर्ष 11 व 25 फरवरी, 28 अप्रेल ,12 मई , 4 व 18 अगस्त को उक्त सभी संस्करणों में सर्व समाज व पुनर्विवाह वैवाहिक विशेषांक का प्रकाशन किया जा चुका है।

## मुंबई से गांव के लिए निकले युवक का शव मिला

**शिवगंज @ पत्रिका.** पंचायत समिति परिसर में एक बेंच पर युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, मृतक बाबूलाल देवासी मुंबई में अपने भाई के पास ही काम करता था। वह अपने घर डायलाना जाने की कहकर निकला था। पुलिस ने बताया कि संभवतः शिवगंज आने पर उसकी तबीयत बिगड़ गई। वह पंचायत समिति परिसर में आकर बेंच पर सो गया होगा। इसी दौरान मौत हो गई।

## आज का राशिफल मंगलवार, 12 नवंबर 2024

| राशि | |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* बीते हुए कल के बारे में न सोच कर आने वाले भविष्य के बारे में विचार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* समय रहते जरूरी कार्य को पूरा करें कोर्ट कचहरी के कार्य में रुकावटें आएगी। दोस्तों का सहयोग मिलेगा। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* पारिवारिक माहौल अनुकूल बना रहेगा। परिजनों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। यात्रा के योग बनेंगे। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* चिकित्सा के क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए समय उन्नति कारक है। संतान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* पारिवारिक माहौल अनुकूल रहेगा। प्रेम प्रसंग में सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। जमीन मामलों में सफलता मिलेगी। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* किसी व्यक्ति विशेष के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। व्यापार विस्तार के लिए आर्थिक मदद मिलेगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* व्यापारिक परिस्थितियां अनुकूल रहेगी। जमीन के रुके कार्य बढ़ेंगे। कोर्ट मामलों में व्यक्ति विशेष से सहायता मिलेगी। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, या, यी, यू* व्यापार में चल रही दिक्कतें दूर होगी। काम को टालना बंद करें। साझेदारी में चल रहे विवाद दूर होंगे। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* लंबे समय से रुका हुआ कार्य होने के योग हैं। दिनचर्या में बदलाव से निजी कार्य देरी से पूरे होंगे। |
| मकर | *भो, जा, जी, जू, खा, खू, गा, गी* पारिवारिक माहौल अनुकूल रहेगा। मांगलिक कार्यों में रुचि न होने से कार्य विलंब से पूरे होंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* रुका हुआ पैसा मिलेगा, पुराने मित्रों से भेंट होगी। खान-पान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धार्मिक यात्रा के योग हैं। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* अपने सूझबूझ से रुके कार्य पूरे करवा लेंगे। दोस्तों की सहायता से कार्य पूरे होंगे मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद: पं. घनश्यामलाल स्वर्णकार

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ वि. सं: | 2081 | हिजरी सम्वत : | 1446 | ऋतु: | हेमन्त |
| संवत्सर का नाम: | कालयुक्त | मु.मास: | जमादि-उल-अव्वल-9 | मास: | कार्तिक |
| शाके सम्वत: | 1946 | अयन: | दक्षिणायण | पक्ष: | शुक्ल |

**आज का दिन**

**मंगलवार, 12 नवम्बर, 2024**

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज प्रातः 09-30 से दोपहर बाद 01-31 तक क्रमशः चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-52 से सायं 04-13 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-49 से दोपहर 12-32 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के लिए अत्युत्तम हैं।

**शुभ तिथि:** एकादशी नन्दा संज्ञक शुभ तिथि सायं 04-05 तक, तदन्तर द्वादशी भद्रा संज्ञक शुभ तिथि है। एकादशी तिथि में यज्ञोपवीत, विवाहादि मांगलिक कार्य, गृहारम्भ, अलंकार, यात्रा, प्रवेश, सवारी आदि सभी कार्य शुभ होते हैं। आज तो देवउठनी एकादशी का (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त) है। जिसमें सभी शुभापेक्षित कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

**नक्षत्र:** पूर्वाभाद्रपद ''उग्र व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र प्रातः 07-52 तक, तदन्तर अन्तरात 05-40 तक उत्तराभाद्रपद ''ध्रुव व अधोमुख'' संज्ञक नक्षत्र है। इसके बाद रेवती ''मृदु व तिर्य्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र प्रारम्भ हो जायेगा। रेवती गण्डान्तमूल संज्ञक नक्षत्र भी है। उ.भा. व रेवती नक्षत्रों में सभी शुभ व मांगलिक कार्य करने योग्य हैं।

**योग:** हर्षण नामक नैसर्गिक शुभ योग सायं 07-09 तक, तदन्तर वज्र नामक नैसर्गिक अशुभ योग है। वज्र नामक योग की प्रथम तीन घटी शुभकार्यों में त्याज्य हैं।

**विशिष्ट योग :** कुमार योग व रवियोग नामक शुभ योग सूर्योदय से प्रातः 07-52 तक, तदन्तर सर्वार्थसिद्धि नामक शुभ योग अन्तरात 05-40 तक हैं।

**करण:** भद्रा संज्ञक विष्टि नामकरण सायं 04-05 तक तदन्तर बव-बालवादि करण क्रमशः हैं।

**व्रतोत्सव:** आज देवउठनी एकादशी व्रत, (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त), पण्ढरपुर यात्रा (महा) पंचक, पं. मदन मोहन मालवीय पुण्य दिवस तथा गण्डमूल प्रारम्भ अन्तरात 05-40 से।

**चंद्रमा :** चंद्रमा सम्पूर्ण दिवारात्रि मीन राशि में है।

**शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज किसी शुभ व मांगलिक कार्यादि के शुभ व शुद्ध मुहूर्त नहीं हैं।

**दिशाशूल:** मंगलवार को उत्तर दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार आज मीन राशि के चन्द्रमा का वास उत्तर दिशा की यात्रा में सम्मुख है। सम्मुख चन्द्रमा लाभदायक व शुभप्रद रहता है।

**राहुकाल** (मध्यमान से): अपराह्न 3-00 बजे से सायं 4-30 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे-** आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (दी, दू, थ, झ, ञ, दे) आदि अक्षरों पर रख जा सकते हैं। इनकी जन्म राशि मीन है। मीन राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। इनका जन्म लोहपाद से है। सामान्यतः ये जातक सुन्दर, विद्याव्यसनी, परामर्शदाता, बुद्धिमान, शत्रुजित, उदार, परोपकारी और कवि, लेखक, पत्रकार या शिक्षक आदि होते हैं। इनका भाग्योदय 27 वर्ष की आयु के बाद होना प्रारम्भ हो जाता है। मीन राशि वाले जातकों को उलझनों, झंझटों से बचना चाहिए। उधार देना हितकर नहीं होगा। पेट से सम्बन्धित परेशानी आ सकती है।

# निर्माणाधीन मकान की पट्टियां टूटकर गिरी, बालिका की मौत

**जोधपुर @ पत्रिका.** करवड़ थानान्तर्गत दईजर गांव की नई बस्ती में निर्माणाधीन मकान की पट्टियां टूटकर गिरने से एक बालिका की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नई बस्ती निवासी सुनील जोशी के मकान में दो कमरे बने हुए हैं। दो अन्य कमरों का निर्माण कार्य चल रहा है। कमरों पर पत्थर की पट्टियां डाली हुई हैं। इन्हीं में से एक कमरे में रात को घरवाले सोए हुए थे। सुबह चार बजे मकान की पट्टियां अचानक टूटकर घरवालों के ऊपर गिर गई। प्रेक्षा (7) पुत्री सुनील जोशी, दादी मंजू पत्नी मनोहरलाल व बुआ रवीना (23) के सिर पर पट्टियां गिरीं। इससे तीनों गंभीर घायल हो गई। खून अधिक बहने से प्रेक्षा की मौके पर ही मौत हो गई।

सात सीटों पर उपचुनाव | 700 से ज्यादा बूथ संवेदनशील, 900 से ज्यादा मतदाताओं में खौफ

# खींवसर-दौसा-रामगढ़ में सबसे ज्यादा संवेदनशील मतदान केन्द्र

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जयपुर.** राज्य की सात विधानसभा सीटों के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा, लेकिन खींवसर, दौसा और रामगढ़ विधानसभा सीट पर उपचुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए चुनाव आयोग के सामने बड़ी चुनौती रहेगी। यह सीटें आयोग ने पहले ही अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखी हैं। इसके अलावा आयोग ने 900 से ज्यादा मतदाता ऐसे चिन्हित किए हैं, जो भयग्रस्त हैं। इनको पुलिस सुरक्षा में मतदान केन्द्रों तक पहुंचाया जाएगा।




**43 कंपनियां और 17 बटालियन होंगी तैनात**




चुनाव आयोग ने 700 से ज्यादा मतदान केन्द्र (बूथ) संवेदनशील श्रेणी में रखे हैं। जिनमें खींवसर के लगभग सभी मतदान केन्द्र शामिल हैं। इसके बाद दौसा, रामगढ़ में भी संवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या ज्यादा है। इसके अलावा आयोग ने खींवसर, दौसा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव के दौरान जमकर पैसा बहाए जाने का अंदेशा व्यक्त किया है। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए केन्द्रीय बलों की 43 कंपनियां व आरएसी की 17 बटालियन तैनात की जा रही हैं।

**ये है स्थिति**

**खींवसर**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 200 से अधिक
भयग्रस्त मतदाता- **यहां खुलासा नहीं किया गया है।**

**सलूम्बर**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 49
अति संवेदनशील मतदान केन्द्र- 10
भयग्रस्त मतदाता- 49

**देवली-उनियारा**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 10

**रामगढ़ अलवर**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 154
भयग्रस्त मतदाता- 27

**दौसा**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 192
भयग्रस्त मतदान केन्द्र- 76
भयग्रस्त मतदाता- 840

**झुंझुनूं**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 49

**चौरासी**
संवेदनशील मतदान केन्द्र- 103

## हवन-यज्ञ के बाद कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का श्रीगणेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अमरोहा .** मध्य उत्तर भारत के पवित्र कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान तिगरीधाम राजकीय मेले का विधिवत श्रीगणेश सोमवार को हो गया। ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु परिवार मेले में पहुंच चुके हैं।

कार्तिक पौर्णिमा का मुख्य स्नान पर्व इस बार 15 नवंबर को है। मेला प्रशासन द्वारा देवोत्थान एकादशी पर सोमवार को गंगा की जलधारा में दुग्धाभिषेक और हवन-यज्ञ के बाद कार्तिक पौर्णिमा गंगा स्नान मेले का श्रीगणेश हो गया।

ग्रामीण श्रद्धालुओं ने यज्ञ-हवन प्रसाद वितरण के दौरान किसान की खुशहाली और सकुशल मेला संपन्न होने की कामना की गई। मेले में लोग परिवार सहित पहुंचे।

झारखंड के भवनाथपुर, हुसैनाबाद, पांकी और लातेहार में जनसभा में बोले सीएम

# रांची, पटना, दिल्ली में 3 परिवारों ने गरीबों को लूटा : योगी

### जब भी बंटे हैं, निर्ममता से कटे हैं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे.. नारे बुलंद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com





**रांची/लखनऊ.** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भवनाथपुर, हुसैनाबाद, पांकी और लातेहार में जनसभाओं को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा कि, आज देश का हर राजनीतिक विश्लेषक बोल रहा है कि 23 नंबर को झारखंड में कमल खिलने जा रहा है।

उन्होंने हरियाणा का जिक्र करते हुए कहा कि, हरियाणावासियों ने विकास के आधार पर तीसरी बार कमल खिलाने का काम किया है। सीएम योगी ने अपील की, कि झारखंड को विकसित प्रदेश बनाना है तो, यहां डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। उन्होने कहा कि, जब भी बंटे है, निर्ममता से कटे हैं, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

उन्होंने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, पिछले 5 सालों से प्रदेश की जनता ने भ्रष्टाचार और अराजकता को देखा है। लेकिन दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लोक कल्याणकारी और विकास के कार्य हो रहे हैं। हेमंत सरकार और उनके मंत्रियों ने झारंखड के संसाधनों पर लूट मचा रखी है। झारखंड के युवा, किसान और हर पिछड़ा वर्ग भ्रष्टाचारी सरकार से त्रस्त है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों के लिए मुफ्त में राशन देने की शुरुआत की, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ लोगों को लाभ मिला है।

**सुरक्षा, सम्मान और सुशासन:** उन्होंने कहा कि, सुरक्षा, सम्मान और सुशासन सिर्फ भाजपा ही दे सकती हैं। सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना लागू की जाएगी, जिसके तहत हर महीने बहनो-माताओं को 2100 रुपए देने का काम करेंगे। लक्ष्मी जोहार योजना के तहत 500 रुपए में गैस का सिलेंडर देने का काम करेंगे, इसके अलावा साल में दो बार मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। बेरोजगार युवाओं को 2 हजार रुपए महीने 2 साल तक भत्ता दिया जाएगा। 21 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

**योजनाएं गिनाने के बहाने साधे निशाने**

**10 करोड़** गरीबों के घर में शौचालय का देने का काम किया, 10 करोड़ लोगों के घर में उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान नीधि का लाभ मिला है। देश के 50 करोड़ गरीबों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं देने का काम भाजपा ने किया है। सीएम योगी ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कह कि, कांग्रेस-झामुमो-आरजेडी देश और प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरा है। तीन परिवार गरीबों को लूट रहे हैं, एक परिवार रांची में बैठा है-दूसरा पटना में बैठता है और तीसरा परिवार दिल्ली में बैठता है। ये तीनों परिवार सिर्फ अपने परिवारवाद का विकास करते है गरीबों और दलितों का नहीं। झारखंड में लूटेरी सरकार ने भू-माफियाओं का अड्डा बना रखा है, घुसपैठिओं को वोट बैंक के लिए अराजकता फैलाने की छूट दे रखी है।

**गुंडों-माफियाओं का उपचार करेगी भाजपा**

**उन्होंने** कहा कि,यूपी में भाजपा की सरकार है। वहां कोई सुरक्षा में सेंध नहीं लगाता, मां-बहन की इज्जत पर हाथ डालने वालों, सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सीधे यमराज के घर का टिकट कट जाता है। भाजपा की सरकार बनने के बाद पत्थरबाजों का उपचार हो जाएगा। गुंडों और माफियाओं का उपचार भी भाजपा की सरकार कर देगी। उन्होंने कहा कि बेटी और व्यापारियों को सुरक्षा और गरीब को सम्मान मिलेगा। भाजपा की सरकार गरीबों को योजनाओं का लाभ देकर झारखंड को विकसित राज्य बनाएगी।

दामाद पर लगाया ट्रेक पर फेंकने का आरोप

# ट्रेन से कटकर मां-बेटी की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इटावा.** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर फर्रूखाबाद रेलवे फाटक के करीब गर्वा स्पेशल ट्रेन की चपेट में आने से मां बेटी की दर्दनाक मौत हो गई है। जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मां बेटी की मौत के बाद दामाद पर रेलगाड़ी के नीचे फेंकने का आरोप परिजनों की ओर से लगाया जा रहा है। पुलिस पूरे मसले को लेकर गहनता से जांच करने में जुटी हुई है।

राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को एक महिला अपनी बेटी और बहन के साथ डाउन लाइन पार कर रही थी, उसी समय हादसा हो गया।

इटावा शहर के मेवाती टोला की रहने वाली 30 वर्षीय सोनम देवी अपने मायके अशोक नगर शहरिया अड्डा गूलर आई हुई थीं। रविवार को वहां से बाजार करने के लिए अपनी बहन 24 वर्षीय लक्ष्मी देवी के साथ बाजार करने गई थीं। शाम 6 बजे के आसपास बाजार करके घर लौट रही थीं। उसी समय हादसा हो गया।

**दहेज प्रताड़ना का आरोप**

**जीआरपी** थाने पहुंची मृतका की मां मीरा देवी कठेरिया ने बताया कि उनकी छोटी बेटी लक्ष्मी की शादी के बाद से बड़ी बेटी सोनम का पति बृजेंद्र और ससुराली अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे थे। सोनम करीब तीन साल से मायके में रह रही थी। भाई दौज पर सोनम को लेकर ससुराल गए थे, लेकिन पति और ससुरालियों ने भगा दिया था। आरोप है कि रविवार शाम सोनम के पति ने फोन करके बुलाया था। तभी ट्रेन के सामने ले जाकर धक्का दे दिया, जिससे सोनम और मानसी की मौके पर मौत हो गई।

## आमजन की समस्याओं को लेकर सपा ने दिया धरना, किया प्रदर्शन

राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**रायबरेली @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के रायबरेली में समाजवादी पार्टी (सपा) ने आमजन की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी पैदल चलकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। कलक्ट्रेट परिसर में सपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि किसानों को रबी की फसल की बुआई में डीएपी, यूरिया खाद के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। किसी भी सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है और किसानों की खतौनी में अंश निर्धारण में भारी अनियमितता कर राजस्वकर्मी उनका शोषण कर रहें हैं। जिले की अधिकांश सड़कें गड्ढायुक्त होकर क्षतिग्रस्त हैं। जिले में मनरेगा योजना में मज़दूरों को कार्य का भुगतान नहीं हो पा रहा जैसी अनेकों जनसमस्याओं को लेकर जनता परेशान है।

शहीद भगत सिंह के भतीजे संधू ने जताई नाराजगी

# लाहौर के सादमान चौक का नाम भगत सिंह नहीं रखा

### पाक यात्रा में प्रतिमा लगाना भी हुआ था तय

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सहारनपुर.** पाकिस्तान में लाहौर के सादमान चौक का नाम सरदार भगत सिंह के नाम पर नहीं करने और उनकी प्रतिमा स्थापित करने की योजना को लाहौर जिला प्रशासन ने रद्द करने पर सहारनपुर में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह संधू ने कड़ी नाराजगी और अफसोस जताया।

भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान के अध्यक्ष इम्तियाज रशीद कुरैशी के प्रयासों से सादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने, वहां उनकी प्रतिमा लगाने की योजना बनाई गई थी। कुछ वर्ष पूर्व भगत सिंह के भतीजे और उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सरदार कुलदास सिंह के बेटे सरदार किरणजीत सिंह संधू और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सहारनपुर के विधायक रहे संजय गर्ग और अन्य कई प्रमुख लोग लाहौर गए थे। लाहौर के भगत सिंह समर्थक लोगों ने चौक का नामकरण और प्रतिमा लगाने का फैसला किया था।

### अपराधी, आतंकवादी बताने पर जताया रोष

**सरदार किरणसिंह संधू** ने कहा कि हैरत की बात यह है कि वहां के एक व्यक्ति मजीद ने कहा कि भगत सिंह क्रांतिकारी नहीं बल्कि अपराधी और आतंकवादी थे। एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी की हत्या के अपराध में भगत सिंह को उनके दो साथियों के साथ फांसी दी गई थी। इन्हीं मजीद और भगत सिंह विरोधियों ने अब कहा है कि गैर सरकारी संगठन भगत सिंह फाउंडेशन इस्लामी विचारधारा और पाकिस्तान संस्कृति के खिलाफ काम करता है जिस पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। सरदार किरणजीत सिंह संधू ने कहा कि सारी दुनिया जानती और मानती है कि सरदार भगत सिंह स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी और प्रबल सेक्यूलर विचारधारा के क्रांतिकारी नेता थे।

## ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**छपरा .** बिहार के सारण जिले में गोल्डनगंज-सोनपुर तथा छपरा-सीवान रेलखंड पर ट्रेन से कटकर एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी। सोनपुर राजकीय रेल थाना के अनुसार अवतार नगर स्टेशन के समीप गोपालपुर रेलवे गुमटी के पास एक अज्ञात महिला (60) का शव बरामद कर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पायी। इसी तरह छपरा-सीवान रेलखंड के महेंद्र नाथ हाल्ट स्टेशन के समीप एक अज्ञात का शव देखकर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है।

# जश्न मनाकर लौटते बर्थ डे ब्वॉय की हादसे में मौत

### पिकअप वाहन के कट मारने से अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी




**जमुई.** बिहार में जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि सोनो-खैरा मुख्य मार्ग पर नरियाना पुल के समीप रविवार देर रात सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी।

जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों की पहचान अयोध्या गांव निवासी उज्जवल कुमार उर्फ रौनक तथा गौरव कुमार उर्फ गोलू के रूप में की गई है। रविवार को रौनक का जन्मदिन था। जन्मदिन की पार्टी मनाने के बाद भंडरा गांव निवासी अपने दोस्त अंशु को छोड़ने के लिए सभी युवक अलग-अलग बाइक पर सवार होकर भंडरा जा रहे थे। इसी दौरान जब वे नरियाना पुल के करीब से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रही पिकअप ने उनके वाहन को चकमा दिया। जिससे सभी की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने रेलिंग को तोड़ते हुए गड्ढे में जा गिरीं। इस घटना पर रौनक और गौरव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भंडरा गांव निवासी अंशु कुमार, खैरा निवासी सुजय कुमार तथा शिवम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

## एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशिप का उद्घाटन



**राजगीर** के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशिप 2024 का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय कर जीत की शुभकामनाएं दी।

## बकायादारों के घर के बिजली कनेक्शन काटे, अंधेरा छाया

**कुशीनगर @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में त्योहारी मौसम के खत्म होने के साथ ही विद्युत विभाग ने एक बार फिर से बिजली बिल के बकायादारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में सोमवार को 18 घरों के कनेक्शन काटे गये हैं।

पडरौना के अधिशासी अभियंता संजय सागर ने बताया कि चेकिंग के दौरान विद्युत बिल बकायेदार 23 उपभोक्ताओं द्वारा 3,12,523 रुपए जमा किए गए। जबकि 7,52,653 रुपए के बकाए में 18 की लाइन काट दी गई।

# कौशांबी में बालिका से दुष्कर्म, एक आरोपी गिरफ्तार

### देर रात अचेत अवस्था में मिली बालिका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कौशांबी .** उत्तर प्रदेश को कौशांबी जिले के मोहब्बतपुर पइन्सा थानाक्षेत्र के एक गांव में कल रात पड़ोस में बारात देखने गई सात वर्षीय बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना दर्ज हुई है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मोहब्बतपुर पइन्सा थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को एक घर में बारात आई थी। पीड़िता बारात देखने गई थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। इस दौरान पीड़िता बेहोशी हालत में गांव के बाहर ईदगाह के पीछे बाग में मिली। परिजन मौके उसे उठाकर घर ले आए होश आने पर उसने बताया कि गांव के ही दो लड़कों उसे अपने साथ लेकर गए और उसके साथ दुष्कर्म किया है। परिजन पीड़िता को लेकर थाना पहुंचे और दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

**नाबालिग बहनों संग रेप के आरोपी को 20 साल की सजा**

**कौशांबी @ पत्रिका.** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक अदालत ने नाबालिग दो सगी बहनों के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष के कारावास तथा 10 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार 20 जून 2022 को एक महिला ने शिकायत दी थी कि उसकी दो नाबालिग बेटियां जामुन खाने घर से गई हुई थी। वहां पहले से मौजूद शहंशाह दोनों बहनों को खींचकर झाड़ी में ले गया और बारी-बारी से दोनों के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया। मामले की सुनवाई स्पेशल जज पाक्सो अशोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने करते हुए आरोपी को दुष्कर्म के प्रकरण में दोषी पाया। अदालत ने अभियुक्त को 20 वर्ष की कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

# बेटे की हत्या के सदमे से मां की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बरेली.** बरेली के पुष्पेंद्र हत्याकांड के बाद सदमे में उसकी मां नारायणो देवी की भी मौत हो गई। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक वह एसएसपी कार्यालय में ही धरना प्रदर्शन करेंगे। हालांकि बाद में, एसएसपी के आश्वासन पर शव को दाह संस्कार के लिए ले गये।

एसएसपसी आफिस पहुंचे परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि पुष्पेंद्र की हत्या के गम में उनकी मां की मौत हो गई। परिजनों ने एसएसपी दफ्तर के बाहर एंबुलेंस में शव रखकर आरोपियों को पकड़ने की मांग की। परिजनों ने कहा जब तक पुष्पेंद्र के हत्यारोपी पकड़े नहीं जाएंगे तब तक यहीं धरना देंगे। एसएसपी ने अश्वासन दिया है कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करेंगे।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, हत्या करना स्वीकारी**

**पुष्पेंद्र हत्याकांड** के तीन और आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में तीनों ने कुबूल किया कि पुष्पेंद्र उनके खिलाफ चल रहे दो मुकदमों में गवाह थे। इनमें से विनोद की हत्या के केस में सजा होने के डर से उन्होंने हिस्ट्रीशीटर पूरनलाल के घर में बैठकर पुष्पेंद्र की हत्या की।

# बस की चपेट में आने से एक जने की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बस्ती.** उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में दुबौलिया थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर सोमवार को एक बस ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया है कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर राजकिशोर निवासी ग्रामविशुनपुर जा रहे थे। तभी पीछे सवारी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राजकिशोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है। स्थानीय लोगों ने बस चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# टूटी रेल पटरी देख लाल कपड़ा लहराया, ट्रेन हादसा टला

### एक घंटे तक रेल यातायात प्रभावित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के छपरा- वाराणसी रेलखंड पर सोमवार के अहले सुबह ट्रेन हादसा होने से बच गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे छपरा जंक्शन के अनुसार पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गाजीपुर सिटी जाने वाली ट्रेन छपरा जंक्शन से रवाना हुई। इस दौरान गौतम स्थान स्टेशन के समीप सेंगर टोला गांव के पास रेलवे ट्रैक लगभग चार इंच टूटा हुआ था। यहां से उस समय ट्रेक के गुजरने का समय हो गया था, यह सोच गेटमैन चिंतित हो गया।

**इमरजेंसी ब्रेक लगाया**

वहां से गुजर रहे ट्रेक मैन ने टूटी रेल पटरी को देखते ही लाल कपड़े को लहराकर ट्रेन को टूटी हुई पटरी के पास आने से पहले रोकने का प्रयास किया। लाल कपड़े को देखकर ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा ट्रेन को रोका। उन्होंने मामले की सूचना छपरा जंक्शन कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची रेलवे टीम ने करीब एक घंटा मेहनत कर यातायात सुविधा को बहाल किया। इस दौरान वहां से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेन को अलग अलग स्टेशनों पर खड़ा किया गया।

## चोरी की तीन बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

गांव में छापेमारी कर दबोचा

**छपरा @ पत्रिका.** बिहार में सारण जिले की अमनौर थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक एवं मोबाइल फोन बरामद कर दो चोरों को गिफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि मणि सिरिसिया गांव में छापामारी कर दो अभियुक्त मढ़ौरा थाना क्षेत्र के वैश्य टोला गांव निवासी विकाश कुमार उर्फ मिशरी तथा टेहटी गांव निवासी सिट्टू कुमार को चोरी की बाइक और चार मोबाइल बरामद कर दो चोरों को गिरफ्तार किया गया हैं। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर पूर्व में लूटी गई दो अन्य मोटरसाइकिल भी बरामद की गयी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सीएम ने जरूरतमंद लोगों को पूर्ण वित्तीय सहायता का दिया आश्वासन

# पारिवारिक समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान होगा : सीएम

### गोरखपुर में जनता दर्शन में उमड़े फरियादी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**गोरखपुर.** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि किसी भी भूमि अतिक्रमण या धमकाने के मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पारिवारिक विवादों के लिए शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए संबंधित पक्षों के बीच बातचीत और मध्यस्थता पर जोर दिया जाएगा। वे सोमवार को गोरखपुर में जनता दर्शन में सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता मांगने वाले व्यक्तियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके सभी चिकित्सा खर्चों को वहन करेगी, जिससे उन्हें शीर्ष अस्पतालों में इलाज मिल सके।

झारखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए रवाना होने से पहले उन्होंने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात की, उनकी चिंताओं को सुना और उन्हें त्वरित और प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। योगी ने कहा कि किसी को भी चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

**पात्र व्यक्ति को मिलेगी पर्याप्त सहायता**

**योगी** ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है और जिन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है, उनके लिए प्रक्रिया में तेजी लाएं, ताकि उन्हें समय पर सहायता मिल सके। उन्होंने कहा 'प्रत्येक पात्र व्यक्ति की सहायता के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।'

**इलाज का खर्च वहन करेगी सरकार:** इस सत्र के दौरान, एक महिला ने मेदांता अस्पताल में अपने परिवार के सदस्य के इलाज के लिए अपनी वित्तीय कठिनाइयों को साझा किया। सीएम ने हार्दिक समर्थन के साथ जवाब दिया, उसे भर्ती होने के बाद अस्पताल से अनुमान प्राप्त करने की सलाह दी और उसे आश्वासन दिया कि सरकार इलाज का खर्च वहन करेगी।

**गुरु गोरखनाथ को नमन किया:** गोरखनाथ मंदिर मेंयोगी ने दिनचर्या का पालन किया। गुरु गोरखनाथ को नमन कर और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की समाधि पर जाने के बाद, उन्होंने मंदिर परिसर का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर की गौशाला में कुछ समय बिताया, जहां उन्होंने गायों को प्यार से गुड़ खिलाया और उनकी निरंतर भलाई के लिए देखभाल करने वालों को आवश्यक निर्देश दिए।

दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार

# सड़क दुर्घटना में दादा-पोता की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मधेपुरा.** बिहार में मधेपुरा जिले के भर्राही थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति और उसके पोता की मौत हो गयी।

पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 107 पर दीनापट्टी और चांदनी चौक के बीच रविवार रात अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक पर सवार दादा-पोता की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भर्राही थाना क्षेत्र के तुलसीबारी मलिया, वार्ड नौ निवासी सिंहेश्वरी मंडल (60) और उनके पोते पुरुषोत्तम कुमार (22) के रूप में की गयी है। सिंहेश्वरी मंडल अपने पोते पुरुषोत्तम के साथ बेटी के यहां छठ का प्रसाद देने मुरलीगंज गये थे। वहां से लौटने के दौरान दीनापट्टी के पास अज्ञात वाहन चालक उनकी बाईक में टक्कर मार दी और फरार हो गया।

घटना से आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 107 को जाम कर दिया। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम को समाप्त कराया।

## वैन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

### घायल युवक गंभीर हालत में पटना रैफर

**छपरा @ पत्रिका.** बिहार में सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में सड़क दुघर्टना में एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि बाड़ोपुर गांव निवासी विजेंद्र सिंह की पत्नी गायत्री देवी (63) अपने पुत्र के साथ बाइक से देर रात घर वापस लौट रही थी। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर तेज गति से आ रहे अनियंत्रित पिकअप वैन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में महिला और उसका पुत्र दोनों घायल हो गए।

जिन्हें इलाज के लिए बनियापुर रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सक ने उन्हें पटना रैफर कर दिया। पटना जाने के दौरान रास्ते में ही उक्त महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस घायल युवक के बयान पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# सख्ती अपनी जगह, प्रदूषण रोकथाम के हों ठोस उपाय

अदालतें दिल्ली में पटाखों को प्रतिबंधित करने को लेकर सरकार को निर्देश देते-देते भले ही थक गई हों लेकिन इन निर्देशों को हर बार हवा में उड़ाने में जिम्मेदार पीछे नहीं रहते। सोमवार को एक बार फिर देश की सबसे बड़ी अदालत ने दिल्ली पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए टिप्पणी कर डाली कि पुलिस की कार्रवाई दिखावा भर है। अदालत ने सख्त रवैया अपनाते हुए साफ कहा कि 'पुलिस प्रतिबंधों को गंभीरता से लागू करने में विफल रही है।' सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से 25 नवंबर से पहले दिल्ली में एक साल के लिए पटाखों पर प्रतिबंध का फैसला लेने को कहा है।

अदालत का यह कहना सही है कि साफ हवा में सांस लेना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। पर दिल्ली ही नहीं, समूचे देश में दिवाली पर ही नहीं बल्कि हर खुशी के मौके पर आतिशबाजी आम है। फिर चाहे यह मौका शादी-विवाह का हो, क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की जीत की खुशी का हो या फिर नए साल के स्वागत का। अदालतें ही नहीं, देश का आम आदमी भी बढ़ते प्रदूषण से परेशान है। देश भर में सांस के मरीजों की संख्या भी साल-दर साल बढ़ रही है। हां, इतना जरूर है कि दिल्ली का संकट बाकी जगहों से ज्यादा है। पर इस तथ्य के दूसरे पहलू पर भी गौर करना आवश्यक है। देश आज सिर्फ वायु प्रदूषण से ही नहीं, बल्कि ध्वनि और जल प्रदूषण की मार से भी जूझ रहा है। ये प्रदूषण लाइलाज बीमारियों का सबब बनते जा रहे हैं। इन बीमारियों की रोकथाम सिर्फ अदालती निर्देशों से ही नहीं की जा सकती है। दिल्ली में पटाखों पर पूरे साल के लिए प्रतिबंध लगाना कितना आसान होगा, इस बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है लेकिन देश के अन्य हिस्सों में भी पटाखों का प्रदूषण रहित स्वरूप और सीमित रूप में इस्तेमाल कैसे हो इस बारे में विचार जरूर किया जाना चाहिए, क्योंकि आतिशबाजी को खुशियों से जोड़ा जाता रहा है। वायु प्रदूषण के दूसरे कारणों की अनदेखी भी नहीं की जा सकती।

सिर्फ पुलिस के भरोसे दिल्ली में पटाखों पर साल भर के लिए प्रतिबंध लगाना समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। सभी सम्बद्ध लोगों और संगठनों को विश्वास में लेकर कोई बीच का रास्ता भी तलाशना होगा, क्योंकि दिल्ली में वाहनों के इस्तेमाल, पटाखों के निर्माण और आतिशबाजी को लेकर पहले भी कानून-कायदे बनाए गए हैं। सख्ती के बावजूद इन नियम-कायदों की पालना नहीं हो पाती है। दिल्ली के पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की समस्या बरकरार है। प्रदूषण फैलाते वाहन हों, पराली हो या फिर आतिशबाजी, महज चेतावनियों से समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

**जलवायु परिवर्तन:** उपभोक्तावादी संस्कृति से ऊपर उठकर समग्र, सतत और समेकित विकास को अपनाने की पहल हो

# धरातल पर नीति परिवर्तन का माध्यम बने सीओपी



डॉ. विवेक एस. अग्रवाल
संचार और शहरी स्वास्थ्य विशेषज्ञ
@patrika.com

**जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) के पक्षकारों का 29वां सम्मेलन (सीओपी-29) अजरबैजान की राजधानी बाकू में 11 से 22 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।**

पिछले वर्ष प्राकृतिक आपदाओं के कारण कम से कम 12000 व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ी जो उससे पूर्व के वर्ष की अपेक्षा लगभग एक तिहाई अधिक थी। बढ़ते तापमान और बढ़ती प्राकृतिक त्रासदियों के बीच जलवायु परिवर्तन पर चिंता भी बढ़ती जा रही है। बाकू में सीओपी-29 के दौरान बड़ी-बड़ी बातें होंगी और अगले साल फिर मिलने का वादा भी होगा। सीओपी को दिशाहीन तो पर्यावरण कार्यकर्ता पहले से मानते रहे हैं, इसका सफर का अंत भी दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। दुनिया में कुछ हिस्से जल रहे हैं तो कुछ डूब रहे हैं। कमोबेश सब ओर अस्तित्व को बचाने का संघर्ष जारी है। चुनौतियां कई हैं, नियंत्रण की संभावनाएं भी अनेक हैं, पर सबसे बड़ी समस्या संसाधनों को लेकर है।

जलवायु में परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक आज भी जीवाश्म ईंधन है जिसका इस्तेमाल ऊर्जा उत्पादन के प्रमुख स्रोत के तौर पर जारी है। यही हाल रहा तो अगली सदी के शुरू होते-होते तापमान की वृद्धि ढाई से तीन सेल्सियस तक हो जाएगी जो तय लक्ष्य से लगभग दोगुनी होगी। यदि इसी गति से तापमान वृद्धि जारी रही तो आर्थिक, भौगोलिक और सामाजिक हानि के साथ सृष्टि की जैव विविधता पर भी विषम प्रभाव पड़ेंगे। भले ही तापमान में हो रही वृद्धि का एहसास हमें न हो रहा हो किंतु आपदाओं से सभी वाकिफ हैं। आशंका तो इस बात की है कि कहीं तापमान इतना ना बढ़ जाए कि उसे कम करना लगभग असंभव हो जाए। वह स्थिति विनाश की ओर ले जाएगी।

हाल ही संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने 'नो मोर हॉट एअर... प्लीज' शीर्षक से जारी 'इमिशंस गैप रिपोर्ट-2024' में राष्ट्रों से कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए उनके अपने-अपने निर्धारित योगदान को लेकर और बेहतर वायदे का आह्वान किया है। इसके अनुसार, यदि तापमान लक्ष्य डेढ़ डिग्री सेल्सियस को हासिल करना है तो उत्सर्जन में 2030 तक 42 प्रतिशत और 2035 तक 57 प्रतिशत तक की कटौती आवश्यक है। यह तभी संभव है जब समस्त राष्ट्र ऊर्जा उत्पादन के लिए सूर्य और वायु को प्रमुख स्रोत बनाते हुए वन क्षेत्र का विस्तार करने को अधिकाधिक प्रोत्साहन दें। निर्माण, परिवहन और उद्योगों को भी पर्यावरण सम्मत बनाने की नितांत आवश्यकता है। इस बाबत राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर नीतिगत परिवर्तन के साथ आमजन को भी उपभोक्तावादी संस्कृति से ऊपर उठकर समग्र, सतत और समेकित विकास को अपनाने की पहल करनी होगी। औद्योगिक राष्ट्रों और अधिक उत्सर्जन करने वालों से अपेक्षित है कि वे जवाबदेही से दूर भागते हुए विकासशील व अल्प-विकसित राष्ट्रों को नियंत्रण का सबक ही न सिखाएं बल्कि वे जो क्षति पर्यावरण को पहुंचा रहे हैं, उसके एवज में संतुलन कायम करने के लिए आर्थिक सहयोग दें। शर्म अल-शेख में हुए सीओपी-27 में भारत की प्रस्तावना पर हानि एवं क्षति पूर्ति हेतु कोष स्थापना पर सहमति बनी थी और दुबई के सीओपी-28 में संयुक्त अरब अमीरात ने 10 करोड़ अमरीकी डॉलर के प्रारंभिक योगदान से इसकी शुरुआत भी की थी पर इसे अपेक्षित प्रतिसाद नहीं मिला।

दुनिया में सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन की दृष्टि से भारत तीसरे स्थान पर है। प्रति व्यक्ति उत्सर्जन दर के आधार पर हम दुनिया में 125वें स्थान पर हैं। हालांकि हमारा प्रति व्यक्ति उत्सर्जन वैश्विक औसत का 43 प्रतिशत है। लेकिन चिंता का विषय यह है कि गत 24 वर्षों में इसमें 119 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सन् 2000 में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष उत्सर्जन लगभग एक टन था, जो बढ़ कर दो टन से अधिक हो गया है। वर्ष 2023 में तो अभिवृद्धि 6.7 प्रतिशत की रेकॉर्ड दर पर हुई है। प्राकृतिक संतुलन के लिए यह अच्छा लक्षण नहीं है। जनसंख्या घनत्व को देखते हुए हमारी चिंताएं अधिक हैं। संभवतः इसी के दृष्टिगत भारत ने सन् 2015 में तय लक्ष्यों में से दो महत्त्वपूर्ण लक्ष्य समय सीमा से पूर्व ही हासिल कर लिए हैं – गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोत से लगभग 44 प्रतिशत ऊर्जा उत्पादन, और सन् 2005 के तय मानक से सकल घरेलू उत्पाद आधार पर उत्सर्जन को 33 प्रतिशत तक कम करना (यह सन् 2030 तक लक्षित था)।

भारत ने लक्ष्यों और कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सन् 2030 तक के लिए नवीन लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिनमें 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' को प्रोत्साहित करने के लिए जनआंदोलन की संकल्पना सबसे महत्त्वपूर्ण है। पूर्व निर्धारित सन् 2005 के सकल घरेलू उत्पाद आधारित उत्सर्जन स्तर को 33 से 35 प्रतिशत के स्थान पर 45 प्रतिशत तक घटाना और गैर पारंपरिक स्रोत से ऊर्जा उत्पादन लक्ष्य 40 के स्थान पर 50 प्रतिशत तक बढ़ाना भी नए लक्ष्यों में शामिल है। वन व वृक्षों के माध्यम से ढाई से तीन अरब टन उत्सर्जन को कैप्चर करने का लक्ष्य भी रखा गया है। ये लक्ष्य महत्त्वाकांक्षी हो सकते हैं पर असंभव नहीं। जरूरत है नीति स्तर पर परिवर्तन के साथ वैकल्पिक स्रोतों के प्रोत्साहन की। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमियों के माध्यम से लक्ष्य प्राप्ति तीव्र गति से होगी और रोजगार का सृजन भी होगा। भारत इस पहल में भी अग्रणी भूमिका अदा कर सकता है। सीओपी-29 मात्र चर्चा तक सीमित न रहे, अपितु धरातल पर नीति परिवर्तन का माध्यम बने तो इसकी स्वीकार्यता और सार्थकता स्थापित हो पाएगी।

**स्पेस:** आशा है भारत अंतरिक्ष परिवहन के मामले में सभी को चौंकाएगा

# हवाई यात्रा की तरह अब अंतरिक्ष की सैर भी बन जाएगी आसान!



डॉ. एम. अन्नादुरै
पूर्व निदेशक, इसरो सैटेलाइट सेंटर, बेंगलूरु
@patrika.com

भोजन, आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार से आगे मानव सभ्यता लगातार आगे बढ़ने के लिए सदैव आवागमन के साधनों का उपयोग करती रही है। पिछले कुछ वर्षों से आवागमन के साधन तेजी से उन्नत हुए हैं। भूमि, जल और हवा में चलने वाले यांत्रिक साधनों को समय के साथ अधिक आरामदायक और किफायती बनाया गया है। ऐतिहासिक रूप से भारतीय सभ्यता ऐसे साधन प्रदान करने में अग्रणी रही है।

हालांकि भारत में हवाई यात्रा की शुरुआती रफ्तार थोड़ी धीमी रही, लेकिन हवाई अड्डों की संख्या, हवाई मार्गों और यात्री विमानों में हालिया वृद्धि ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को किफायती बना दिया है। यद्यपि यात्री विमानों के निर्माण से लेकर रखरखाव तक भारत की अन्य देशों पर काफी निर्भरता है, जिससे भारी मात्रा में हमारा धन विदेशी मुल्कों को चला जाता है। मुश्किल यह है कि यह स्थिति अभी कम से कम एक दशक तक बनी रह सकती है। इस दौर में भारत उपग्रह बनाने, प्रक्षेपण यान तैयार करने और अपने स्वदेशी रिमोट सेंसिंग, संचार एवं नेविगेशन उपग्रहों के समूह का मालिक है। भारत ने चंद्रमा और मंगल पर स्वदेशी मिशन सफलतापूर्वक भेजा है। ऐसी हालत में वह मानव अंतरिक्ष उड़ानों के क्षेत्र में हो रहे विकास और बढ़ती रुचि को केवल मूकदर्शक बनकर नहीं देख सकता, क्योंकि यह भविष्य की यात्रा का संभाव्य साधन है।

अंतरिक्ष कार्यक्रम में कदम रखने के लगभग 60 वर्षों के बाद भारत पुख्ता तौर पर अपने मूल रूप से परिकल्पित अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर स्थिति का दावा कर सकता है। भारत ने इस स्थिति को सुदृढ़ करने और बनाए रखने के लिए एक कदम आगे बढ़ते हुए सक्रिय अंतरिक्ष प्रयासों में निजी उद्योगों को शामिल किया है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (स्पेडेक्स) के एक भाग के रूप में बेंगलूरु की एक निजी फर्म द्वारा पूरी तरह से निर्मित और परीक्षण किए गए दो उपग्रहों की ताजा खबर परिपक्व भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जीवंत उदाहरण है। अब भारत दूसरे राष्ट्रों के मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों और चंद्र अन्वेषणों में नए सिरे से बढ़ी रुचि को नजरअंदाज नहीं कर सकता। अमरीका और रूस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा शुरू किए गए मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों से आगे अब हम देख रहे हैं कि चीन मानवयुक्त मिशनों के लिए बहुत आक्रामक रूप से आगे बढ़ रहा है। अमरीका में भी स्पेसेक्स, एक्सिओम स्पेस और बोइंग जैसी निजी कंपनियां इस क्षेत्र में बहुत तेजी से घुस चुकी हैं। संयुक्त अरब अमीरात भी पीछे नहीं है। उसने अपने मंगल मिशन 'होप' में सफलता के बाद अपने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों के लिए भारी निवेश शुरू कर दिया है।

इन सभी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशनों में हो रही प्रगति प्रारंभिक हवाई यात्रा के दिनों की याद दिलाती है। भविष्य में अंतरिक्ष यात्रा भी हवाई यात्रा की तरह परिवहन समाधान का हिस्सा हो सकती है। ऐसे उभरते हुए परिदृश्य में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को अपनी मूल सोच से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इसका अर्थ है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को मानवयुक्त अंतरिक्ष और चंद्र मिशनों के लिए तकनीकों का अधिग्रहण करने पर काम करना होगा। इसमें भारत सरकार का स्वदेशी तकनीकों के विकास के लिए सकारात्मक समर्थन और प्रोत्साहन आवश्यक होगा, ताकि भारत अपने मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम में आत्मनिर्भर बन सके।

इसरो गगनयान मिशन अब मिशन मोड में प्रवेश कर चुका है और विभिन्न तकनीकों और बुनियादी ढांचे को तैयार कर लिया गया है। कई परीक्षण किए जा रहे हैं। चार भारतीय वायु सेना के पायलटों का चयन किया गया है और उन्हें रूसी मानवयुक्त मिशन प्रशिक्षण सुविधाओं में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को आगे के प्रशिक्षण के लिए ह्यूस्टन, अमरीका भेजा गया है। इनमें से एक पायलट कुछ महीनों में नासा, हंगरी और पोलैंड के एक-एक सदस्य के साथ एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उड़ान भर सकता है। आशा है भारत भी अंतरिक्ष परिवहन के मामले में विश्व को आश्चर्यचकित कर देगा।

**स्वीट गर्ल:** अनंत में विलीन हो चुकी है ब्रह्माण्ड-सी गहराई को समेटने वाली यह नीली आंख



**फोटोग्राफर** रैशेल मूर ने फ्रेंच पॉलिनेशिया के द्वीप ताहिती के नजदीक 6 अक्टूबर को मादा हंपबैक व्हेल की आंख की यह क्लोज-अप तस्वीर खींची थी। व्हेल के सिर के किनारे से लिया गया शॉट आंख के व्यापक क्षेत्र को उजागर करता है। व्हेल की आंख ब्लबर की एक मोटी परत से ढकी होती है, जो समुद्री स्तनधारियों में पाई जाने वाली अनूठी इन्सुलेटिंग वसा है, जो तापमान को नियंत्रित करने और सुरक्षा प्रदान करने में मदद करती है। मूर ने युवा व्हेल को प्यार से 'स्वीट गर्ल' नाम दिया और उसकी उम्र तीन से चार साल के बीच होने का अनुमान लगाया। तस्वीर लिए जाने के दो दिन बाद ही एक तेज रफ्तार जहाज की टक्कर से व्हेल की मौत हो गई। मूर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इन शानदार प्राणियों के साथ तैरना एक विशेषाधिकार है, और उनके स्थान का सम्मान करना महत्त्वपूर्ण है...।'

**सीमा विवाद:** रक्षा बजट बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि सेना में लगातार निवेश से भारत की रक्षा क्षमता में वृद्धि होगी

# चीन पर भारत विश्वास करे, पर गतिविधियों पर निगाह भी रखे



सुधाकर जी
रक्षा विशेषज्ञ, भारतीय सेना में मेजर जनरल रह चुके हैं
@patrika.com

**तनाव कम करने का अगला चरण है समझौते को टिकाऊ बनाए रखना। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच विस्तारित और धैर्यपूर्ण बातचीत की जरूरत हो सकती है। चूंकि विश्वास की कमी है, ऐसे में कोई भी पक्ष अपनी सैन्य मौजूदगी कमजोर नहीं करेगा।**

चीन के साथ हाल ही नवीनतम समझौते की घोषणा भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने की। गतिरोध वाले स्थानों से सैनिकों को हटाने, एलएसी पर चीन के साथ गश्त शुरू करने और उन मुद्दों का समाधान करना था जो इन क्षेत्रों में 2020 में उत्पन्न हुए थे। अप्रेल 2020 से पहले की स्थिति की उम्मीद बंधी है। इन मुद्दों को जटिल और मुश्किल माना जाता था। महीनों तक चली बातचीत के कारण समझौते तक पहुंचा जा सका है। इसके कुछ तात्कालिक लाभ हुए हैं।

सबसे पहला, रूस के कजान में, ब्रिक्स बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के साथ ही दोनों नेताओं के बीच विश्वास बहाली हा नया दौर शुरू हुआ है। पिछले पांच वर्षों से दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कोई बैठक नहीं हुई थी। विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार स्तर के बीच बातचीत की बहाली भी हुई। दूसरा, पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग में गतिरोध का समाधान किया गया। यह समाधान पांच साल के गतिरोध को कम करता है। इस तरह यह सीमा क्षेत्र को भी स्थिर करता है। इसके अलावा, उम्मीद यह भी लगाई जा रही है कि काराकोरम दर्रे से लेकर पूर्वी लद्दाख में चुमार तक उच्च/सुपर हाई एल्टीट्यूड क्षेत्रों में 832 किलोमीटर की दूरी तक फैले पेट्रोलिंग पॉइंट्स (पीपी) 1 से 65 तक भारतीय सेना के गश्ती दल की पहुंच फिर शुरू होगी। ये पेट्रोलिंग पॉइंट्स 1996 से चाइना स्टडी ग्रुप की गाइडलाइंस के आधार पर प्रचलन में हैं जो भारत और चीन दोनों द्वारा पारस्परिक रूप से सहमत बेंचमार्क स्थान हैं और गश्त की सीमाओं पर स्थित हैं। इन जगहों पर भारतीय बलों द्वारा नियमित रूप से गश्त किया जाना है। जनवरी 2023 में हुई पुलिस अधिकारियों की कांफ्रेंस में प्रस्तुत एक शोधपत्र के अनुसार इन 65 पेट्रोलिंग पॉइंट्स में से 26 पर जाने की अनुमति नहीं है या भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कोई गश्त नहीं करने के कारण भारत की मौजदूगी कथित रूप से कम हो गई थी। बाद में, भारत को यह तथ्य स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि ऐसे क्षेत्रों में काफी समय से आइएसएफ या नागरिकों की मौजूदगी नहीं थी। बाद में आइएसएफ के कब्जे वाली सीमा भारतीय पक्ष की ओर स्थानांतरित हो गई। कई इलाकों में बफर जोन बनाने से भारत का इन क्षेत्रों पर नियंत्रण खत्म हो गया, जिससे चरवाहों को अधिकार नहीं मिल सका। पारंपरिक चरागाह चांगथांग क्षेत्र (रेबोस) के अर्ध-खानाबदोश समुदाय के लिए चरागाह रहे हैं और समृद्ध चरागाहों की कमी को देखते हुए वे परंपरागत रूप से अपना उद्यम करेंगे जो पीपी के नजदीक के क्षेत्रों में हैं। चूंकि भारतीय सुरक्षा बल ने रेबोस पर चराई के क्षेत्रों पर लगे प्रतिबंध बढ़ा दिए हैं, इससे उनमें नाराजगी फैल गई है। चरागाहों का मुद्दा भारत- चीन के बीच टकराव का प्रमुख बिंदु रहा है।

पूर्वी लद्दाख में तनाव कम करने की गारंटी का अगला चरण समझौते को टिकाऊ बनाए रखना है। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच धैर्यपूर्ण बातचीत की आवश्यकता हो सकती है। चूंकि विश्वास की कमी है, ऐसे में कोई भी पक्ष अपनी सैन्य मौजूदगी को कमजोर नहीं करेगा। गौर करने वाली बात यह है कि भारतीय सुरक्षा बलों की तुलना में पीएलए का मोबिलाइजेशन तेज है। इसकी वजह उसकी बेहतर कनेक्टिविटी और आगे बढ़ने के लिए समतल भूभाग का होना है। भारत सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। रक्षा बजट बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि सेना में लगातार निवेश से भारत की रक्षा क्षमता में वृद्धि होगी। समग्र रूप से यही कि विश्वास बहाली के लिए भारत की तुलना में चीन को और ज्यादा काम करने की जरूरत होगी। भारत सतर्क रहे, विश्वास करे पर सत्यापन भी करे और सैन्य शक्ति भी लगातार बढ़ाता रहे। असल में चीन 'सलामी स्लाइसिंग' रणनीति का इस्तेमाल करता है। यानी वह दो कदम आगे बढ़ाकर एक कदम पीछे खींच लेता है।

## फैक्ट फ्रंट

### एशियाई ओपनबिल

एशियाई ओपनबिल या एशियाई ओपनबिल स्टॉर्क (एनास्टोमस ऑसिटेंस) स्टॉर्क परिवार सिकोनीडे में एक बड़ा दलदली पक्षी है। यह विशिष्ट सारस मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता है। यह चमकदार काले पंखों और पूंछ के साथ भूरे या सफेद रंग का होता है और वयस्कों में धनुषाकार ऊपरी जबड़े और मुड़े हुए निचले जबड़े के बीच एक अंतर होता है। युवा पक्षी इस अंतर के बिना पैदा होते हैं जिसे एक अनुकूलन माना जाता है जो उनके मुख्य शिकार घोंघे को संभालने में सहायता करता है। हालांकि वे अपनी सीमा के भीतर रहते हैं, लेकिन मौसम और भोजन की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए लंबी दूरी की यात्राएं भी करते हैं।



## प्रसंगवश

# सावों के दौर में मिलने वाले नोटिसों से भ्रष्टाचार की 'बू'

### बढ़ते शहरीकरण के बीच विवाह व दूसरे कार्यक्रमों के लिए आयोजन स्थल तलाशना मुश्किल होने लगा है

सावों की शुरुआत भले ही मंगलवार से शुरू हो रही हो, लेकिन विवाह की तैयारियों में लोग काफी पहले से ही जुट जाते हैं। विवाह स्थल से लेकर बैंड-बाजा, हलवाई, इवेंट, फोटो व वीडियोग्राफी और न जाने कितने खर्चे शादी के नाम पर होने लगे हैं। शादी की इन तैयारियों के बीच ही शहरों में स्थानीय निकाय 'रंग में भंग' डालने को आतुर दिखते हैं। जयपुर में जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगमों और दूसरे शहरों के स्थानीय निकायों को एकाएक याद आया है कि उनके क्षेत्र में विवाह स्थल अनधिकृत रूप से संचालित हो रहे हैं। इसीलिए कई विवाह स्थल संचालकों व शादी की तैयारियों में जुटे परिवारों के लिए इन नोटिसों ने चिंता बढ़ा दी है। जयपुर की ही बात करें तो मैरिज गार्डन संचालकों से व्यावसायिक उपयोग की अनुमति, पार्किंग स्थल व भवन मानचित्र के अनुमोदन के साथ नगर निगमों की ओर से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है। किसी भी ऐसे स्थल की वैधानिकता सुनिश्चित करना निश्चित ही संबंधित निकायों का काम है। इस तरह की जांच-पड़ताल होनी भी चाहिए। लेकिन ऐन सावों से पहले इस तरह से नोटिस दिए जाने में भ्रष्टाचार की बू आना स्वाभाविक है।

सच तो यह भी है कि बढ़ते शहरीकरण के बीच विवाह व दूसरे बड़े सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पर्याप्त जगह की उपलब्धता भी मुश्किल भरी हो गई है। आगंतुकों की सुगम पहुंच, पार्किंग सुविधा व उपयुक्त जगह को देखते हुए ही विवाह स्थल बुक किए जाते हैं। आगामी महीनों में सावों की धूम रहेगी। जयपुर में सरकारी स्तर पर बने सामुदायिक केन्द्रों की संख्या नाम मात्र की है। इनमें भी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में महंगे होटल व मैरिज गार्डन बुक करना लोगों की मजबूरी हो जाती है। विवाह स्थलों को नोटिस देने का ध्यान आखिर उस वक्त क्यों नहीं आता जब ये नियमों को ताक पर रखकर आबादी क्षेत्र में पसर जाते हैं। क्या विवाह स्थलों के लिए पृथक से क्षेत्र तय नहीं होने चाहिए? यह सवाल भी सामने आता है कि साल भर तक इस मामले पर चुप्पी साधे बैठे विभिन्न निकायों ने अचानक सावे शुरू होने के कुछ दिन पहले इस तरह के नोटिस क्यों जारी किए? नगर निगमों और अन्य शहरी निकायों को पहले से इस बात को सुनिश्चित करना चाहिए था कि मैरिज गार्डन नियमों के तहत संचालित हों। अचानक मिलने वाले नोटिसों के पीछे मंशा कुछ और ही नजर आती है।

**- शरद शर्मा**

sharad.sharma@in.patrika.com

## आपकी बात

### जनता की परवाह नहीं

**बिजली** कंपनियों के कर्मचारी और अधिकारी जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसलिए ट्रांसफार्मरों के रखरखाव पर खास ध्यान नहीं दिया जाता।

**-गजेंद्र चौहान कसौदा,** डीग

**आज का सवाल**

**विवाह आयोजनों में ज्यादा खर्च करने की प्रवृत्ति क्यों बढ़ रही है?**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'ट्रांसफार्मरों के रखरखाव के मामले में लापरवाही क्यों बरती जाती है?' ऑनलाइन भी देखें।

इसे स्कैन करें https://shorturl.at/rYwpW

# सात फेरों के साथ मार्केट में आएगा बूम, 12 नवंबर से 25 जून तक 40 से ज्यादा विवाह मुहूर्त

## बाजार में शगुन की शहनाई

### 5 लाख से ज्यादा विवाह अनुमानित प्रदेशभर में

पत्रिका वेडिंग फेस्टिवल

*प्रदेश के साथ ही देशभर में वेडिंग सीजन इकोनॉमी का प्रमुख हिस्सा बन रहा है। डोंगरगढ़, रतनपुर, गंगरेल बांध, बारनवापारा के साथ ही रायपुर के विभिन्न मंदिरों के साथ ही बड़े होटलों और पैलेस में अभी से बुकिंग शुरू हो गई है।*

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** देवप्रबोधिनी एकादशी के साथ ही बाजार में एक बार फिर ग्राहकों से गुलजार होने लगा है। सराफा से लेकर कपड़ा, ऑटोमोबाइल, यात्री बस, वैवाहिक भवन, कैटरिंग, फोटो-वीडियोग्राफर, ब्यूटी पार्लर, इवेंट मैनेजमेंट और बैंड-बाजा वालों की पूछपरख बढ़ गई है। देव प्रबोधनी एकादशी यानी देवउठनी ग्यारस से विवाह के शुभ मुहूर्त की शुरुआत होगी। 12 नवंबर से लेकर जून 2025 तक 8 महीने तक लगातार वेडिंग सीजन में इस बार 40 से ज्यादा विवाह मुहूर्त हैं। इसके चलते प्रदेशभर में करीब 5 लाख विवाह होंगे। इसमें सबसे ज्यादा रायपुर जिले में करीब 10 हजार विवाह होने की उम्मीद पंडितों ने जताई है। कोरोनाकाल के बाद पहली बार इतनी बढ़ी संख्या में होने वाले विवाह समारोह की तैयारियों के चलते कारोबारी सेक्टर में जमकर ग्रोथ होगा। इसके चलते हर घरेलू सामानों से लेकर वैवाहिक समारोह से जुड़े हर सेक्टर में 10 से 35 फीसदी का ग्रोथ होने की उम्मीद है। बता दें कि 12 नवंबर मंगलवार को तुलसी-शालिग्राम विवाह के साथ ही शादी और अन्य मांगलिक कार्यों का श्रीगणेश होगा।




**बाजार में ऐसी उड़ान**

| मार्केट | बढ़ोतरी | मार्केट | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| सराफा बाजार | 40% | ऑटो मोबाइल्स | 20% |
| रेडीमेड गारमेंट्स | 30-35% | होटल-गार्डन | 30% |
| बर्तन बाजार | 25% | कैटरिंग | 30 से 35% |

**हर भारतीय औसत संपत्ति का 20% शादी पर करता है खर्च**

### 10 हजार करोड़ का कारोबार

प्रदेशभर में शादियों के सीजन में करीब 10 हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार की उम्मीद है। रायपुर जिले में ही 8 माह में 10 से 12 हजार से ज्यादा शादियां होंगी। यहां 3 हजार का कारोबार अनुमानित है। वैवाहिक सीजन के चलते अभी से 3 महीनों तक अधिकांश भवन बुक हो चुके हैं। वीडियो और फोटोग्राफी स्टूडियो संचालक दिनेश साहू ने बताया कि वैवाहिक सीजन के चलते लगातार बुकिंग हो रही है। इसमें हल्दी से लेकर बारात और रिसेप्शन तक 4 से 5 दिनों के लिए बुक कराया गया है। रायपुर से लेकर दूसरे प्रदेशों में बारात तक के लिए डिमांड की जा रही है।

**सराफा में बढ़ी चमक**



वैवाहिक सीजन के शुरू होते ही सराफा बाजार की चमक बढ़ गई है। सोने और चांदी की कीमत कम होते ही लगातार खरीदारी के साथ ही अग्रिम बुकिंग कराई जा रही है। वैवाहिक सीजन में इस बार 3000 करोड़ का कारोबार प्रदेश में होने की उम्मीद है।
**-सुरेश भंसाली,** रायपुर सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष

**सीजन में अच्छी डिमांड**



वैवाहिक सीजन के दौरान वाहनों की डिमांड को देखते हुए अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन में पिछले साल की अपेक्षा अच्छा कारोबार हुआ था। इस बार बडी संख्या में वैवाहिक मुहूर्त को देखते हुए 15फीसदी का ग्रोथ होने की उम्मीद है।
**-विवेक गर्ग,** प्रदेश अध्यक्ष फाडा

---

रायपुर दक्षिण विधानसभा

### उपचुनाव के लिए थम गया चुनावी शोरगुल

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** प्रदेश के रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सोमवार को चुनावी शोरगुल थम गया। इससे पहले प्रचार के लिए कांग्रेस-भाजपा ने प्रचार के अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने रोड शो किया। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में घर-घर जाकर संपर्क किया। बता दें कि उपचुनाव के लिए 13 नवम्बर को मतदान होगा। मतगणना और चुनाव के नतीजों की गणना 23 नवम्बर को होगी। बता दें कि उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व सांसद व महापौर सुनील सोनी और कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है।

### बागबाहरा से रेस्क्यू कर किया इलाज, 1100 किमी दूर सूरत पहुंचा गिद्ध

**रायपुर@पत्रिका.** नंदनवन जंगल सफारी की टीम ने दुर्लभ प्रजाति के सफेद पूंछ वाले गिद्ध की जान बचाने में सफलता प्राप्त की। इस गिद्ध को महासमुंद के बागबाहरा क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया था, जहां घायल और बीमार अवस्था में था। कुछ ही दिनों में गिद्ध पूरी तरह से स्वस्थ हो गया और उसे फिर से मुक्त कर दिया गया। यह गिद्ध 1100 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए गुजरात के सूरत इलाके में पहुंच गया है।

हाईकोर्ट : कोरिया में बाघ की मौत पर स्वतः संज्ञान लेकर उठाए सवाल

## सीजे बोले- जंगल और वन्य जीव नहीं बचेंगे तो कैसे चलेगा

*वन्य जीवों के संरक्षण के उपायों पर अतिरिक्त मुख्य सचिव को 10 दिन में जवाब देने के निर्देश*

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान कोरिया में बाघ की मौत पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताते हुए वन विभाग के उच्चाधिकारियों से जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने कहा कि वन्य जीव नष्ट हो रहे हैं, पर्यावरण भी नष्ट हो रहे हैं, अब बचा क्या। वन्य जीव नहीं बचा पाएंगे, जंगल नहीं बचेंगे तो कैसे चलेगा?

कोर्ट ने मामले में वन एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को 10 दिन के अंदर व्यक्तिगत शपथपत्र पर जवाब देने को कहा है कि वन्यजीवों के संरक्षण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 21 नवंबर को होगी। कोरिया में बाघ के मौत पर स्वतः संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने वन्यजीवों की मौत पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने वन्यजीवों की मौत और पर्यावरण की अनदेखी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। कोर्ट ने कहा कि स्थिति को देखकर लग रहा है कि बदले की भावना से बाघ को मारा गया है।



**यहां बाघ हैं, तो संरक्षण नहीं कर पा रहे**

**कोर्ट** ने कहा कि यह दूसरी मौत है। टाइगर हिंदुस्तान में जल्दी मिलता नहीं, यहां हैं तो संरक्षण नहीं कर पा रहे हैं। महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत में कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जा रही है। बाघ की मौत के बाद वन अफसर भी हरकत में आ गए हैं। वन विभाग के अफसर घटनास्थल पहुंचकर दो किलोमीटर के दायरे में रह रहे लोगों से पूछताछ करने में जुटे हैं।

कोर्ट ने निर्देशित किया कि बाघों की मौत के कारणों की निष्पक्ष जांच की जाए और इस मामले में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**यह है मामला :** 8 नवंबर 2024 को सरगुजा के कोरिया वन मंडल के पास खनखोपड़ नाला के किनारे बाघ का शव मिला। जिसे वन विभाग ने आधिकारिक तौर पर जहर के कारण मौत बताया है। वन विभाग के अनुसार, बाघ की मौत का कारण निर्धारित करने के लिए शव का पोस्टमार्टम किया गया, लेकिन अभी तक विस्तृत रिपोर्ट नहीं आई है। मामले में कोर्ट ने कहा कि यह घटना वन्यजीवों के लिए उपयुक्त सुरक्षा प्रबंधों की कमी को दर्शाती है। वन विभाग के अधिकारियों द्वारा समय पर निगरानी और सुरक्षा उपायों की अनुपस्थिति से इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### दल से बिछड़े हाथी की धान के खेत में करंट लगने से मौत

**वन अमले ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार**



**बलरामपुर.** बलरामपुर वन परिक्षेत्र के मानिकपुर सर्किल के मुरका गांव में सोमवार की सुबह धान के खेत में एक नर हाथी का शव मिला। मामले की जांच के दौरान हाथी के विद्युत करंट से मौत की पुष्टि हुई। इस पर वन अमले ने खेत में फसल की सुरक्षा हेतु करंट वाला तार लगाने वाले एक ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से वाड्रफनगर क्षेत्र में कुल 9 हाथी अभी विचरण कर रहे हैं। इसमें से 6 हाथी रविवार की शाम बलरामपुर वन परिक्षेत्र की ओर आ गए थे। इसी दौरान ये हाथी अपने दल से भटक कर मुरका गांव में धान के खेत की तरफ आ गया था। सुबह उसका शव धान के खेत में मिला तो मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने उसका पीएम पशु चिकित्सकों से कराया। इसके बाद शव को दफना दिया गया।

**डीएफओ ने दी ये जानकारी :** बलरामपुर डीएफओ अशोक तिवारी ने बताया कि जांच व पूछताछ में पता चला कि मुरका निवासी रामबक्श पिता बाबूलाल गोंड़ द्वारा खेत में फसल के किनारे हाईटेंशन लाइन से तार जोडक़र रखा गया था। इसी तार की चपेट में आकर करंट लगने से नर हाथी की मौत हो गई। मामले में वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

फैसला : शाह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक

## अग्निशमन सेवाओं के विस्तार के लिए छत्तीसगढ़ को मिले 147.76 करोड़

**छत्तीसगढ़ के साथ तीन अन्य राज्यों के लिए भी जारी हुई राशि**

**पत्रिका ब्यूरो @ रायपुर.** केंद्र सरकार अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण पर जोर दे रही है। इसके लिए दिल्ली में सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें अग्निशमन सेवाओं के विस्तार व आधुनिकीकरण के लिए छत्तीसगढ़ को 147.76 करोड़ देने की मंजूरी दी गई। छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा के लिए 201.10 करोड़ और प. बंगाल के लिए 376.76 करोड़ रुपए देने की भी मंजूरी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आपदा प्रतिरोधी भारत के विजन को पूरा करने के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। केंद्र सरकार ने राज्यों में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार व आधुनिकीकरण योजना के लिए एनडीआरई के तहत 5000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, 15 राज्यों के 2542.12 करोड़ रुपए के खर्च को पहले ही मंजूरी दी गई है।



**आपदाओं के दौरान जान-माल की क्षति रोकने में मदद**

**भारत** में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उच्च स्तरीय समिति में केन्द्रीय वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष सदस्य के रूप में शामिल होते हैं। बता दें कि इस वर्ष के दौरान राज्यों को 21,026 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इसमें राज्य आपदा मोचन निधि से 26 राज्यों को 14,878.40 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से 15 राज्यों को 4,637.66 करोड़ रुपए, राज्य आपदा शमन निधि से 11 राज्यों को 1,385.45 करोड़ रुपए और राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से तीन राज्यों को 124.93 करोड़ रुपए शामिल हैं।

राजनांदगांव : हार्ट अटैक की जताई आशंका

## सीएमओ के सीने में उठा दर्द, अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में तोड़ा दम

**राजनांदगांव** पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीएमओ (कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर) भाविका ठाकुर (28) का सोमवार को निधन हो गया। सुबह सीने में दर्द उठने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया जा रहा था। उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हालांकि डॉक्टर इसे हार्ट अटैक बता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सच्चाई का पता चलेगा। गौरी नगर निवासी डॉ. भाविका ठाकुर सुबह अस्पताल जाने के लिए ही तैयार हो रहीं थी, तभी उन्हें अचानक सीने में दर्द उठा। उनके पिता दीपक ठाकुर को मामले की जानकारी दी गई। वे सलोनी हायर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य हैं। घटना के वक्त वे स्कूल के लिए निकल चुके थे। फौरन लौटकर आए। वे गाड़ी में अपनी बेटी से बात करते हुए अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में ही भाविका की सांसें टूट गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। भाविका की माता का 7-8 साल पहले देहांत हो चुका है। वे भी स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ थीं।



आबकारी घोटाला

### वीसी से कांकेर-रायपुर जेल से सुनवाई

## पूर्व आईएएस टुटेजा व दत्त की न्यायिक रिमांड 18 तक बढ़ी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर.** आबकारी घोटाले में जेल भेजे गए रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और सुनील दत्त की न्यायिक रिमांड 18 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। उक्त दोनों के न्यायिक रिमांड पर विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की अदालत में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग (वीसी) के जरिए कांकेर और रायपुर जेल से सुनवाई हुई।

इस दौरान ईओडब्ल्यू की ओर से पैरवी करते हुए उपसंचालक अभियोजन मिथिलेश वर्मा ने न्यायाधीश को बताया कि इस समय प्रकरण की जांच चल रही है। इसे देखते हुए रिमांड को बढ़ाने का अनुरोध किया। जिसे न्यायाधीश ने मंजूर करते हुए आदेश जारी किया। बता दें कि आबकारी घोटाले में पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को रायपुर से कांकेर जेल शिफ्ट किया गया है। वहीं अन्य आरोपी भी दूसरे जेल भेजे गए हैं।



अनिल टुटेजा सुनील दत्त

**पूर्व महाधिवक्ता और निलंबित आईएएस ने मांगी अग्रिम जमानत**

**पूर्व** महाधिवक्ता सतीषचंद्र वर्मा ने नान घोटाले में गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया है। ईओडब्ल्यू द्वारा आरोपी बनाए जाने के बाद रायपुर के जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी की अदालत में सोमवार को पेश किया गया है। इसी तरह डीएमएफ फंड में जेल भेजी गई निलंबित आईएएस रानू साहू ने जिला न्यायाधीश की अदालत में जमानत के लिए आवेदन लगाया है। बता दें कि इस प्रकरण में ईडी की विशेष न्यायालय में आवेदन लगाया गया था। जिसे कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दिया है।

### हथबंध-तिल्दा सेक्शन में भी लगेगा ब्लॉक

**रायपुर@पत्रिका.** तुलसी विवाह के बाद से शुरू हो रहे शादी सीजन के बीच रेलवे का ब्लॉक शुरू होने जा रहा है। इस महीने 5 से 6 मुहूर्त हैं, जिसमें कई शादियां होने वाली हैं। इस दौरान कटनी रेललाइन पर करकेली स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने के लिए 16 नवंबर से ब्लॉक शुरू होने वाला है। इसी के साथ रायपुर-बिलासपुर मुख्य रेललाइन पर हथबंध-तिल्दा नेवरा सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जा रहा है।

चुनाव आयोग

### बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी

**कोलकाता @ पत्रिका.** चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया। राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न और पश्चिम बंगाल पुलिस संबंधी कथित टिप्पणी के लिए आयोग ने मजूमदार के खिलाफ कार्रवाई की है। आयोग को सौंपे ज्ञापन में आरोप है कि सुकांत ने गत 7 नवंबर को तालडांगरा में चुनावी रैली के दौरान झूठा, अपमानजनक और मानहानिकारक भाषण दिया था और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया कि मजूमदार ने भारत के राष्ट्रीय प्रतीक और राज्य पुलिस का अपमान किया है।

बॉम्बे हाईकोर्ट: निजी नहीं, जनहित का मामला

### आरटीआइ में ले सकते हैं दूसरे अभ्यर्थियों के नंबरों की सूचना

**मुंबई @ पत्रिका.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने युवाओं से संबंधित एक अहम फैसले में सोमवार को कहा है कि सरकारी भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का खुलासा करने से उनकी निजता और गोपनीयता का हनन नहीं होता। यह जानकारी सूचना का अधिकार (आरटीआइ) के जरिये प्राप्त की जा सकती हैं। जस्टिस महेश सोनक और जस्टिस जितेन्द्र जैन की बेंच ने महाराष्ट्र सूचना आयोग के उस आदेश को रद्द करते हुए यह व्यवस्था दी जिसमें इन नंबरों को निजी जानकारी बताते हुए सूचना देने से इनकार कर दिया गया था।

बेंच ने फैसले में कहा कि यह सार्वजनिक प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए। ऐसी चयन प्रक्रिया में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों को ऐसी व्यक्तिगत जानकारी नहीं माना जा सकता, जिसके प्रकटीकरण का किसी सार्वजनिक गतिविधि या हित से कोई संबंध नहीं है। ऐसी जानकारी प्रदान करना व्यक्ति की निजता पर अनुचित आक्रमण भी नहीं होगा। आरटीआइ कानून की धारा 8(1)(जे) के तहत केवल ऐसी व्यक्तिगत सूचनाओं को प्रकट करने से छूट दी है, जिनका किसी सार्वजनिक हित से संबंध नहीं है। सार्वजनिक परीक्षा के अंकों का खुलासा व्यापक सार्वजनिक हित के दायरे में आता है।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का किया गठन

**रायपुर@पत्रिका.** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने पेंशनर्स फोरम का गठन करते हुए उनके जायज मांगों को लेकर संघर्ष करने का संकल्प लिया है। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने चार सूत्रीय मांगों के समर्थन में संभाग स्तरीय बैठकों का आयोजन किया था। प्रदेशभर से पेंशनरों की समस्याओं के लिए फेडरेशन के बैनर तले फोरम बनाने की मांग उक्त बैठकों में की गई। फेडरेशन की प्रांत स्तरीय बैठक में पेंशनर्स फोरम का गठन करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

विश्व निमोनिया दिवस आज | ठंड में खतरा ज्यादा, क्योंकि इस सीजन में वायरस व बैक्टीरिया के लिए मौसम अनुकूल

## बच्चों-बुजुर्गों को 4-5 दिनों तक वायरल फीवर तो निमोनिया की आशंका, यह जानलेवा, रहें अलर्ट

पत्रिका सजग रहें हम

पीलूराम साहू
patrika.com

**रायपुर.** बच्चों व बुजुर्गों को 4-5 दिनों तक वायरल फीवर हो तो निमोनिया की आशंका बढ़ जाती है। ये बीमारी दोनों के लिए ही जानलेवा है। ऐसे में सही समय पर इलाज जरूरी है। ठंड के सीजन में निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में खासकर ठंड के सीजन में पैरेंट्स को अलर्ट रहने की जरूरत है। पूरे विश्व में 12 नवंबर को विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर पत्रिका ने डॉक्टरों से बातचीत कर इस बीमारी की गंभीरता को जानने का प्रयास किया। डॉक्टरों के अनुसार निमोनिया वायरस व बैक्टीरिया दोनों से होता है। इस बीमारी से खासकर छोटे बच्चों की मौत ज्यादा होती है। साथ ही 60 वर्ष से ज्यादा उम्र वालों के लिए ये जानलेवा है। निमोनिया फेफड़े को प्रभावित करने वाली बीमारी है। इससे सांस लेने में तकलीफ, सेप्सिस व फेफड़े में फोड़े हो जाते हैं। जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है, ऐसे लोगों के लिए यह बीमारी और ज्यादा खतरनाक है। आंबेडकर समेत निजी अस्पतालों में तापमान में गिरावट आने के बाद वायरल फीवर, अस्थमा व एलर्जी वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

**अस्थमा, लीवर संबंधी बीमारी वाले मरीज रहें सावधान :** निमोनिया का खतरा फेफड़े संबंधी बीमारी, अस्थमा, किडनी, लीवर, हार्ट व डायबिटीज के मरीजों को ज्यादा होता है। इसके लिए फ्लू व निमोनिया की वैक्सीन आती है। इसे लगाने से निमोनिया का रिस्क कम हो जाता है और बीमारी से बचाव करता है। ऑक्सीजन सेचुरेशन 85 पर आ जाए तो यह खतरे की घंटी है। ऐसे में मरीज को वेंटीलेटर की जरूरत पड़ सकती है।

**झटके आने पर केरोसिन नहीं पिलाएं :** गांवों में झटके आने पर मरीज को केरोसिन पिलाया जाता है। इसे लकवा या मिर्गी का झटका समझकर ऐसा किया जाता है। इससे केमिकल निमोनिया हो जाता है। फेफड़े जल जाते हैं इसलिए ऐसा होता है। इसमें मरीजों को हाई एंटीबायोटिक देने की जरूरत पड़ती है। कई मामलों में मरीजों की मौत हो जाती है। डॉक्टरों के अनुसार झटके आने पर केरोसिन पिलाने के बजाय विशेषज्ञ डॉक्टरों को दिखाएं तो बेहतर रहेगा।

**निमोनिया के लक्षण**

- हाई ग्रेड बुखार
- लो ब्लड प्रेशर
- बलगम के साथ खांसी
- धड़कन तेज
- चक्कर आना
- सांस लेने में तकलीफ
- पूरे शरीर में दर्द



**ये सावधानी बरतें**

- 4-5 दिनों तक वायरल फीवर होने पर विशेषज्ञ डॉक्टर से जांच कराएं।
- ठंड के दिनों में सुबह बिना कान ढंके व गर्म कपड़े पहने बाहर न जाएं।
- घर या बाहर खांसते या छींकते समय रूमाल का इस्तेमाल करें।
- सर्दी या खांसी होने पर मास्क लगाने से संक्रमण की आशंका कम।

**टॉपिक एक्सपर्ट**

**बच्चों** व बुजुर्गों के लिए वायरल व बैक्टीरिया निमोनिया दोनों ही घातक है। झटके आने पर केरोसिन पिलाने से केमिकल निमोनिया आ जाता है। इससे फेफड़े में जानलेवा संक्रमण हो सकता है। मौसम अनुकूल होने के कारण खासकर ठंड के दिनों में वायरस व बैक्टीरिया ज्यादा सक्रिय रहते हैं। इसलिए इस सीजन का वायरल बाकी सीजन की तुलना में ज्यादा खतरनाक है। समय पर इलाज हो जाए तो निमोनिया के मरीजों को बचाया जा सकता है। फ्लू व निमोनिया की वैक्सीन भी लगाई जा सकती है।
**-डॉ. आरके पंडा,** एचओडी चेस्ट नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर

## पांच साल बाद भी नहीं बन पाया बाढ़ में ध्वस्त हुआ पुल



### राजस्थान को जोड़ता है चंबल का पुल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मंदसौर.** जिले को राजस्थान से जोड़ने वाला चंबल नदी पर बना पुल वर्ष 2019 की बाढ़ में बह गया था। पांच साल बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो पाया। इसके कारण हर दिन चंबल की लहरों पर जानजोखिम में डालकर ग्रामीणजन नदी पार कर रहे हैं। दो राज्यों के साथ जिले की दो विधानसभा गरोठ और सुवासरा के गांवों के लोगों को इससे अधिक परेशान होना पड़ रहा है। 20 करोड़ की राशि मंजूर हुई, लेकिन तीन बार टेंडर निकालने के बाद काम शुरू नहीं हो पाया। अब चौथी बार में टेंडर हुआ है। स्टीमर और नाव में बैठकर चंबल पर सफर ग्रामीण कर रहे हैं, लेकिन क्षमता से कई गुना अधिक यात्रियों को इसमें सफर कराया जा रहा है।

चुनावी सभाओं में बोला जुबानी हमला

## झारखंड की भ्रष्ट और बेईमान सरकार को उखाड़ फेंको : सीएम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**भोपाल.** झारखंड की भ्रष्ट, बेईमान और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। ऐसा करके यहां रामराज्य की स्थापना करना है। भगवान बिरसा मुंडा की जनकल्याण की सोच को आगे बढ़ना है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को झारखंड की गढ़वा व सिमरिया विधानसभा में ली चुनावी सभाओं में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला के विराजमान होने के बाद हाल ही में हमने पहली दिवाली मनाई है। देव दिवाली आ रही है, लेकिन रामराज अभी नहीं आया। झारखंड में रामराज की स्थापना के लिए कांग्रेस और सोरेन की लंका को जलाना होगा।

झारखंड के लोग मेहनतकश होते हैं। अपनी इच्छाशक्ति के दम पर कुछ भी कर गुजरने का माद्दा रखते हैं। परमात्मा की दी हुई, अकूत खनिज संपदा इस राज्य के पास है। इसी धरती पर भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से आजादी का बिगुल फूंका था, लेकिन कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारों ने उनके योगदान को भुला दिया।

राज्य के बजट पर हो रही माथापच्ची

## विभागों से प्रस्ताव मांगे, आय के स्रोत पूछे, अब बैठकों का दौर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट तैयार करने को लेकर सरकार ने प्रक्रिया में तेजी आई है। विभागों से प्रस्ताव मांगने के बाद पूरे नवम्बर वित्त विभाग के अफसरों के साथ संबंधित विभागों की बैठक होगी। इसके लिए वित्त विभाग पूर्व में ही शेड्यूल जारी कर चुका है। विभागों से पूछा जाएगा कि उनके अधीनस्थ निगम मंडल, बोर्ड, आयोग, प्राधिकारण, परिषद, संस्थान, कंपनी, स्वशासी संस्थान के खर्चे क्या हैं, उनकी आय के स्त्रोत, बैंक बैलेंस की जानकारी भी देना होगी।

वित्त विभाग ने विभागों से तय प्रोफार्मा में जानकारी मांगी है। इसमें संबंधित उपक्रम, निकाय, प्राधिकरण इत्यादि के बैंक खातों की जानकारी, उनके आय के स्त्रोत, बैंक खातों में उपलब्ध बैंक बैलेंस पूछा गया है। निकाय में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों के वेतन भत्ते आदि पर खर्च की जानकारी भी मांगी है। इसमें नियमित अधिकारी, कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स कर्मचारियों पर खर्च का ब्यौरा भी शामिल है।

निकायों में मनोनीत सदस्यों के वेतन-भत्ते पर खर्च की जानकारी मांगी गई है। कहा गया है कि बैठक में ब्योरा लेकर आएं। इसमें बजट प्रस्ताव भी शामिल हैं। यानी विभाग बता सकेंगे कि उन्हें कितना बजट चाहिए। बैठक के दौरान अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट प्रस्तावों के साथ चालू वित्तीय वर्ष के बजट प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। मालूम हो विभागों को खर्च के लिए और राशि की जरूरत है। इसके लिए सप्लीमेंट्री बजट तैयार किया जा रहा है।

**बुदनी उपचुनाव:** केंद्रीय कृषि मंत्री ने की तीन चुनावी सभाएं

## फुस्सी बम कांग्रेस हरियाणा में नहीं फूटा, यहां भी नहीं फूटेगा : शिवराज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**सीहोर.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को तीन चुनावी सभा को संबोधित किया। चकलदी, भैरुंदा और गोपालपुर में कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि भाजपा जनता को परिवार मारकर कार्य करती है, जबकि कांग्रेस जनता को वोट समझती है। कांग्रेस के नेता चुनाव के समय ही जनता के पास आते हैं। झूठ फैलाकर वोट मांगते हैं।

शिवराज ने कहा कि कांग्रेस फुस्सी बम है। हरियाणा में नहीं फूटा। यहां भी नहीं फूटेगा। कांग्रेस का साथ देने से क्या फायदा। इनकी न भोपाल में सरकार है और न ही दिल्ली में। हरियाणा में राहुल बाबा जलेबी खा रहे थे, वहां भी फुस्स हो गए। दिग्विजय सिंह अब वोट मांगने आ रहे हैं। मैं दिग्विजय सिंह और कांग्रेस से पूछता हूं कि जब वे सीएम थे तो विकास क्यों नहीं किया। शिवराज सिंह ने गोपालपुर में रोड शो भी किया।

**विजयपुर उपचुनाव:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया जनसंपर्क

## जीतू का आरोप- रावत ने अपने फायदे के लिए ये सीट बेच दी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**विजयपुर/श्योपुर.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया है कि रामनिवास रावत (भाजपा प्रत्याशी) ने अपने फायदे के लिए और पैसे लेकर सीट बेच दी। अब उन्हें सबक सिखाना है। पटवारी ने सोमवार को वीरपुर क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने कहा कि रावत को आठ बार कांग्रेस ने टिकट दिया। आप लोगों ने वोट दिया, लेकिन उन्होंने धोखा दिया।

पटवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा, हम 13 तारीख को यहीं रहेंगे। विधानसभा क्षेत्र के बाहर ही रहेंगे, किसी से डरना नहीं है। आपके भरोसे हूं। आप और हम एकजुट होकर एक-एक वोट डालेंगे। उपनेता प्रतिपक्ष के हेमंत कटारे, विधायक ओमकार मरकाम, विधायक महेश परमार आदि क्षेत्र में रहे। भाजपा से मंत्री एंदल सिंह कंसाना, राकेश शुक्ला, नारायण सिंह कुशवाह, ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने दौरा किया।

**मुरैना के सीतापुर में** 161 एकड़ में एमपीआइडीसी करेगा विकास

# औद्योगिक क्षेत्र में 111 करोड़ से विकसित होगा फुटवेयर क्लस्टर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश के मुरैना जिले के सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र के द्वितीय चरण में मेगा लेदर फुटवेयर एंड एसेसरीज क्लस्टर की स्थापना के लिए सरकार ने 111.40 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इसका विकास 161.7 एकड़ क्षेत्र में किया जा रहा है। ग्वालियर में हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद से यहां लगातार निवेशकों की तरफ से जमीन संबंधी जानकारी ली जा रही है। जमीन की मांग भी आ रही है। इसलिए इसे जल्द पूरा करने की तैयारी चल रही है। यहां पर उद्योग लगाने वालों को सरकार विशेष रियायतें और सुविधाएं भी देगी।

औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस क्लस्टर की स्थापना और संचालन का काम मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को सौंपा गया है। यहां निवेशकों को भूमि के विकास शुल्क, लीजरेंट आदि दिए जाने वाली छूट आदि से आने वाले वित्तीय भार की प्रतिपूर्ति एमपीआइडीसी को शासन द्वारा की जाएगी।

**यह उत्पाद बनेंगे**



लेदर क्लस्टर में लेदर फुटवेयर, बैग्स, बैल्ट, जैकेट, गारमेंट, लेदर एसेसरीज जैसे वॉच स्ट्रिप, नॉन लेदर फुटवेयर और लेदर से अन्य उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। हालांकि क्लस्टर में टेनरी से संबंधित इकाइयां और गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

### यह मिलेंगी रियायतें

- प्लांट और मशीनरी के लिए बैंक या वित्तीय संस्थान से लिए टर्म लोन पर उत्पादन दिनांक से 5% की दर से 7 साल तक ब्याज अनुदान सरकार देगी।
- उद्योगों को 1 रुपए टोकन पर जमीन का आवंटन।
- लीज रेंट भी 1 रुपए प्रति वर्ग मीटर वार्षिक होगा। इसमें 30 वर्ष तक बढ़ोतरी नहीं होगी।
- विकास शुल्क साल में 20 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से। 30 साल तक बढोतरी नहीं।
- जमीन संबंधी दस्तावेजों पर स्टाम्प और पंजीयन शुल्क की प्रतिपूर्ति सरकार करेगी।
- बिजली आपूर्ति ₹5.11 प्रति यूनिट की स्थिर दर से की जाएगी।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की तैयारी

## निवेश के लिए संशोधित होंगे नियम क्लस्टर का बढ़ेगा दायरा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** फरवरी 2025 में होने वाली ग्लाबल इन्वेस्टर समिट के लिए सरकार के स्तर पर निवेश के हिसाब से कदम उठाए जाने लगे हैं। निवेश नीति को नई जरूरतों के हिसाब से अपग्रेड करने पर विचार किया जा रहा है। जमीन अधिग्रहण को आसान बनाने और क्लस्टर विकास का दायरा बढ़ाने के लिए काम होंगे। टीडीआर का दायरा और बढ़ाया जा सकता है।

दरअसल, औद्योगिक और क्लस्टर विकास में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण की जटिलता रहती है। इसके लिए ट्रांसफेरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर) की नीति लाई गई है। इसके बावजूद बड़े प्रोजेक्ट में दिक्कतें आती हैं। जो क्लस्टर अभी तक तय किए गए हैं, उनका दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। क्लस्टर के आसपास नए छोटे क्लस्टर भी बनेंगे।

### अब यह होगा

- जिन क्लस्टर में ज्यादा मांग आ रही है। वहां आसपास के इलाके को लेकर समानांतर विकास योजना तैयार की जा रही है। क्लस्टर विकसित होने पर आसपास का क्षेत्र भी विकसित हो जाएगा। छह क्लस्टर को चुनकर काम करना तय हुआ है। ज्यादातर मालवा-निमाड़ और मध्य प्रांत के क्षेत्र हैं।
- टीडीआर नीति के तहत जितने क्षेत्र का अधिग्रहण होता है, वहां सामान्यत: एफएआर दोगुना कर संबंधित को दिया जाता है। अब प्रीमियम इलाकों को लेकर एफएआर का दायरा और बढ़ाने को लेकर विचार हो रहा है।
- एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप के अनुसार अब तक की रीजनल इन्वेस्टर समिट में जो फीडबैक मिले हैं, उसके आधार पर आगे की तैयारी कर रहे हैं। निवेश बढ़ाने के लिए नियमों में अपग्रेडेशन भी करेंगे।

**मानहानि केस:** तन्खा की याचिका के खिलाफ शिवराज पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

### ट्रायल कोर्ट में उपस्थिति से राहत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**जबलपुर.** एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मानहानि मामले के खिलाफ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। उन्होंने मप्र हाईकोर्ट द्वारा खारिज की गई याचिका के आदेश को चुनौती दी है। चौहान सहित प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह पर मानहानि का केस राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने दर्ज कराया है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चौहान और अन्य भाजपा नेताओं को तन्खा द्वारा दायर मानहानि मुकदमे की सुनवाई कर रही ट्रायल कोर्ट के समक्ष व्यक्तिगत उपस्थिति से प्रभावी रूप से छूट दी जाएगी। कोर्ट ने कहा, 'नोटिस जारी करें, जिसे चार सप्ताह में वापस किया जा सकता है। इस बीच, याचिकाकर्ताओं को संबंधित न्यायालय के समक्ष वकील के साथ प्रभावी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उन्हें जमानती वारंट के अधीन होने की आवश्यकता नहीं है।

### राजकुमार पटेल ने सुरेश पचौरी को भेजा मानहानि का नोटिस

**भोपाल @ पत्रिका.** वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में विदिशा से भाजपा की सुषमा स्वराज एवं कांग्रेस से राजकुमार पटेल प्रत्याशी थे। राजकुमार का नामांकन निरस्त हो गया था। सुषमा चुनाव जीत गई थीं। तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश पचौरी (अब भाजपा में) ने बुदनी उपचुनाव क्षेत्र में तब का जिक्र कर पटेल की निष्ठा पर सवाल उठाए तो पटेल ने उन्हें मानहानि नोटिस भेज दिया। नोटिस में कई खुलासे किए गए हैं। उस दौरान पचौरी की भूमिका पर सवालिया निशान लगाए गए हैं।

दूसरी ओर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल ने बयान में पचौरी के आरोप के जवाब में कहा कि 2009 के लोकसभा चुनाव में विदिशा से चुनाव लड़ते समय साजिश के तहत कांग्रेस प्रत्याशी को फर्जी बी फॉर्म दिया गया था। पटेल की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करने वाले खलनायक पचौरी हैं।

**खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह** ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में आने वालों पर साधा था निशाना- कांग्रेसियों को कभी स्वीकार नहीं करूंगा

## बयान से वीडी ने किया किनारा, बोले- जो शामिल हो चुके, उनका तहेदिल से स्वागत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





**भोपाल.** सरकार की किरकिरी कराने वाले पूर्व गृहमंत्री और खुरई से भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह के बयान से पार्टी ने किनारा कर लिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का साफ कहना है कि जो भाजपा में आ चुके हैं, उनका पार्टी तहेदिल से स्वागत करती है। आगे भी करेगी।

वीडी का बयान सिंह के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस से आने वालों को पार्टी स्वीकार करे या नहीं, लेकिन मैं कांग्रेस छोड़ आने वालों को कभी स्वीकार नहीं कर सकता। सिंह ने सागर में दीपावली मिलन समारोह में एक प्रसंग को सुनाते समय यह बात कही थी। प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को वीडी मीडिया से बात कर रहे थे। पूछा गया कि भूपेंद्र सिंह भाजपा में शामिल हो चुके कांग्रेसियों को स्वीकार नहीं करने की बात कह रहे हैं। जवाब में वीडी ने सिंह का नाम लिए बिना कहा कि किसी को किसी से शिकायत हो सकती है। इसमें पार्टी का कोई लेना-देना नहीं। पार्टी व्यक्तिगत शिकायतों का हिस्सा भी नहीं बनेगी। ऐसी शिकायतें पार्टी फोरम पर आएंगी तो सुना जाएगा।

### पहले भी सवाल उठा चुके हैं सिंह

- भूपेंद्र सिंह केंद्रीय मंत्री अमित शाह का किस्सा सुनाकर भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों को आईना दिखा चुके हैं। सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था। सिंह के मुताबिक शाह ने ग्वालियर में एक कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में कहा था कि 15 साल से पार्टी में काम करने वालों को कुछ नहीं मिला तो 15 दिन में पार्टी ज्वाइन करने वालों को क्या मिलेगा। शाह विधानसभा चुनाव 2023 से पहले ग्वालियर आए थे, तब एक बैठक ली थी।
- सिंह ने हाल में आरोप लगाए थे कि सागर पुलिस कुछ लोगों की सीडीआर निकालकर वसूली कर रही है। धमकाया जा रहा है। यह 6 महीने से चल रहा है।
- दीपावली मिलन समारोह में सिंह ने सुरखी का जिक्र कर कहा कि एक समय वहां कांग्रेसियों का बहुत आतंक था। लोग चुनाव लड़ने से डरते थे।

### कांग्रेस ने शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का लगाया आरोप

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** बुदनी, विजयपुर विधानसभा में मतदान के 48 घंटे पूर्व कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचा। उपचुनाव के संबंध में कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों पर कार्रवाई ना होने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। बताया कि कांग्रेस द्वारा समय-समय पर अनियमितताओं को समाप्त करने के लिए आयोग को कई शिकायतें की कीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि श्योपुर कलेक्टर किशोर कन्याल के पदस्थ रहते हुए विजयपुर में निष्पक्ष मतदान संभव नहीं। उन्हें तत्काल स्थानांतरित किया जाए। पुलिस अधिकारी पप्पू यादव को स्थानांतरित किया जाए। बुधनी क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह तोमर को भी हटाया जाए। आदिवासी क्षेत्रों में मतदाता पर्चियां वितरित होना सुनिश्चित किया जाए, ताकि चुनाव का मतदान निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से हो सके।

**ट्रेंडिंग न्यूज**

नशा मुक्ति

### बेहतर काम पर मिलेगा एक लाख का पुरस्कार

**भोपाल.** नशा मुक्ति के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले समाजसेवियों, स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने सरकार पुरस्कार देगी। राज्य स्तर पर 1 लाख के दो पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक जिले में तीन पुरस्कार 10-10 हजार के होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय को आवेदन की अंतिम तिथि 18 दिसंबर है।

बयानबाजी पड़ी महंगी



### अमिताभ अग्निहोत्री कांग्रेस से निष्कासित

**भोपाल.** पार्टी लाइन से हटकर और अपनी ही पार्टी के नेताओं के खिलाफ बयानबाजी करना कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अमिताभ अग्निहोत्री को महंगा पड़ा। कांग्रेस ने छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस पदाधिकारियों की भाजपा नेताओं से सांठगांठ है। प्रदेश अध्यक्ष, पदाधिकारियों को लेकर भी बयानबाजी की थी।

रबी सीजन

### बिजली की मांग साढ़े 15 हजार मेगावाट के पार

**जबलपुर.** प्रदेश में बिजली की मांग बढ़ रही है। सोमवार को यह 15520 मेगावाट थी। जानकारों के अनुसार रबी सीजन में सिंचाई के चलते यह हुआ है। पिछले दिनों पिछले साल के मुकाबले मांग का ग्राफ कम था। हाल ही में यह मांग पिछले साल के करीब पहुंच गई है। यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि यदि मौसम ऐसा ही रहा तो मांग दिसंबर माह में पीक पर होगी।

### हरिशंकर को बनाया चंबल का प्रभारी

**भोपाल.** प्रदेश भाजपा ने चंबल संभाग की जिम्मेदारी जतारा विधायक हरिशंकर खटीक को दी है। उन्हें संभाग प्रभारी नियुक्ति किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सोमवार को यह नियुक्ति की।

समीक्षा बैठक | सतना मेडिकल अस्पताल में मिलेंगी स्टेट ऑफ आर्ट सुविधाएं

## नए भवनों में शिफ्ट होंगे राजगढ़ और मऊगंज जिला अस्पताल

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** राजगढ़ और मऊगंज के जिला अस्पतालों के भवन तैयार हो गए हैं। संचालन जल्द नए भवनों में शुरू होगा। सतना मेडिकल कॉलेज और उससे संबद्ध अस्पताल में स्टेट ऑफ आर्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सोमवार को समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। रीवा में सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के एक्सटेंशन की धीमी गति पर नाराजगी जताई। कहा, निर्माण कार्यों के साथ ही एचआर, चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था भी करें, ताकि सुविधाओं का लाभ लोगों को मिल सके।



- शुक्ल ने आठ नए मेडिकल कॉलेजों का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने को कहा, ताकि सीटें बढ़ाई जा सकें।
- सतना में 650 बिस्तरों वाले मेडिकल कॉलेज अस्पताल को स्टेट ऑफ आर्ट हेल्थ केयर सुविधा के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।
- इस अस्पताल में अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी सुविधाएं और विशेषज्ञ विभाग शामिल किए जाएंगे, जो मरीजों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने में सहायक होंगे।

### बढ़ेंगे बेड और सीटें भी

श्यामशाह मेडिकल कॉलेज, रीवा का 321 करोड़ की लागत से उन्नयन किया जा रहा है। शुक्ल ने कैंसर अस्पताल (200 बेड), एमसीएच ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज, हॉस्टल, ओपीडी ब्लॉक, मल्टी-लेवल पार्किंग आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को जल्द काम पूरा कराने के निर्देश दिए। रीवा के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में रीडेंसिफिकेशन के तहत चल रहे एक्सटेंशन कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के जिला अस्पताल से मर्जर कर 1200 बिस्तरों तक क्षमता विस्तार का काम जल्द करने को कहा। इससे मेडिकल कॉलेज की क्षमता में वृद्धि होगी। यूजी-पीजी की सीटें बढ़ सकेंगी। विभागीय भर्ती पक्रिया समय से करने को औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी, अपर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा एवं एमडी एमपीएचएससीएल डॉ. पंकज जैन आदि मौजूद थे।

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने एनजीटी को सौंपी रिपोर्ट

## सांवेर औद्योगिक क्षेत्र के भूजल में मानक से ज्यादा मिले तत्त्व, नाइट्रेट-हेवी मेटल्स दूषित कर रहे पानी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** एनजीटी के निर्देश पर सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड की जांच में इंदौर के सांवेर रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र के भूजल में कई प्रकार की अशुद्धियां मिली हैं। कई स्थानों पर क्लोराइड, सल्फेट, नाइट्रेट मानकों से ज्यादा पाया गया है। नाइट्रेट तो कई सैम्पल में ज्यादा पाया गया है। इससे साबित हो रहा है कि इंडस्ट्रीज का पानी और सीवेज का सही प्रबंधन नहीं हो रहा। यहां के भूजल में कई हैवी मेटल्स भी मिले हैं। यह पानी लगातार पानी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं।

एनजीटी सेंट्रल जोन बेंच के समक्ष सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड ने रिपोर्ट दी है। टीम ने औद्योगिक क्षेत्र में 29 स्थानों से भूजल के नमूने लेकर जांच की। इसमें कुएं, हैंडपंप और बोरवेल को शामिल किया गया था। यह सांवेर औद्योगिक क्षेत्र के कुमेडी गांव के आसपास थे। ज्ञात रहे कि इसके पहले मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में बोरवेल के पानी का टीडीएस 2000 से 3600 के बीच मिला था, जबकि यह अधिकतम 600 होना चाहिए। पानी पीने से कई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों के बाद एनजीटी ने बोर्ड को जांच के निर्देश दिए थे।

### यह आया रिपोर्ट में

- अधिकांश स्थानों पर नाइट्रेट मानक 45 मिग्रा प्रति लीटर से ज्यादा मिला है। कुमेडी के मंदिर परिसर में यह 400 मिग्रा प्रति लीटर पाया गया। यह सीवेज, फर्टिलाइजर्स या अन्य रसायनों से ही बढ़ता है।
- हेवी मेटल निकिल 14% सैम्पल में मानक से ज्यादा मिला। अतुलित केमिकल प्रालि के परिसर में सबसे ज्यादा मिला है।
- भूजल में सोडियम, पोटेशियम की मात्रा भी ज्यादा पाई गई है। भूजल में यूरेनियम भी मिला है लेकिन यह तय मानक के अंदर है।

## गुदगुदी



■ **टीचर**-सच ओर वहम में क्या फर्क है? **स्टूडेंट**- आप जो हमें पढ़ा रही हैं वह सच है, लेकिन हम सब पढ़ रहे हैं। यह आपका वहम है।

■ **लड़का**- मां आज मेरा दोस्त घर आ रहा है। घर के सब खिलौने छिपा दे। मां-तेरा दोस्त चोर है क्या? **लड़का**- नहीं, वह अपने खिलौने पहचान लेगा।

■ एक बच्चे को एक बार की बात है। भारत में एक गाइड किसी विदेशी पर्यटक को दिल्ली घुमा रहा था। गाइड ने कहा-यह हमारा संसद भवन है। विदेशी पर्यटक ने कहा बस...? इतना बड़ा तो हमारे यहां पीत्जा होता है। गाइड चुप रहा और उसे आगे ले गया। फिर बोला-यह है हमारा लाल किला। विदेशी पर्यटक बोला, बस...? इतना तो हमारे यहां बर्गर होता है। गाइड को गुस्सा तो बहुत आ रहा था। मगर वह चुप रहा। गाइड उसे आगे कुतुब मीनार दिखाने पहुंचा। विदेशी पर्यटक ने पूछा-ये क्या है? गाइड बोला- ये तुम्हारे पीत्जा-बर्गर पर टोमेटो सॉस डालने की बोतल है।

■ **गप्पू**- भाई, आज मैंने बस के पीछे-पीछे दौड़ कर दस रूपए बचा लिए। **पप्पू**- क्या भाई, बहुत मूर्ख हो। टैक्सी के पीछे भागते तो कम से कम सौ रुपए बचाते

## ILLUSION



## चित्र बनाओ

### स्टेप बाय स्टेप बनाइए



## पहेलियां

■ साथ ले चले तो,
तुम्हारे काम आऊंगा।
अगर भटक गए तो,
तुम्हें दिशा दिखाऊंगा।

■ चुपके से मैं आती हूं,
तुमको रोज सुलाती हूं।
आहट पाकर सूरज की,
जल्दी से भाग जाती हूं?

■ हाथ-पैर में जंजीर पड़ी,
फिर भी दौड़ लगाती।
टेढ़े-मेढ़े रास्तों से,
गांव-गांव घुमाती?

■ बड़ा शरीर और मस्त चाल है,
जंगल पर मेरा राज है।

■ नटखट हूं और छोटा भी,
रूई सा गोला भी।
बिल्ली से मैं हूं डरता,
लेकिन बिल में भी नहीं रहता।

उत्तर-1. दिशा सूचक यंत्र 2. रात 3. साइकिल 4.हाथी 5.खरगोश

## किड्स क्विज

**Q**. महाभारत किसने लिखी थी?
वेद व्यासजी

**Q**.माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला कौन थी?
बछेंद्री पाल

**Q**. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई थी? वर्ष 1945

**Q**.भांखड़ा नांगल बांध किस राज्य में है? पंजाब

**Q**.सबसे अधिक साक्षर राज्य कौन सा है? केरल

## उत्तर : अंतर खोजिए



**ऐतिहासिक स्थल : महल और किले देखने आते हैं हजारों सैलानी**

# शीश महल है खास आकर्षण

*आमेर जयपुर नगर सीमा में ही स्थित उपनगर है। यहां के मंदिर, हवेलियां, महल और किले राजपूती कला का अद्वितीय उदाहरण है। यहां का मुख्य द्वार गणेश पोल कहलाता है। इसकी दीवारों पर कलात्मक चित्र बने हुए है, जो बहुत ही आकर्षक हैं। पर्यटक यहां की छटा देखकर मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं।*

**आमेर** का किला मुगल-हिन्दू वास्तुशिल्प का मिलाजुला अद्वितीय नमूना है। पहाड़ी पर बना यह महल टेढ़े-मेढ़े रास्तों और दीवारों से पटा पड़ा है। महल के पीछे से जयगढ़ दिखाई देता है। इस महल को बनाने में लाल पत्थरों और सफेद मार्बल का उपयोग किया गया है। यहां स्थित शीश महल में माचिस की तीली जलाने पर सारा महल आलोकित हो उठता है। इसकी भीतरी दीवारों-गुम्बदों और छतों पर शीशे के टुकड़ों को इस प्रकार जड़ा गया है कि मोमबत्ती जलाते ही शीशों का प्रतिबिम्ब पूरे कमरे को प्रकाश से जगमग कर देता है। सुख महल व किले के बाहर झील बाग का स्थापत्य अपूर्व है। हाथी की सवारी यहां का विशेष आकर्षण है, जो देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए कौतूहल और आनंद का विषय है। यहां स्थित शीला माता का मंदिर विख्यात है। महल में जयमंदिर, शीश महल, सुख निवास और गणेश पोल देखने और घूमने के अच्छे स्थान हैं। परिसर में एक संग्रहालय भी है।



### जयगढ़ में देखें विश्व की सबसे बड़ी तोप

आमेर में फिल्मों की शूटिंग भी होती रहती है। यहां का जगत शिरोमणि का मंदिर का विशाल द्वार सफेद संगमरमर का बना है। नृसिंह मंदिर सहित कई प्राचीन मंदिर दर्शनीय हैं। सैकड़ों सीढ़ियों वाला पन्नामीणा कुंड आकर्षक है। नाहरगढ़ के किले में नौ महल हैं। जयगढ़ के किले में म्यूजियम, शस्त्रागार और विश्व की सबसे बड़ी तोप है। मावठा झील, दलाराम बाग, परियों का बाग, केसर क्यारी, भारमल की छतरियां भी दर्शनीय हैं।

## बोल अनमोल

**सफलता में खुशी मनाना अच्छा है, पर उससे जरूरी है, विफलता से सीख लेना।**



■ **मनुष्य** जैसा सोचता है वैसा बन जाता है। **-स्वामी विवेकानंद**

■ **बदला** लेने से मनुष्य अपने शत्रु के समान हो जाता है। **-बेकन**

■ **विनय** से पात्रता प्राप्त होती है। **-हितोपदेश**

■ संकट में ही धैर्य और धर्म की परीक्षा होती है। **- प्रेमचन्द**

■ मूर्ख स्वयं को बुद्धिमान समझते हैं, किन्तु वास्तविक बुद्धि- मान स्वयं को मूर्ख ही समझते हैं। **-शेक्सपीयर**

■ थोड़ा पढ़ना और अधिक सोचना, कम बोलना और अधिक सुनना यही बुद्धिमान बनने का उपाय है। **- रवीन्द्र नाथ ठाकुर**

## विश्व विरासत

# सागरमाथा राष्ट्रीय उद्यान नेपाल





सागरमाथा राष्ट्रीय उद्यान पूर्वी नेपाल के सोलुखुम्बु जिला के उत्तरी भाग में स्थित है। जिसने सागरमाथा, ल्होत्से, नुप्त्से, चो यु, आमादब्लम हिमालय और इसके आसपास के क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका क्षेत्रफल 1148 वर्ग किलोमीटर है। इसकी स्थापना 1976 में की थी। इस उद्यान को यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल सूची में वर्ष 1979 को शामिल किया गया। सगरमाथा के नाम्चे बजार, खुम्जुं, थामे, थेंबोचे, स्यांबोचे क्षेत्रों में करीब 3 हजार लोग रहते हैं। जिसमें मुख्य रूप से शेरपा जाति के लोग रहते हैं। यहां के हिम पर्वत, ग्लेशियर, गहरी घाटियां और ऊंची चोटियां रोमांच पैदा करती है। उद्यान में हिम तेंदूए, छोटे पांडा जैसी विभिन्न प्रजातियों के जीव-जन्तुओं और वनस्पतियों को देखा जा सकता है। इस राष्ट्रीय उद्यान में हर साल सैकड़ों सैलानी प्रकृति से रूबरू होने के लिए आते हैं।

## विजुअल एक्सरसाइज

**नीचे दी गई तस्वीर में कई वस्तुएं शामिल हैं। आप नीचे-साइड में दी गई वस्तुओं को तस्वीर में खोजिए।**




## यह भी जानिए

### क्या कारण है छींक आने का?

जब किन्हीं कारणों से नाक की म्यूकस मैंब्रेन में इरीटेशन होता है, तो छींक आती है। नाक के भीतर सूक्ष्म कणों की हलचल अथवा धूल या परागकणों से एलर्जी होने पर मस्तिष्क के स्निज सेंटर में संदेश जाता है कि सभी मसल्स को छींकने के लिए मिलकर काम करना है। छींकने के बाद इरीटेशन पैदा करने वाले तत्त्व दूर हो जाते हैं और इसी वजह से व्यक्ति रिलैक्स महसूस करता है। छींक ऐसी क्रिया है जो कि अचानक घट जाती है। जब छींक आती है, तो कुछ क्षण से हमारे शरीर का पूरा सिस्टम प्रभावित हो जाता है। छींक का इतना प्रभाव होता है कि हम छींकते समय आंख खोलकर नहीं रख सकते। आंखें भी बंद हो जाती हैं।



## क्या आप जानते हैं?



■ **कंबोडिया** स्थित अंकोरवाट मंदिर विश्व का सबसे बड़ा मंदिर है।

■ **रॉकेटों** का सामरिक प्रयोग पहली बार चीन ने वर्ष 1232 में मंगोलों के खिलाफ किया था।

■ **ऑस्ट्रेलिया** के लाल पहाड़ी वाले हिस्से में जहरीले मेंढकों के समूह पाए जाते हैं। ये जिस जगह से गुजरते हैं, उसे कुछ देर के लिए जहरीला बना देते हैं।

■ **वैदिक** काल में राजाओं द्वारा किया जाने वाला सबसे महत्त्वपूर्ण यज्ञ अश्वमेध था।

## DOT TO DOT

### बिंदु मिलाकर देखिए चित्र में कौन है?



## खर्चीले खेल...

**फॉर्मूला वन**- सबसे खतरनाक खेलों में से एक खेल है फार्मूला वन। इस खेल में हर खिलाड़ी के पास खुद की कार होनी चाहिए और यह कार कोई साधारण कार नहीं होती। बल्कि बहुत महंगी स्पोर्ट्स कार होती है। इस खेल में एक रेस की कीमत ही करीब दो लाख डॉलर होती है। यह दुनिया की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल रेस प्रतियोगिता होती है, इस दौड़ में शीर्ष दस ड्राइवरों को उनके स्थान के हिसाब से अंक मिलते हैं।



## MAZE CRAZE

### बटरफ्लाई को फूल से बाहर आने का रास्ता बताइए।



## रंग भरो

### चित्र में चटक रंग भरकर आकर्षक बनाइए।



## कार्टून स्टोरी

जीवन में हास्य-व्यंग्य बहुत जरूरी है। इससे मन-मस्तिष्क तरोताजा रहता है...। यहां दिए गए संवाद आपको एक गुदगुदाएंगे जरूर...।




## आर्ट एंड क्राफ्ट




***इनकी होगी जरूरत***- ककड़ी बलून (पतले लंबे वाले बलून) धागे काला मार्कर पेन, फुलाने के लिए पंप।

***ऐसे बनाएं***- ककड़ी बलून के खिलौने बनाते समय किसी भी चीज की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इनको मोड़कर गोल घुमाकर एक दूसरे में फंसाते हुए ही टॉय बन जाते हैं। बटरफ्लाइ बनाने के लिए ग्रीन कलर के गुब्बारे से मुंह बनाने के लिए ऊपर का भाग छोड़ दें। इसके बाद बलून को मोडकर एक छोटा भाग बना दें और दूसरा छोटा भाग मोड़कर मुंह के चारों ओर फंसा दीजिए। नीचे का भाग ऐसे ही छोड़ दीजिए। पिंक कलर के बलून लेकर उसको थोड़ा लंबा डबल करके मोड़कर चारों पंख बना दें। इसके बाद गर्दन के चारों ओर फंसा दीजिए। फिर बैंगनी कलर के बलून लेकर पिंक वाले को बीच में करते हुए उसके चारों और आउटलाइन बना दें। पीला बैलून लेकर उसके ऊपर के भाग में पूरी हवा भरकर बाकी के भाग में थोड़ी सी हवा भरकर एंटीने की जगह लगा दीजिए। रंग-बिरंगी सुंदर बटरफ्लाइ बनकर तैयार हो गई। इस प्रकार ककड़ी बलून को मोड़ते हुए आप कोई भी टॉय बना सकते हैं।

## स्टोरी टाइम

# शिष्य ने किया स्वयं का परीक्षण

एक महात्मा थे। वे अपनी ही साधना में लीन रहते थे। एक बार एक लड़का उनके पास आया। उसने उनसे अपना शिष्य बना लेने की प्रार्थना की। महात्मा जी ने सोचा, बुढ़ापा आ रहा है। एक शिष्य पास में होगा, तो सहारा बनेगा। यह सोचकर उन्होंने उसे शिष्य बना लिया। शिष्य बहुत चंचल प्रकृति का था। ज्ञान-ध्यान में उसका मन नहीं लगता था। दिनभर आने-जाने वालों से बातें करने और मस्ती करने में उसका समय व्यतीत होता। गुरु ने कई बार उसे समझाने की चेष्टा की। पर सफलता नहीं मिली। दुनिया चमत्कार को नमस्कार करती है। यह सोचकर एक दिन शिष्य महात्माजी से बोला, 'गुरुदेव! मुझे कोई चमत्कार सिखा दें।' गुरु ने कहा, 'वत्स! चमत्कार कोई काम की वस्तु नहीं है। उससे एक बार भले ही व्यक्ति प्रसिद्धि पा ले, लेकिन अंततोगत्वा उसका परिणाम अच्छा नहीं होता।' पर शिष्य अपनी बात पर अड़ा रहा। बालहठ के सामने गुरुजी को झुकना पड़ा। उन्होंने अपने झोले में से एक पारदर्शी डंडा निकाला और शिष्य के हाथ में उसे थमाते हुए कहा, 'यह लो चमत्कार। इस डंडे को तुम जिस किसी की छाती के सामने करोगे, उसके दोष इसमें प्रकट हो जाएंगे।' शिष्य डंडे को पाकर बहुत प्रसन्न हुआ। गुरु ने शिष्य के हाथ में डंडा क्या थमाया, मानो बंदर के हाथ में तलवार थमा दी। कोई भी व्यक्ति उस आश्रम में आता। शिष्य हर आगंतुक के सीने के सामने उस डंडे को घुमा देता। फलतः उसकी कमजोरियां उसमें प्रकट हो जातीं और शिष्य उनका दुष्प्रचार शुरू कर देता। गुरुजी सारी बात समझ गए। एक दिन उन्होंने शिष्य से कहा, 'एक बार डंडा अपनी ओर भी घुमाकर देख लो। इससे स्वयं का परीक्षण हो जाएगा कि आश्रम में आकर अपनी साधना से तुमने कितनी प्रगति की है। शिष्य को बात जंची। उसने फौरन डंडा अपनी ओर किया। लेकिन देखा कि उसके भीतर तो दोषों का अंबार लगा है। शर्म से उसका चेहरा लटक गया। वह तत्काल गुरु के चरणों में गिर पड़ा और अपनी भूल की क्षमा मांगते हुए बोला, आज से मैं दूसरों के दोष देखने की भूल नहीं करूंगा।



## टैलेंट विंडो







**हर्षवर्द्धन**
14 वर्ष
झालावाड़



**कनिका शर्मा**
11 वर्ष
करौली

**यहां भेजें:** अगर आपके बच्चे में किसी भी प्रकार का टैलेंट है, जैसे- अपनी कविता, कहानी, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट व अन्य रचनाएं - फीडबैक ईमेल पर भेजें।

■www.facebook.com/PatrikaBrainPower ■patrikabrainpower@in.patrika.com

■www.facebook.com/groups/brainpower.patrika

## अंतर खोजिए

### चित्रकार ने दोनों चित्र बनाते समय कुछ गलतियां छोड़ी हैं, आप बताइए कौनसी हैं?





**धार्मिक स्थल | रोमांचित करती है बुद्ध की विशाल प्रतिमा**

# बोधगया: मठ और मंदिरों में करें विहार

पटना के दक्षिण-पूर्व में लगभग सौ किमी दूर है बोधगया। यह एक छोटा सा शहर है। कहते हैं कि बोधगया में बोधि पेड़ के नीचे तपस्या कर रहे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तभी से यह स्थल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

**महाबोधि मंदिर**- यह मंदिर मुख्य मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इस मंदिर की बनावट स्तूप के समान है। यहां बुद्ध की एक बहुत बड़ी मूर्ति है। मंदिर के चारों ओर पत्थर की नक्काशीदार रेलिंग बनी हुई है। यह रेलिंग ही बोधगया में प्राप्त सबसे पुराना अवशेष है। इस मंदिर परिसर के दक्षिण-पूर्व दिशा में प्राकृतिक दृश्यों से समृद्ध एक पार्क है, जहां बौद्ध भिक्षु ध्यान साधना करते हैं।



**चीनी मंदिर**- इस मंदिर में सोने की बनी बुद्ध की एक प्रतिमा स्थापित है। इन मठों और मंदिरों के अलावा कुछ और स्मारक भी यहां देखने लायक हैं। इन्हीं में से एक है, भारत की सबसे ऊंची बुद्ध मूर्ति जो कि छह फीट ऊंचे कमल के फूल पर स्थापित है। यह पूरी प्रतिमा एक 10 फीट ऊंचे आधार पर बनी हुई है। यहां के खान पान की बात करें तो यहां का मुख्य भोजन भात-दाल, रोटी-तरकारी और आचार हैं। यहां मिष्टान्न भी खूब खाए जाते हैं। इनमें खाजा, मावे का लड्डू, काला जामुन, केसरिया पेड़ा, परवल की मिठाई, खुबी की लाई और चना मर्की का नाम लिया जा सकता है। इसके अलावा, पुआ, तिलकुट, चिवड़ा या च्यूरा भी खाने के साथ परोसा जाता है।

**तिब्बतियन मठ**- यह बोधगया का सबसे बड़ा और पुराना मठ है। इस विहार में दो प्रार्थना कक्ष हैं। इसके अलावा इसमें बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा भी है। इससे सटा हुआ ही थाई मठ है। इस मठ के छत की सोने से कलई की गई है। इस कारण इसे गोल्डन मठ कहा जाता है।

**अर्कियोलॉजी म्यूजियम**- यह एक छोटा सा म्यूजियम है। इस म्यूजियम में हिंदू और बौद्ध धर्म की कई मूर्तियां और कलाकृतियां मौजूद हैं। इसके अलावा खुदाई में मिली कुछ अन्य चीजें भी इस म्यूजियम में रखी गई हैं।

| शेयर बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी | सोना स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) | बिटकॉइन | इथर | बिनेंस | डॉलर | यूरो | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 79,496 (+9.83) | 24,141 (-6.90) | ₹78,850 (प्रति 10 ग्राम)(-600) | ₹76,637 (प्रति 10 ग्राम) (-635) | ₹92,800 (प्रति किग्रा)(-100) | ₹91,250 (प्रति किग्रा) (-20) | $82,141 (+2.75) | $3,195 (-0.32%) | $623.3 (-1.95%) | ₹84.38 (प्रति 1 डॉलर) | ₹89.99 (प्रति यूरो) | ₹106.45 (प्रति लीटर) | ₹91.85 (प्रति लीटर) |

**चिंताजनक:** सांख्यिकी मंत्रालय की कैम्स रिपोर्ट के मुताबिक, 44.6% भारतीय महिलाएं अभी देश की किसी भी उत्पादक गतिविधियों में शामिल नहीं

# देश की आधी युवा महिलाओं के पास न तो काम और न ही कौशल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ऊर्जा से भरपूर देश की करीब आधी युवा महिलाएं किसी भी उत्पादक गतिविधि में शामिल नहीं हैं। वे न तो पढ़ रही हैं, न रोजगार में हैं और न ही कोई प्रशिक्षण ले रही हैं। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, युवा आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न तो कोई काम है और न ही वे खुद को निखार रहे। सांख्यिकी मंत्रालय की वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण 2022-23 (कैम्स रिपोर्ट) के मुताबिक, 15 से 29 साल की करीब 44.6% महिलाओं के पास कोई काम नहीं है। वो कुछ भी ऐसा नहीं कर रहीं, जिससे हुनरमंद या आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं इसी आयुवर्ग में 8% पुरुषों का भी यही हाल है।




## आठ करोड़ से अधिक युवतियां खाली

**यह आंकड़ा** इसलिए ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि 15-29 वर्ष का आयु वर्ग ऐसा है, जिसमें भारत में सबसे ज्यादा युवा हैं। एक अनुमान के अनुसार, देश में करीब 38 करोड़ की आबादी इस आयु वर्ग में है, जिनमें 48% आबादी महिलाओं की मानें तो देश में 15 से 29 साल की 18.5 करोड़ युवतियां हैं। इनमें से 44.6% खाली या प्रशिक्षण से दूर हैं। इसका मतलब 8 करोड़ से भी अधिक युवतियां कुछ भी ऐसा नहीं कर रही हैं, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देता हो। यह संख्या जर्मनी की पूरी आबादी के बराबर है।

### शहर-गांव में हालात एक जैसे

**शहर** हो या गांव, महिलाओं की स्थिति एक समान है। ग्रामीण क्षेत्र में 8.4% युवा और 46.6% युवतियां उपरोक्त तीन में से किसी एक गतिविधि में शामिल नहीं हैं। शहरी क्षेत्रों में ऐसे युवा 7.1% और युवतियां 39.8% हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह रिपोर्ट दर्शाता है कि अब भी शिक्षा में महिलाओं के साथ भेदभाव की खाई गहरी है। यदि वह शिक्षित नहीं होंगी तो उसके अगले चरणों प्रशिक्षण और रोजगार में भी वे पीछे ही रहेंगे। 8% और 45% की यह खाई यही दर्शाती है। राष्ट्रीय स्तर पर 25.6% युवा पढ़ाई, प्रशिक्षण और रोजगार से दूर हैं।

### काम की खबरें...

**सुविधा:** जनवरी 2025 से मिलने लगेगी सेवा

## ईपीएफओ सदस्य कहीं से भी, किसी बैंक से ले सेकेंगे पेंशन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीयकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) का पायलट रन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है, जिससे पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के हस्तांतरण की जरूरत खत्म हो गई है। इससे ईपीएफओ सदस्यों के लिए देशभर में कहीं से भी पेंशन निकालने का रास्ता साफ हो गया है। कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) में शामिल सदस्य जनवरी, 2025 से देशभर में कहीं से अपना पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। 01 जनवरी से यह सेवा सभी ईपीएफओ सदस्यों के लिए शुरू हो जाएगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा, इससे 78 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा।




***यह होगा फायदा:*** नए साल से पेंशनभोगियों को पेंशन के लिए बैंक जाकर सत्यापन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पेंशन ट्रांसफर होते ही तत्काल बैंक खाते में दिखाई देगी। मौजूदा सिस्टम के तहत चुनिंदा बैंकों में ही पेंशन की सुविधा मिल पाती है। इसके लिए लोगों को एक निश्चित बैंक व शाखा से पेंशन मिलती है। नए सिस्टम में देश में कहीं भी किसी भी बैंक की शाखा से पेंशन निकाल सकेंगे।

**रिपोर्ट:** चिप मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत...

## सेमीकंडक्टर उद्योग में 2026 तक आएंगी 10 लाख नौकरियां!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा हैं। चिप उत्पादन के लिए भारतीय कंपनियां ग्लोबल फर्म्स के साथ सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन यूनिट स्थापित करने के लिए करार कर रही हैं। इससे सेमीकंडक्टर चिप के लिए चीन-ताइवान पर से निर्भरता तो घटेगी ही, बड़े पैमाने पर नौकरियां भी पैदा होंगी। टैलेंट सॉल्यूशंस कंपनी एनएलबी की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता भारत वर्ष 2026 तक चिप निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में 10 लाख नौकरियों का सृजन कर सकता है। कई निजी कंपनियों ने भारत में सेमीकंडक्टर असेंबली व परीक्षण सुविधाओं के निर्माण में निवेश की मंशा जताई हैं।

### इतना समय लिया

रिपोर्ट में कहा गया कि चिप सेमीकंडक्टर विनिर्माण में 3 लाख नौकरियां आएंगी। वहीं एटीएमपी यानी असेंबली, परीक्षण, मार्किंग व पैकेजिंग में लगभग 2 लाख नौकरियां आएंगी। सॉफ्टवेयर विकास, चिप डिजाइन, सिस्टम सर्किट व विनिर्माण आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में भी नौकरियों को नए अवसर बनेंगे। इसके अलावा इंजीनियर, गुणवत्ता नियंत्रण, संचालक, खरीद और सामग्री इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों और तकनीशियन सहित कुशल कार्यबल की मांग होगी, जो 2026 तक मजबूत सेमीकंडक्टर प्रतिभा तैयार करने की भारत की रणनीति के अनुरूप है।

**इक्विटी फंड्स में रेकॉर्ड ₹41,887 करोड़ निवेश:** गिरावट का फायदा उठाने को निवेशक टूट पड़े

# एसआइपी से निवेश पहली बार ₹25,000 करोड़ पार, गोल्ड ईटीएफ की बढ़ी चमक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** अमरीकी चुनाव को लेकर जारी अनिश्चितता, चीन के राहत पैकेज से भारतीय बाजार से विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली और एफएंडओ पर सेबी की सख्ती से अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार में 6% की गिरावट आई। इस गिरावट का फायदा उठाने के लिए खुदरा और छोटे निवेशकों ने म्यूचुअल फंड्स के जरिए रेकॉर्ड निवेश किया। इक्विटी फंड्स में अक्टूबर के दौरान 41,887 करोड़ रुपए का भारी निवेश हुआ, जो सितंबर की तुलना में 21% ज्यादा है। वहीं इस दौरान एसआइपी से पहली बार निवेश 25,000 करोड़ रुपए के पार निकल गया और गोल्ड ईटीएफ में भी अब तक का सबसे ज्यादा निवेश आया।

म्यूचुअल फंड्स के संगठन एम्फी की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में अक्टूबर के दौरान कुल 2.40 लाख करोड़ रुपए का निवेश आया। यह ताबड़तोड़ निवेश डेट स्कीमों में 1.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश की वजह से आया। एसआइपी खातों की संख्या बढ़कर 10.12 करोड़ के पार पहुंच गई और एसआइपी से निवेश भी बढ़कर 25,387 करोड़ रुपए रहा।




**₹67.25 लाख करोड़** रहा म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का कुल एयूएम, ***बाजार में आई 6% की गिरावट से एयूएम सितंबर, 2024 के बराबर ही रहा***

**1,57,402 करोड़ रुपए** का निवेश आया डेट फंड्स में, ***जिसमें सितंबर में 1,13,834 करोड़ की निकासी हुई थी***

**16863 करोड़** का निवेश हाइब्रिड फंड्स में तो इंडेक्स फंड्स और ***ईटीएफ में आया रेकॉर्ड 23,428 करोड़ रुपए का निवेश***

**21.65 करोड़** हुए कुल म्यूचुअल फंड खाते अक्टूबर में, ***इनमें छोटे निवेशकों के 17.23 करोड़ म्यूचुअल फंड फोलियो***

### निवेशकों का भरोसा बढ़ा

**सोना और महंगा** होने की उम्मीद से अक्टूबर में गोल्ड ईटीएफ में भी 1961 करोड़ से अधिक का रेकॉर्ड निवेश आया। यह दिखाता है कि बाजार में गिरावट के बावजूद निवेशकों का भारतीय बाजार में भरोसा बढ़ा है और वे इस गिरावट को खरीदारी के मौके के रूप में देख रहे हैं।

### गोल्ड ईटीएफ में निवेश ऑल-टाइम हाई पर...

| माह | राशि |
|---|---|
| अप्रेल | -395.69 |
| मई | 827.43 |
| जून | 726.16 |
| जुलाई | 1337.35 |
| अगस्त | 1611.38 |
| सितंबर | 1232.99 |
| अक्टूबर | 1961.5 |

(राशि करोड़ रुपए में)

**₹44,545 करोड़** हुआ *गोल्ड ईटीएफ का कुल एयूएम*

### किस इक्विटी फंड स्कीम में कितना आया निवेश

| फंड | सितंबर | अक्टूबर |
|---|---|---|
| सेक्टोरल | 13,255 | 12,279 |
| लार्ज एंड मिड | 3598 | 4857 |
| स्मॉल कैप | 3071 | 3772 |
| मिड कैप | 3130 | 4683 |
| मल्टी कैप | 3508 | 3597 |
| फ्लेक्सी कैप | 3214 | 5181 |
| लार्ज कैप | 1769 | 3452 |

(राशि करोड़ रुपए में)

**परेशानी:** एक माह में ठीक से काम करेगा पोर्टल

## ईपीएफओ दावों के निपटान में विलंब, 70 दिन लग रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में जमा धनराशि को निकालने में लोगों को भारी परेशानी आ रही है। ऑनलाइन दावा करने की प्रक्रिया से लेकर दावा होने की स्थिति में दो-ढाई महीने बाद भी लोगों को पीएफ खाते में जमा धनराशि नहीं मिल रही है। इसको लेकर लोग पोर्टल से लेकर सोशल मीडिया एक्स सहित तमाम स्तर पर शिकायतें कर रहे हैं। सामान्य तौर पर निकासी के लिए ऑनलाइन दावा किए जाने पर 20 दिन में धनराशि को खाते में हस्तांतरित कर दिया जाता था लेकिन अब यह समय बढ़कर 50 से 70 दिन तक पहुंच गया है।

***कागजों में त्रुटि भी:*** ईपीएफओ सर्वर पर काफी दबाव है। श्रम मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने कहा, सर्वर को अपडेट करने का काम चल रहा है। सर्वर पर लॉगइन करने से जुड़ी समस्याओं को सुलझा लिया गया है। करीब 60% तक समस्या खत्म हो गई है। एक महीने में ईपीएफओ का सिस्टम ठीक से काम करने लगेगा। दावों से जुड़ी समस्या सदस्यों की ओर से पूरे कागजात नहीं दिए जाने या कागजात में त्रुटि होने के कारण भी आती है।

**शेयर बाजार:** भारी उठापटक के बीच सेंसेक्स-निफ्टी सपाट बंद

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले रूख के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को मामूली बढ़त के साथ लगभग सपाट बंद हुए। आइटी और फाइनेंशियल शेयरों में तेजी ने भारतीय शेयर बाजार को बड़ी गिरावट से बचा लिया। कंपनियों के दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजे और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों में अभी भी चिंता बनी हुई है। सोमवार को सेंसेक्स 10 अंक की मामूली बढ़त लेकर 79,496 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी-50 भी 7 अंक की गिरावट लेकर 24,141 पर रहा।

**सख्ती:** ऑनलाइन टेक फर्मों के लिए दिशा-निर्देश

## पैन का दुरुपयोग करने वाले फिनटेक पर होगी कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** बैंक-फिनटेक सहित ज्यादातर वित्तीय कंपनियां अपने ग्राहकों के निजी विवरण अपने पास संभाल कर रखती हैं। इसमें आधार और पैन कार्ड जैसे विवरण भी शामिल हैं। कई बार इन विवरणों का गलत इस्तेमाल देखने में आया है।

अब केंद्रीय गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने फिनटेक कंपनियों और दूसरी ऑनलाइन टेक्नोलॉजी फर्मों के लिए इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। नए नियमों के तहत, वित्तीय कंपनियों को नागरिकों के पैन की जानकारी प्रॉसेस करते समय उनकी सहमति लेनी होगी और अधिकृत चैनलों का उपयोग करना होगा। अब कंपनियां सीधे आयकर विभाग से इस जानकारी को एक्सेस नहीं कर सकेंगी। कई कंपनियों ने आयकर विभाग के बैकएंड सिस्टम से पैन का उपयोग कर ग्राहकों के विवरण लिए।



***बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर तक अनाधिकृत पहुंच पर सख्ती:*** ग्राहक के क्रेडिट स्कोर के साथ पैन का कनेक्शन इसका महत्व बढ़ा देता है। हालांकि यह कोई डेटा की चोरी नहीं है, पर आयकर विभाग के बैकएंड इंफ्रास्ट्रक्चर तक अनाधिकृत पहुंच की ओर इशारा करता है। सरकार ने किसी भी सरकारी डेटाबेस तक अवैध पहुंच पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पैन का विवरण लोन बांटने वाली कंपनियों को कर्ज और अन्य वित्तीय उत्पादों की बिक्री के लिए अपने ग्राहकों की प्रोफाइल बनाने में मदद करती हैं।

**ट्रेंड:** किफायती आवास वाले 26 दिन समय ले रहे

## लग्जरी खरीदार मकान खरीदने का निर्णय लेने में 15 दिन ले रहे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारत में मकान खरीदना निवेश का सबसे अच्छा विकल्प बनता जा रहा है। इसलिए खरीदार अब मकान खरीदने का निर्णय लेने में कम समय ले रहे हैं। कोविड के बाद से मकान लेने की इच्छा को खरीदने में बदलने में लगने वाले दिनों की संख्या में कमी आई है। बहुत महंगे मकानों के मामलों में खरीदार सबसे कम वक्त ले रहे हैं।

संपत्ति सलाहकार फर्म एनारॉक समूह की रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 में मकान लेने की सोच को मकान लेने के निर्णय में बदलने में 33 दिन लग रहे थे, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में दिनों की संख्या घटकर 26 रह गई। घर खरीदार मकान खरीदने का निर्णय अब फटाफट ले रहे हैं।

### इतना समय लिया

**खरीदार** अल्ट्रा-लक्जरी यानी 3 करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाले मकान लेने की योजना को बुकिंग में तब्दील करने में केवल 15 दिन लेते हैं। जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में खरीदारों ने इसके लिए 22 दिन लिए थे। खरीदार 50 लाख से एक करोड़ रुपए कीमत का मकान खरीदने का अंतिम निर्णय लेने में सबसे अधिक 30 दिन लगा रहे हैं। 2 से 3 करोड़ कीमत के मामले में दिनों की संख्या 26 रही, जो पिछले साल 32 दिन था। 50 लाख तक के मकान खरीदने में बुकिंग में बदलने में 26 दिन लगे।

**सेबी की कार्रवाई**

## वेणुगोपाल धूत के बैंक और डीमैट खाते कुर्क करने का आदेश

**मुंबई@ पत्रिका.** बाजार नियामक सेबी ने लगभग 68.5 लाख रुपए का बकाया वसूलने के लिए वेणुगोपाल धूत और वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रवर्तक इकाई इलेक्ट्रोपार्ट्स (इंडिया) के बैंक खातों, शेयरों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को कुर्क करने का आदेश दिया है। इससे पहले सेबी ने 30 सितंबर को वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की प्रवर्तक इकाई इलेक्ट्रोपार्ट्स और इसके सीईओ वेणुगोपाल धूत को नोटिस भेजा था। नोटिस में उन्हें वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज के शेयरों में भेदिया कारोबार गतिविधियों के एक मामले में 15 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने को कहा गया था। धूत और इलेक्ट्रोपार्ट्स की ओर से जुर्माने न देने पर यह कार्यवाही की गई है।

**नीलकंठवर्णी महाराज की प्रतिमा स्थापित**

## अक्षरधाम : वैदिक पूजन में 555 तीर्थों के जल का उपयोग

**गांधीनगर @ पत्रिका.** गांधीनगर स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम में भगवान स्वामीनारायण के तपस्वी किशोर रूप नीलकंठवर्णी महाराज की 49 फीट ऊंची प्रतिमा वैदिक रीति से स्थापित की गई। सोमवार को कार्तिक सुद दशमी पर इसे महंत स्वामी महाराज के करकमलों से प्रतिष्ठापित किया गया। नीलकंठवर्णी की तपोमूर्ति के वैदिक पूजन में 555 तीर्थों के जल का उपयोग किया गया। सुबह 4 बजे से ही लगभग 1550 हरिभक्त



स्वामीनारायण विश्वशांति महायज्ञ में सम्मिलित हुए। स्वामीनारायण महामंत्र के जप और आरती के अर्घ्य अर्पण के बाद ड्रोन से नीलकंठवर्णी महाराज पर पुष्प वर्षा की गई।

## सैडल डैम में कार गिरी, दो की मौत

**हिम्मतनगर @ पत्रिका.** साबरकांठा जिले में विजयनगर के निकट वणज गांव के पास सैडल डैम में सोमवार सुबह कार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में करणसिंह सिसोदिया और लक्ष्मणसिंह गोड़ शामिल हैं। सिसोदिया राजस्थान के सलूम्बर जिले के कपूरावतो का बाडा के रहने वाले थे वहीं गोड इसी जिले के सिंगावत कलाफला के रहने वाले थे। ये लोग राजस्थान के सलूंबर से अंबाजी जा रहे थे।

## पाक डॉन ने दी मिथुन को धमकी

**मुंबई@ पत्रिका.** सलमान खान और शाहरुख खान के बाद अब अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को धमकी मिली है। दुबई में बैठे पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने कहा कि मिथुन ने हाल ही दिए कथित मुस्लिम विरोधी बयान के लिए 15 दिन में माफी नहीं मांगी तो उन्हें पछताना पड़ेगा।

## बोको हराम के 96 आतंकी ढेर

**याउंडे @ पत्रिका.** मध्य अफ्रीकी देश चाड की सेना ने बोको हराम के खिलाफ 'हस्कैनाइट' अभियान के तहत 96 आतंकियों को मार गिराया और 11 अन्य को घायल कर दिया है। सेना के प्रवक्ता जनरल इसाख अचेख ने बताया कि इस अभियान में चाड के पांच सैनिक शहीद हुए और 32 घायल हुए हैं। अभियान के दौरान आतंकियों के हथियार और उपकरण भी जब्त किए गए।

**12 साल पूर्व** प्रेम विवाह किया था ऑटो चालक ने

## पत्नी की हत्या के बाद 8 टुकड़े कर जंगल में फेंके

**वेलूर/तिरुवण्णामलै @ पत्रिका.** जिले के नगर पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला की उसके पति ने पारिवारिक विवाद के चलते हत्या कर उसके शव के आठ टुकड़े करके एक ट्रैवलिंग बैग में बंद कर कृष्णगिरि के जंगल में फेंके दिए। पुलिस ने शव के टुकड़े बरामद कर पति, उसकी मां व एक मित्र को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार तिरुवण्णामलै के गोपुरम मुख्य मार्ग निवासी आटो चालक गोपी (36) ने 12 साल पहले शरन्या (29) से प्रेम विवाह किया था। उनके एक पुत्री एवं दो पुत्र हैं। गत 31 अक्टूबर की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। अगले दिन सुबह शरन्या घर में नहीं मिली तो बड़ी बेटी ने उसके मोबाइल पर फोन किया लेकिन वह स्विच ऑफ था। उसने गोपी के साथ आस पास के इलाकों में खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिली। फिर उसने अपनी नानी को फोन कर मां के गायब होने के बारे में बताया। नानी शरण्या की ससुराल पहुंची एवं दामाद व नातिन से बेटी के गायब होने बारे में पूछताछ कर तुरंत नगर पुलिस थाने में जाकर मामला दर्ज कराया जिसमें दामाद पर संदेह जताया। पुलिस को जांच के दौरान कृष्णगिरि में शरण्या का सिर मिला। शिनाखत के बाद पुलिस ने उसके पति, उसकी मां व एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## प्रदूषण में बाहर निकलने पर लगाई रोक

**लाहौर @ पत्रिका.** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत ने तीव्र वायु प्रदूषण के कारण बीमारियों पर अंकुश के लिए अधिकांश बाहरी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया तथा कुछ क्षेत्रों में दुकानों, बाजारों और मॉलों को जल्दी बंद का आदेश दिया। पंजाब सरकार ने आदेश में कहा कि लाहौर, मुल्तान, फैसलाबाद और गुजरांवाला जिलों में श्वसन संबंधी बीमारियों, आंख और गले में जलन के रोगियों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

## पेज वन का शेष...

### वैज्ञानिक ने...

खुद पर वायरस का सीधा प्रयोग कर हैलासी उन वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हो गई है, जिन्होंने इस तरह के जोखिमभरे प्रयोग किए हैं। हालांकि तीसरे चरण के स्तन कैंसर के बावजूद खुद पर इस जोखिमभरे परीक्षण ने नैतिकता पर बहस भी छेड़ दी है। क्रोएशिया में जाग्रेब यूनिवर्सिटी की वायरोलॉजिस्ट हैलासी को ब्रेस्ट कैंसर होने पर बायां स्तन हटा दिया गया था, लेकिन 2020 में फिर उसी जगह कैंसर हो गया। हैलासी ने तय किया कि वह कीमोथैरेपी से इलाज नहीं कराएंगी। अध्ययन कर खुद अपना इलाज करेंगी। हैलासी ने अपने कैंसर को खत्म करने के लिए दो तरह के वायरस इस्तेमाल किए। एक खसरा वायरस और दूसरा वेसिकुलर स्टोमेटाइटिस वायरस। दोनों वायरस उन कोशिकाओं को संक्रमित करते हैं, जिनसे ट्यूमर बना।

### झारखंड में...

एक सीट पर बागी भाजपाई सरयू राय ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुबर दास को हराया था। माना जा रहा है कि इन सीटों पर इंडिया गठबंधन का पिछला प्रदर्शन दोहराना आसान नहीं होगा।

**छह मंत्री, चार पूर्व सीएम के परिजनों का भविष्य दांव पर :** मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार के छह मंत्रियों के साथ भाजपा के टिकट पर मैदान में उतरे चार पूर्व सीएम के परिजनों की प्रतिष्ठा पहले चरण में दांव पर लगी है। चंपाई खुद तो चुनाव लड़ ही रहे हैं, उनके पुत्र बाबूलाल भी घाटशिला से मैदान में हैं। इसके अलावा अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और रघुबर दास की बहू पूर्णिमा दास के भविष्य का फैसला भी प्रथम चरण में होगा।

**भ्रष्टाचार, घुसपैठ, योजनाएं और वादे बने मुद्दे :** भाजपा की ओर से भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश होती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची, गढ़वा, गुमला में बड़ी सभा कर हेमंत सरकार को घेरा। धर्मांतरण और बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे को भाजपा ने जमकर भुनाया। इससे वह हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण में सफल हो सकती है। इंडिया गठबंधन के लिए स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन ही रहे। उन्होंने विकास और कल्याणकारी योजनाओं के साथ गारंटियों को मुद्दा बनाया जिनमें मंइयां योजना के तहत 1000 रुपए देने, जीतने पर राशि को 2500 रुपए करना, बिजली बिल माफ, स्कॉलरशिप, 25 लाख लोगों को घर देने जैसे वादे शामिल हैं।

### 'प्रदूषण बढ़ाने...

साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बिना लाइसेंस कोई भी पटाखों का उत्पादन और बिक्री न कर सके। पीठ ने कहा, माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है। पीठ ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी राज यों को यह बताने को कहा है कि उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए क्या कदम उठाए। दिल्ली सरकार से कहा गया कि वह हितधारकों से परामर्श के बाद 25 नवंबर से पहले पटाखों पर स्थायी प्रतिबंध लगाने पर फैसला करे। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए पीठ ने पूछा कि आपने पटाखों पर प्रतिबंध का ऐलान देरी से क्यों किया? जब तक सरकार ने ऐलान किया, तब तक हो सकता है कि लोगों ने पटाखे खरीदकर रख लिए होंगे।

### मणिपुर में...

उग्रवादियों ने सीआरपीएफ कैंप और पुलिस स्टेशन पर भी हमले किए। जवाब में सीआरपीएफ जवानों ने भी फायरिंग की। कुकी उग्रवादियों ने लगातार तीसरे दिन किसानों और नागरिकों पर हमले किए। इंफाल ईस्ट में खेत में काम कर रहे एक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया। बिष्णुपुर जिले में उग्रवादियों ने कृषि कार्य रोकने के लिए किसानों पर बम और गोलियां बरसाई।

ताजा हिंसा का दौर पिछले सप्ताह गुरुवार को शुरू हुआ जब मैतेई हथियार बंद उग्रवादियों ने आदिवासी बहुल जैरोन हमार गांव पर हमला कर दिया और घरों को आग लगा दी। इस दौरान ग्रामीणों ने आसपास के जंगलों में छिपकर अपनी जान बचाई। बाद में कुकी-जो संगठन ने दावा किया कि गांव में 31 साल की एक महिला को बलात्कार के बाद बर्बरतापूर्वक मार दिया गया। इसके बाद से राज्य के विभिन्न हिस्सों में लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं।

### भारत की...

हालांकि स्टारलिंक की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अमरीकी चुनाव में मस्क की बड़ी भूमिका की वजह से ट्रंप प्रशासन में उन्हें महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने की संभावनाओं के बीच स्टारलिंक की भारतीय महत्वाकांक्षाओं को गति मिल सकती है। स्टारलिंक के भारत के सैटेलाइट इंटरनेट बाजार में प्रवेश महत्त्वपूर्ण मानी जा रही हैं क्योंकि इससे देश में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी जिसका फायदा भारतीय उपभोक्ताओं को हो सकता है। स्टारलिंक धरती की निचली कक्षाओं में उपग्रह स्थापित कर इंटरनेट की सुविधा प्रदान करती है। इसके लिए फाइबर केबल की आवश्यकता नहीं होती।

**प्रो मुक्केबाजी :** शुक्रवार को टेक्सास में होने वाले मुकाबले से पहले मेडिकल पैनल करेगा सेहत की जांच, 58 वर्षीय दिग्गज मुक्केबाज का छह महीने पहले पेट में अल्सर के कारण हुआ था ऑपरेशन

# टायसन की सेहत पर उठे सवाल, रद्द हो सकती है जैक पॉल के साथ फाइट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**टेक्सास (अमरीका).** अमरीका के महान मुक्केबाज माइक टायसन चार साल बाद एकबार फिर रिंग में उतरने जा रहे हैं। इस फाइट के लिए 58 वर्षीय पूर्व मुक्केबाज ने ना सिर्फ अपना 45 किग्रा वजन घटाया है बल्कि वह जिम में भी कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद शुक्रवार 15 नवंबर को यूट्यूबर और मुक्केबाज जैक पॉल के साथ होने वाली उनकी फाइट पर खतरा मंडरा रहा हैं। इसकी वजह हैं माइक टायसन की सेहत, जो कुछ महीने पहले ही अल्सर जैसी खतरनाक बीमारी से उबरे हैं।

## मेडिकल पैनल की जांच करेगी फाइट पर फैसला

**एक** रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के लाइसेंसिंग और विनियमन विभाग ने सोमवार को टायसन और जैक पॉल की फाइट को मंजूरी दे दी है। लेकिन फाइट से पहले एक मेडिकल पैनल टायसन का पूर्ण रूप से शारीरिक परीक्षण करेगा और देखेगा कि क्या वह इस फाइट को लड़ने के काबिल हैं या नहीं। यदि मेडिकल पैनल को कुछ भी गड़बड़ी लगी तो वह टायसन को रिंग में उतरने की मंजूरी नहीं देगा।



टायसन और जैक पॉल के बीच यह फाइट जुलाई में होनी थी, ***लेकिन टायसन की खराब सेहत के कारण रद्द कर दी गई थी।***

| जैक पॉल | | माइक टायसन |
|---|---|---|
| 27 साल | | 58 साल |
| 11 | फाइट | 58 |
| 10 | जीते | 50 |
| 01 | हारे | 06 |
| 00 | बेनतीजा | 02 |
| 07 | नॉकआउट जीत | 44 |



2020 में टायसन आखिरी बार केविन मैकब्राइड के खिलाफ रिंग में उतरे थे। ***पांच राउंड के बाद टायसन फाइट से हट गए थे।***

पैसों की होगी बारिश

### हारने पर भी मिलेंगे ₹337 करोड़

**माइक टायसन** को इस फाइट के लिए रिंग में उतरने पर 40 मिलियन डॉलर यानि 337 करोड़ रुपए मिलेंगे। यदि वह चार राउंड से ज्यादा मुकाबला खेलते हैं तो इसमें पांच मिलियन डॉलर (42.19 करोड़ रुपए) का इजाफा और हो जाएगा।

### फाइट का प्रारूप

**इस** फाइट में दो-दो मिनट के कुल आठ राउंड खेले जाएंगे। ***हालांकि टायसन को उम्मीद है कि वह नॉकआउट जीत हासिल करेंगे।***

### अस्पताल नहीं रिंग में मरना चाहता हूं : टायसन

**टायसन** ने हाल में खुलासा किया कि डॉक्टरों ने उन्हें रिंग में नहीं उतरने की सलाह दी है क्योंकि पुरानी बीमारी के कारण उनकी जान भी जा सकती है। टायसन ने कहा, मैं अस्पताल में नहीं बल्कि रिंग में मरना चाहता हूं। मैं गुमनामी की लंबी जिंदगी के बजाय गौरव की एक छोटी जिंदगी जीना पसंद करूंगा।

### छह महीने पहले टायसन की जान जाते-जाते बची थी

**मेडिकल पैनल** टायसन की सेहत को लेकर इसलिए गंभीर है क्योंकि छह महीने पहले उनकी जान जाते-जाते बची थी। दरअसल, मई में माइक टायसन जब मियामी से लॉस एंजिलिस आ रहे थे, तब फ्लाइट में अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई थी। खांसी के साथ खून आने के कारण वह बेहोश होकर गिर पड़े थे। अस्पताल में भर्ती कराने पर टायसन के पेट में अल्सर का पता चला था, जिसके बाद उनका ऑपरेशन करना पड़ा।

**आइसीसी वनडे चैंपियंस ट्रॉफी :** विवाद जारी

# मेजबानी छोड़ सकता है पाकिस्तान, भारत से कभी नहीं खेलने की धमकी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कराची.** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारतीय टीम के चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान नहीं आने से बेहद नाराज है। आइसीसी ने भी पीसीबी को साफ कह दिया है कि भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं आएगी। सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी ने पाकिस्तान सरकार को पत्र लिखकर भारतीय टीम के नहीं आने की सूचना दे दी है। इसके बाद पाक सरकार ने पीसीबी को कह दिया है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छोड़ दे और फिर किसी टूर्नामेंट में भारत के साथ नहीं खेले।

रिपोर्ट के तहत, पाक सरकार ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। उसने पीसीबी से इस मामले पर सख्त रुख अपनाने के लिए कहा है। इसके तहत, पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छोड़ देनी चाहिए। इसके अलावा, जब तक दोनों देशों के बीच मामला सुलझ नहीं जाए पाकिस्तान को ना तो आइसीसी और ना ही एशिया के किसी टूर्नामेंट में भारत के साथ खेलना चाहिए।

### हाइब्रिड मॉडल पर बात नहीं करेंगे

**पीसीबी** अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा करने के संकेत दिए थे, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने साफ कह दिया है कि इस पर कोई बात नहीं की जाएगी। भारतीय टीम या तो पाकिस्तान खेलने आए या फिर टूर्नामेंट नहीं होगा।

## दूसरा टी-20 : इंग्लैंड की दमदार जीत

**ब्रिजटाउन @ पत्रिका.** कप्तान जोस बटलर के अर्धशतक से इंग्लैंड ने रविवार रात खेले गए दूसरे टी-20 में मेजबान वेस्टइंडीज को 31 गेंद शेष रहते सात विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज टीम 8 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच बने जोस बटलर ने 45 गेंदों में 83 रन की आतिशी पारी खेली।

**बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज :** भारतीय खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उड़ान भरी

# पहले टेस्ट में रोहित के खेलने पर संशय, बुमराह को मिल सकती है कप्तानी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना हो गई, जहां 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जानी है। इस सीरीज के पहले टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा के खेलने पर अभी तक संशय कायम है। वह पर्थ में पहला टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसे लेकर मुख्य कोच गौतम गंभीर के पास भी कोई जानकारी नहीं है। ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले गंभीर ने पत्रकारों से बातचीत की।

इस दौरान गंभीर ने रोहित के पहले टेस्ट मैच में खेलने पर कहा, अभी इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है कि रोहित पहला टेस्ट मैच खेलेंगे या नहीं। उम्मीद है कि वह पहला टेस्ट मैच खेलें लेकिन इस बारे पुख्ता जानकारी सीरीज शुरू होने से पहले पता चलेगी।



### खराब रहा रोहित का प्रदर्शन...

**07** टेस्ट रोहित शर्मा ने ***ऑस्ट्रेलिया में कुल खेले***

**408** रन बनाए 31.38 की औसत से, ***तीन अर्धशतक***

**588** रन साल 2024 में रोहित ने बनाए 11 टेस्ट में, ***02 शतक व 02 अर्धशतक***



### लोकेश राहुल करेंगे पारी की शुरुआत

**गौतम** गंभीर ने यह भी साफ कर दिया कि यदि रोहित नहीं खेलते हैं तो पहले टेस्ट मैच में लोकेश राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा, हमारे पास बैकअप में दो सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन हैं। जहां तक बात राहुल की है तो वह एक शानदार बल्लेबाज हैं। बहुत कम टीम ऐसी हैं, जिनके पास लोकेश राहुल जैसे बल्लेबाज है, जो ओपनिंग से लेकर छठे नंबर तक खेल सकते हैं।

### ...तो दो साल बाद कप्तानी करेंगे बुमराह

**गंभीर** ने कहा कि यदि रोहित शर्मा पहले टेस्ट मैच में नहीं खेलते हैं तो उनके स्थान पर जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया की कमान संभालेंगे, जो अभी टीम के उपकप्तान हैं। बुमराह को दो साल बाद टेस्ट कप्तानी करने का मौका मिल सकती है। उन्होंने सिर्फ एक टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 2022 में कप्तानी की थी, जिसमें भारतीय टीम को हार मिली थी।



### न्यूजीलैंड से मिली हार का दबाव नहीं

**गंभीर** ने कहा कि भले ही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से हार मिली है, लेकिन खिलाड़ी दबाव में नहीं हैं। उन्होंने कहा, मैं उस सीरीज में मिली हार का बचाव नहीं करूंगा। मैं मानता हूं कि हम अच्छा नहीं खेले थे लेकिन अब हम नई सोच के साथ ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। अभी मेरे दिमाग में अगली टेस्ट सीरीज को जीतना है।

### टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल दांव पर...

1. भारत को यदि आइसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना है तो उसे ***ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज 4-0 से जीतनी होगी।***
2. भारतीय टीम यदि इस सीरीज में ***एक भी टेस्ट हारी तो उसकी फाइनल में जगह बनानी की उम्मीदें लगभग खत्म हो जाएंगी।***

### मैं किसी तरह के दबाव में नहीं आता

जब मैंने कोच पद स्वीकार किया था, तब मैं जानता था कि यह बहुत चुनौतीपूर्ण और सम्मानित काम है। मुझे नहीं लगता कि मैं किसी भी तरह से दबाव में आने वाला हूं।
**-गौतम गंभीर,** मुख्य कोच, भारतीय क्रिकेट टीम।

### मांजरेकर ने गंभीर के व्यवहार पर उठाई अंगुली

**नई दिल्ली.** पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कोच गंभीर के व्यवहार पर आपत्ति जताई। मांजरेकर ने ट्वीट किया, मैंने गंभीर की प्रेसवार्ता देखी। मुझे लगता है कि बीसीसीआइ को उन्हें इस तरह की ड्यूटी से दूर रखना चाहिए। सवालों के जवाब देने का उनका तरीका और उनके शब्दों का चयन सही नहीं था। रोहित शर्मा या मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर मीडिया के जवाब देने के लिए सही शख्स हैं।

### आज का पोल

**क्या भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 4-0 से शिकस्त दे सकती है?**

YES NO

हमारे एक्स/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

सोमवार का जवाब

हां 91% नहीं 09%

***पिछला सवाल :*** क्या भारतीय महिला हॉकी टीम मलेशिया को शिकस्त दे पाएगी?

**चेस, चेन्नई क्लासिक**

### अरविंद और प्रणव ने जीते खिताब



अरविंद और प्रणव (दाएं)।

**चेन्नई @ पत्रिका.** ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां खेले गए चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। दूसरी तरफ, ग्रैंडमास्टर वी प्रणव चैलेंजर्स खिताब अपने नाम किया। वह इस पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे।

अरविंद ने आखिरी दो बाजी में बेहतरीन खेल दिखाया और पहली बार यहां खिताब जीत लिया। उन्होंने पहले ब्लिट्ज प्लेऑफ मुकाबले में अर्मेनिया के खिलाड़ी लेवोन अरोनियन को शिकस्त दी। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए अरोनियन को दूसरे मुकाबले में ड्रॉ पर रोका। वहीं, चैलेंजर्स वर्ग में खिताब जीतने के लिए प्रणव को सिर्फ ड्रॉ खेलने की जरूरत थी। उन्होंने ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोस को बराबरी पर रोका और खिताब जीत लिया।

**CROSSWORD** (वर्ग पहेली) **7162...**



**बाएं से दाएं...** 1. तपस्या, योग (3), 3. राजा का बेटा/पुत्र (5), 7. मेरा (2), 8. जराहीन, अमर (3), 9. न्यायाधीश (2), 10. असफल, अनुत्तीर्ण (3), 12. अचम्भा, विस्मय, ताज्जुब (3), 13. प्रसिद्ध, ख्यातिलब्ध (4), 16. पिता, बाप (2), 17. भावी, अच्छे लक्षणों वाला, उदीयमान (4), 20. हत्या, वध (2), 21. झुकना, विनीत होना (3), 23. बुरी आदत (2), 24. आंच, गर्मी (3), 25. कष्ट, यंत्रणा (3), 26. मृत्यु का देवता (2), 27. नृत्य (2), 28. माथा, भाल (3), 29. आने वाला व बीता हुआ दिन (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. टक्कर, मुकाबला (3), 2. डराना, घुड़की देना, डांटना-फटकारना (4), 3. मकान बनाने वाला कारीगर (4), 4. धन-संपत्ति (2), 5. हाल, घटना (3), 6. रात, निशा (3), 11. मोह, आत्मीयता (3), 12. उजड्ड, जंगली (3), 14. देशभक्त (3-3), 15. जन-जन में प्रिय नेता (2-3), 17. सकना, विद्यमान रहना (2), 18. दशा, स्थिति (3), 19. लाल सुर्ख, रक्त वर्ण का (4), 22. चित्त, हृदय (2), 25. भिखारी, मांगने वाला (3)

**हल 7161**



**SUDOKU 6897...**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 4 | | | | | | 8 | 7 |
| | | | | | 8 | 9 | | |
| 9 | | | | 3 | 7 | | | |
| | 1 | | | | | 6 | | 5 |
| | | 3 | 7 | | 2 | | 1 | |
| | | 2 | 6 | | 9 | | | |

**हल 6896**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 |

**कैसे खेलें :** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**महिला हॉकी :** मेजबान टीम के लिए संगीता कुमारी ने सर्वाधिक दो गोल किए

# भारत ने मलेशिया को 4-0 से दी शिकस्त

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में शानदार आगाज किया और पहले मैच में मलेशिया को 4-0 से शिकस्त दी। मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम के लिए सर्वाधिक दो गोल संगीता कुमारी ने किए। उन्होंने आठवें और 55वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। वहीं, प्रीति दुबे ने 43 और उदिता ने 44वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने शुरुआत से ही मलेशिया पर दबाव बनाया।



गोल करने के बाद भारतीय खिलाड़ी।

***अब दक्षिण कोरिया से भिड़ंत :*** भारतीय टीम का अगला मुकाबला मंगलवार को दक्षिण कोरियाई टीम से होगा। टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में चीन ने थाइलैंड को 15-0 से करारी शिकस्त दी। हालांकि जापान को दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

**पैरा तैराकी :** 13 किमी ओपन वाटर रेस पूरी करने वाले पहले भारतीय बने

# शम्स ने गंगा नदी में 13 किमी की तैराकी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** भारत के पैरा तैराक मोहम्मद शम्स असमल शेख ने पटना में आयोजित नेशनल तक्षशिला ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा में इतिहास रचा। उन्होंने 13 किमी ओपन वॉटर तैराकी स्पर्धा जीती। वह इतनी लंबी दूरी तय करने वाले पहले भारतीय पैरा तैराक बने। बिहार के रहने वाले शम्स ने गंगा नदी पर आयोजित हुई स्पर्धा को दो घंटे तीन मिनट व 13 सेकेंड में पूरा किया।



***लगातार शानदार रहा प्रदर्शन :*** शम्स ने हाल ही में गोवा में आयोजित पैरा-स्वीमिंग चैंपियनशिप में तीन अलग-अलग श्रेणियों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता था। शम्स ने कहा, मैं हालांकि इस रेस को और कम समय में पूरी करना चाहता था, लेकिन इसके बावजूद मैं इस उपलब्धि से खुश हूं।

**आइपीएल-2025** // चेन्नई सुपरकिंग्स फ्रेंचाइजी ने मुंबई के युवा बल्लेबाज को ट्रायल के लिए बुलाया

# सीएसके 17 वर्षीय आयुष पर लगा सकती है बड़ा दांव, रणजी मैच में ठोका था शतक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** आइपीएल के अगले सीजन के लिए दिसंबर में मेगा नीलामी होने वाली है। इससे पहले इस लीग में खेलने वाली सभी 10 फ्रेंचाइजी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्टार खिलाड़ियों के अलावा फ्रेंचाइजी की नजरें युवा खिलाड़ियों पर भी रहती हैं। पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की नजरें मुंबई के 17 वर्षीय बल्लेबाज आयुष म्हात्रे पर है, जो युवा सनसनी हैं। आयुष ने इस साल मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था और अपने दूसरे ही मैच में शतक लगाकर सुर्खियां बटोरी थीं।

### धोनी को भायी युवा खिलाड़ी की बल्लेबाजी

**चेन्नई** सुपरकिंग्स को पांच बार आइपीएल खिताब दिलाने वाले पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आयुष की बल्लेबाजी ने काफी प्रभावित किया है। एक रिपोर्ट के तहत, धोनी और चेन्नई सुपरकिंग्स की टैलेंट सर्च टीम को आयुष का खेल काफी पसंद आया। इसके बाद सीएसके के टीम प्रबंधन ने आयुष को ट्रायल के लिए बुलाने का फैसला किया।



### 6 दिन के ट्रायल के बाद होगा आखिरी फैसला

**चेन्नई सुपरकिंग्स** फ्रेंचाइजी के अधिकारियों ने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के सचिव को फोन किया और बताया कि उनकी युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे में रुचि हैं और वे उनका ट्रायल लेना चाहते हैं। इसके बाद, एमसीए ने आयुष को छह दिन के लिए चेन्नई जाकर ट्रायल में जाने की अनुमति दी।

### दमदार प्रदर्शन

**176 रन** की पारी अपने दूसरे रणजी मैच में खेली थी

**05 प्रथम श्रेणी** मैच कुल ***मुंबई के लिए अब तक खेले***

**321 रन** बनाए, ***एक शतक और एक अर्धशतक लगाया***



आयुष म्हात्रे

### ...तो खुल जाएगी आयुष की किस्मत

- आयुष यदि ट्रायल में सीएसके के अधिकारियों को प्रभावित करने में सफल रहे तो उनकी किस्मत खुल जाएगी। ***सीएसके अनकैप्ड खिलाड़ियों पर काफी बड़ा दांव लगाता है।***
- आइपीएल के पिछले सीजन सीएसके ने उत्तर प्रदेश के अनकैप्ड खिलाड़ी ***समीर रिजवी पर 8.40 करोड़ रुपए का दांव लगाया था।***
- आयुष सलामी बल्लेबाज हैं। उनकी बल्लेबाजी में **आक्रामक के अलावा डिफेंस का अच्छा मिश्रण हैं।**

## जर्मनी : कार्निवल सीजन शुरू होने पर फूटी खुशी



**कोलोन.** जर्मनी की सड़कों पर कार्निवल सीजन की आधिकारिक शुरुआत का जश्न शुरू हो गया है। कोलोन के सेंट्रल ह्यूमार्केट में मसखरों के कॉस्ट्यूम पहने हुए लोग अपनी खुशी जाहिर करते हुए।

## मेक्सिको : तार वाले साजों से एकसाथ फूटा संगीत



**मेक्सिको सिटी.** मेक्सिको की राजधानी के मुख्य चौराहे जोकलो में सबसे बड़ी मारियाची का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जुटे संगीतकार। मारियाची बैंड है जिसमें ट्रम्पेट, गिटार और वायलिन जैसे तार वाले वाद्ययंत्र बजाए जाते हैं।

## हॉट सीट बारामती

प्रचार की होड़ नहीं, इमोशनल कार्ड ज्यादा प्रभावी

# 'साहेब' और 'दादा' दोनों से जुड़ाव, उलझन में मतदाता

विधानसभा चुनाव 2024

**जग्गोसिंह धाकड़**
patrika.com

**बारामती (पुणे).** महाराष्ट्र चुनाव के आम आरोप-प्रत्यारोप, मुद्दे-वादे से कहीं दूर हैं पुणे जिले की बारामती विधानसभा सीट। इस सीट पर दलों में न कोई स्पर्धा दिखती है और न ही जमीनी प्रचार में आगे निकलने की होड़।

यहां प्रदेश की राजनीति के दिग्गज पवार परिवार के दो सदस्यों के बीच चुनावी जंग है। इस सीट के सियासी हाल जानने में बारामती पहुंचा तो बस स्टैंड पर उतरते ही विकास की झलक दिखी। बारामती जैसा सुविधाओं वाला बस स्टैंड महाराष्ट्र के बड़े-बड़े शहरों में नहीं है। प्रतीक्षालय में स्थानीय युवक कन्हैया से पूछा, यहां कौनसे दल का जोर है। वह बोले - यहां दलों के बीच मुकाबला नहीं है। एक ही परिवार के दो सदस्य खड़े हैं। साहेब (शरद पवार) के पोते युगेन्द्र पवार और साहेब के भतीजे 'दादा' (डिप्टी सीएम अजित पवार) चुनाव लड़ रहे हैं। साहेब और दादा दोनों ने क्षेत्र का खूब विकास किया है। पहले दोनों साथ ही थे, हम दोनों को बराबर प्यार करते हैं इसलिए फैसला नहीं कर पा रहे कि साहेब के प्रतिनिधि युगेन्द्र और दादा में से वोट किस दें। इसलिए अनेक परिवारों के आधे-आधे सदस्य दोनों को वोट डालेंगे। मेरे परिवार में कुल तीन वोट हैं। इनमें से एक अजित और एक युगेन्द्र के पक्ष में जाएगा। मैं वोट नहीं डालूंगा क्योंकि संतुलन बिगड़ जाएगा।

### मतदाताओं की परीक्षा ले रहे प्रत्याशी

**नगर** परिषद कार्यालय के बाहर चाय की दुकान पर चुनावी चर्चा छेड़ी तो कांबले दिलीप ने कहा, यहां कोई मुद्दा नहीं है। शरद पवार और अजित पवार ने विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब दोनों अलग-अलग हैं तो मतदाताओं की परीक्षा हो रही है। वसंत गायकवाड़ ने कहा, शरद पवार अपनी उम्र का हवाला देकर गढ़ को बचाने की कोशिश में है। वहीं अजित पवार भी वर्षों पुराने रिश्ते का हवाला देकर वोट मांग रहे हैं। यहां किसका 'इमोशनल कार्ड' कितना मजबूत है, उसी आधार पर जीत-हार का फैसला होगा।



**बारामती.** उप मुख्यमंत्री अजीत पवार वाणेवाडी गांव में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए।



**जनसंपर्क** के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए एनसीपी-शरद पवार के प्रत्याशी योगेंद्र पवार।

***'पहले साहेब की बात रखी, अब दादा की बारी'...*** दोनों प्रत्याशियों से इमोशनल जुड़ाव के बीच मतदाता संतुलन का अपना तर्क भी दे रहे हैं। किसे वोट देंगे? पूछने पर तुकाराम ने कहा, लोकसभा में साहेब के लिए सुप्रिया सुले को चुना। अब दादा की इज्जत रखनी होगी।

## वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

### अमरीका : डेमोक्रेट भुटोरिया को धमकी

**वाशिंगटन @ पत्रिका.** डेमोक्रेटिक पार्टी के फंडराइजर और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के समर्थक भारतीय-अमरीकी अजय भुटोरिया को नस्लवादी और धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं, जिसमें उन्हें भारत लौटने के लिए कहा गया है। वहीं, देशभर में अश्वेत लोगों को बागानों में काम करने बुलाने से जुड़े नस्लवादी संदेश भी मिल रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया : 11 लाख बार गिरी बिजली

**सिडनी @ पत्रिका.** ऑस्ट्रेलिया में एक ही दिन में 11 लाख से ज्यादा बार बिजली गिरने का एक अलग ही रेकॉर्ड बन गया है। वेदरजोन के लाइटनिंग ट्रैकर के अनुसार, मध्य ऑस्ट्रेलिया, क्वींसलैंड व दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में रविवार को गरज के साथ बारिश के बीच आसमान से रेकॉर्डतोड़ बिजलियां गिरीं।

### चीन : एयरशो में नए जेट व ड्रोन की ताकत

**झुहाई @ पत्रिका.** ताइवान व अमरीका के साथ तनातनी के बीच चीन इस सप्ताह एक प्रमुख एयरशो में एक नए स्टील्थ फाइटर जेट और अटैक ड्रोन का अनावरण करेगा। एयरशो चाइना में हथियारों को लेकर रूस के साथ चीन के घनिष्ठ संबंध भी दिखेंगे। यह एयरशो दो साल में एक बार झुहाई में होता है।

## पश्चिम एशिया : अरब और मुस्लिम देशों का शिखर सम्मेलन

# इजरायल पर 165 मिसाइल व ड्रोन से हमला, कई घायल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रियाद.तेलअवीव.** युद्धविराम वार्ता के बीच सोमवार को लेबनान से हिजबुल्लाह ने इजरायल के उत्तरी शहरों पर 165 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। यह हमला ऐसे समय में हुआ है, जबकि इजरायल विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा है कि लेबनान में युद्ध विराम की दिशा में 'कुछ प्रगति' हुई है। दूसरी ओर सऊदी अरब के रियाद में अरब और मुस्लिम देशों की बैठक में इजरायल को आगाह किया गया कि वह लेबनान और गाजा में तुरंत हमले बंद करे।

इजरायल पर हिजबुल्लाह का हमला इतना भीषण था कि वायु रक्षा प्रणाली आयरन डोम भी कई मिसाइलों को रोकने में नाकाम रहे। इजरायल ने एक बयान में कहा है कि हमले में एक बच्चे समेत कम से कम 7 लोग घायल हो गए हैं। हमले के बाद सड़क पर कई वाहनों में आग लग गई और रिहायशी इलाकों में कई इमारतें ध्वस्त हो गईं। हिजबुल्लाह ने हाइफा शहर में 90 से अधिक मिसाइलें दागी गई। वहीं, गैलिली में लगभग 50 रॉकेट दागे गए। कई मिसाइलें शहरों के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में भी गिरी। उधर, इजरायल ने भी लेबनान के उत्तरी क्षेत्र में एक घर पर हमला किया, जिसमें 28 लोग मारे गए या फिर घायल हो गए।

### शिया और सुन्नी देश भूले मतभेद



**शिखर** सम्मेलन से ठीक पहले, सऊदी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ फय्याद अल-रुवैली ने तेहरान में ईरानी सेना के शीर्ष अफसर जनरल मोहम्मद बघेरी से सेना मुख्यालय में मुलाकात की। बैठक का विषय रक्षा कूटनीति का विकास और द्विपक्षीय सहयोग बताया गया है। गौरतलब है कि शिया देश ईरान और सुन्नी देश सऊदी अरब में लंबे समय से रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। संबंध बहाली के बाद पहली बार दोनों देशों के सेनाध्यक्ष मिले हैं।

***ट्रंप की ताजपोशी से पूर्व एकजुट हुए अरब देश:*** अमरीका में डॉनल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले हो रहे अरब लीग और इस्लामिक सहयोग संगठन के संयुक्त शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने 'फिलिस्तीनी और लेबनानी लोगों के नरसंहार की निंदा करते हुए' इजरायल से 'आगे आक्रामकता के किसी भी अन्य कृत्य से बचने' का आग्रह किया।

***अरब दुनिया के दिग्गज हुए शामिल:*** सम्मेलन में तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैय्यप अर्दोआन, यूएई के उपराष्ट्रपति शेख मंसूर बिन जायद अल-नाहयान, पाक पीएम शहबाज शरीफ, नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनूबू और लेबनान के पीएम नजीब मिकाती, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी समेत सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद शामिल हुए।

## कॉप-29 : तापमान बढ़ने से रोकने पर मंथन

# ग्लोबल वार्मिंग से लड़ने में मदद करें चीन व अमीर देश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बाकू.** संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु शिखर सम्मेलन कॉप-29 इस बार उस देश अजरबैजान में शुरू हो रहा है, जहां दुनिया का पहला तेल कुआं खोदा गया था। सोमवार से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में 198 देशों के प्रतिनिधि राजधानी बाकू में दो सप्ताह तक इस विषय पर मंथन करेंगे कि कैसे दुनिया का तापमान बढ़ने से रोका जाए। बाकू में आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जबकि अमरीका में पेरिस एग्रीमेंट समझौते से बाहर होने का वादा कर सत्ता में लौटे डॉनल्ड ट्रम्प आगामी जनवरी में फिर से सत्ता संभालने जा रहे हैं। दूसरी ओर, विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने चेतावनी दी है कि साल 2024 अब तक का सबसे गर्म महीना होने जा रहा है। कॉप-29 का मुख्य एजेंडा जलवायु परिवर्तन पर लगाम और उसके अनुकूल कदम उठाने के लिए अमीर देशों से गरीब-विकासशील देशों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी को रखा गया है।

**अमीर देश गरीब देशों को दें एक लाख करोड़ डॉलर की मदद:** यूएन की मदद से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन को छोड़कर शेष विकासशील देशों को 2030 तक ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए 2.4 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा की जरूरत होगी। ब्रिटेन और मिस्र के एक विश्लेषण में यह पाया गया है कि इसमें से एक लाख करोड़ डॉलर की राशि संपन्न और विकसित देशों को देना चाहिए।

**कॉर्बन उत्सर्जन**

| भौगोलिक क्षेत्र | उत्सर्जन इकाई अरब टन | टन प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| एशिया | 21.77 | 4.6 |
| उ. अमरीका | 6.28 | 10.5 |
| यूरोप | 5.11 | 6.9 |
| अफ्रीका | 1.42 | 1.0 |
| द. अमरीका | 1.09 | 2.5 |
| ओशनिया | 0.44 | 9.9 |

स्रोत: ग्लोबल कॉर्बन बजट, 2023

### भारत की ओर से कीर्ति वर्धन सिंह करेंगे शिरकत

**इस** सम्मेलन में भारत की ओर से केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 19 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन में भारत को अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए 18-19 नवंबर का समय दिया गया है। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद तालिबान पहली बार संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में भाग लेगा।

## पत्रिका पोल

**Q** क्या डॉनल्ड ट्रंप के अमरीकी राष्ट्रपति बनने के बाद पश्चिम एशिया संकट का समाधान जल्द हो जाएगा?

**कल का सवाल था**
क्या ट्रंप-मोदी की दोस्ती अमरीका में सक्रिय खालिस्तानी चरमपंथियों पर अंकुश लगाने में मददगार रहेगी?

जवाब
66% हां 34% नहीं

स्कैन करें...

## इंडिया @ शॉर्ट रीड

### पंजाब — कृपाण पर प्रतिबंध वापस लें-संधवां

**चंडीगढ़ @ पत्रिका.** पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने केंद्र सरकार द्वारा हवाई अड्डों पर अमृतधारी सिख कर्मचारियों के कृपाण पहनने पर लगाए गए प्रतिबंध की कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। संधवां ने प्रतिबंध को सिखों की धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कहा कि यह निर्णय तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

### तमिलनाडु — आइआइटी और इसरो में सहयोग

**चेन्नई @ पत्रिका.** आइआइटी मद्रास ने द्रव व तापीय विज्ञान में अनुसंधान के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। आइआइटी ने इस केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव दिया था। यह केंद्र इसरो के अंतरिक्ष यान और प्रक्षेपण यान से संबंधित तापीय प्रबंधन अनुसंधान गतिविधियों के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करेगा।

### महाराष्ट्र — हाईकोर्ट ने नरेश गोयल को दी जमानत

**मुम्बई @ पत्रिका.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को धन शोधन मामले में आरोपी जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सकीय आधार पर जमानत दे दी। 75 साल के गोयल कैंसर से पीड़ित हैं और इलाज के लिए जमानत की मांग कर रहे थे। हाईकोर्ट ने मई में उन्हें दो महीने की अंतरिम जमानत दी थी, जिसे अब स्थायी कर दिया गया है।

## गुजरात : कोई हताहत नहीं

### कोयली रिफाइनरी में विस्फोट व आग

**वडोदरा @ पत्रिका.** शहर के पास कोयली स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आइओसी) की रिफाइनरी में सोमवार दोपहर बाद विस्फोट के साथ आग लग गई। धमाके के बाद रिफाइनरी में विकराल आग भभक उठी। आग के चलते आसपास के कई किलोमीटर तक धुआं फैल गया। धमाके के कारण आसपास की कंपनियों में दहशत फैल गई। आग की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग के कारण का पता नहीं चल पाया है। घटना में किसी की मौत की सूचना नहीं है, लेकिन दो से तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। आइओसीएल के मुताबिक गुजरात रिफाइनरी में 1000 किलो लीटर की क्षमता वाले बेंजिन स्टोरेज टैंक में आग लगी है।

## फरिश्ते की गोद में : बाढ़ के क्षेत्र से बच्ची को निकालता पुलिसकर्मी



**मनीला.** तूफान टोराजी ने उत्तरी फिलीपींस को खतरे में डाल दिया है, जिसके कारण बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों से हजारों लोगों को निकाला गया है। इलागन शहर में निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद करती पुलिस।

## गुजरात : स्वामीनारायण मंदिर की 200वीं वर्षगांठ

# समाज को बांटने की साजिश नाकाम करना जरूरी : मोदी

**वडताल (खेड़ा). आणंद @ पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमारी एकता व अखंडता बहुत जरूरी है। आज दुर्भाग्य से निहित स्वार्थ के चलते समाज को जाति-धर्म-भाषा और न जाने किस प्रकार से टुकड़े-टुकड़े में बांटने की साजिश चल रही है। हम सभी को मिलकर ऐसे कारनामों को पराजित करना होगा। प्रधानमंत्री सोमवार को खेड़ा जिले के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर की 200 वीं वर्षगांठ पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे।

**कुशल युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत:** पीएम ने कहा कि राष्ट्र को निर्णायक दिशा दिखाने की क्षमता युवा मन में होती है। विकसित भारत के लिए हमारे युवा सशक्त होने चाहिए। कुशल युवा हमारी सबसे बड़ी ताकत बनेंगे। मोदी ने कहा कि पूर्ण कुंभ हो रहा है। 13 जनवरी से करीब 45 दिन तक 40-50 करोड़ लोग कुंभ मेले में आते हैं। मैं आग्रह करता हूं कि कुंभ के बारे में लोगों को शिक्षित करें। कोशिश करें कि विदेश में आपकी एक-एक शाखा कम से कम 100 विदेशियों को कुंभ मेले के दर्शन करने के लिए ले आएं।



***विरासत के संरक्षण से आगे बढ़ता है देश...*** मोदी ने कहा कि कोई भी देश विरासत पर गर्व और उसका संरक्षण करते हुए ही आगे बढ़ सकता है। हमें खुशी है कि आज हमारी विरासत के हजारों साल पुराने केंद्रों का गौरव लौट रहा है। अयोध्या का उदाहरण सबके सामने है।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### होमन होंगे ट्रंप के बॉर्डर जार, एलिस यूएन में दूत

**अमरीका** के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन के पूर्व निदेशक टॉम होमन को अपना 'बॉर्डर जार' (सीमा सुरक्षा प्रभारी) नामित किया है। इसी तरह न्यूयॉर्क प्रतिनिधि एलिस स्टेफनिक को संयुक्त राष्ट्र का स्थायी प्रतिनिधि बनाया गया है।

### इशिबा को मिला बहुमत, फिर पीएम

**शिगेरू** इशिबा को एक बार फिर संसद में मतदान से जापान का पीएम चुन लिया गया। सत्तारूढ़ गठबंधन को 27 अक्टूबर को हुए चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। विशेष सत्र में इशिबा को विपक्षी उम्मीदवार पर 221-160 मतों से जीत मिली।



### बाइडन पद छोड़ें, कमला संभालें कमान

**कमला** हैरिस के पूर्व संचार निदेशक जमाल सिमंस ने दावा किया है कि अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन 20 जनवरी से पहले पद छोड़ सकते हैं, ताकि कमला हैरिस देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें।



## फ्रांस : प्रथम विश्व युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि



**पेरिस.** दुनिया भर के देश प्रथम विश्व युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों (दाएं) व ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर युद्धविराम की 106वीं वर्ष-गांठ पर पुष्पांजलि देते हुए।

## ब्रिटेन — 950 ट्रक पनीर की 'द ग्रेट चीज रॉबरी' से चर्चा में आए फूड क्राइम

# पनीर चुराकर अमीर बन रहे अपराधी, ड्रग्स-तस्करी से भी कम सजा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**लंदन.** हाल में ब्रिटेन में चार हाथियों के वजन के बराबर 950 ट्रक प्रीमियम पनीर की अजब तरीके से चोरी हुई। एक फ्रांसीसी सुपरमार्केट चेन की आड़ में एक डेयरी किसान को धोखाधड़ी से इसका ऑर्डर दिया गया और कूरियर से प्राप्त किए जाने के बाद चीज गायब हो गया। मीडिया में इसे 'द ग्रेट चीज रॉबरी' भी कहा गया। खेप की कीमत लगभग 3.26 करोड़ रुपए थी। चोरी के इस असाधारण पैमाने ने खाद्य-संबंधी अपराधों की ओर दुनिया का ध्यान खींचा है।

पनीर, विशेष रूप से उच्च-श्रेणी की किस्में, संगठित अपराधियों के लिए एक आकर्षक लक्ष्य बन गई हैं।



***मोटे मुनाफे के फेर में बढ़ रही चोरी:*** विशेषज्ञों के अनुसार रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के कारण पैदा हुए व्यवधान के बाद पनीर की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इस आकर्षक बाजार से लाभ कमाने की चाह रखने वाले अपराधियों के बीच इसकी मांग बढ़ गई है। खासतौर से ब्रिटेन में पनीर की कीमत में हाल में वृद्धि हुई है, कुछ किस्मों में इसी साल 6.5% तक की वृद्धि देखी गई है। तस्करी और जालसाजी से लेकर चोरी तक हो रही है।

### मुनाफा अधिक, सजा का डर कम

**खाद्य** पदार्थों, विशेष तौर पर लग्जरी चीज की चोरी सिर्फ कीमतों की वजह से ही नहीं होती, दरअसल आपराधिक नेटवर्क जानते हैं कि अवैध ड्रग्स आयात की तुलना में खाद्य पदार्थों से जुड़े अपराधों में कम सजा होती है जबकि कमाई लगभग उतनी ही है। कुछ गिरोह पार्मिगियानो रेजियानो व चेडर जैसे महंगे उत्पाद चुराने में माहिर हैं।

### वैश्विक है पनीर का काला बाजार

**रूस** में पनीर का काला बाजार खूब फल-फूल रहा है। मार्च 2014 में क्रीमिया पर अवैध कब्जे के बाद, यूरोपीय संघ और अन्य देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विदेशी पनीर को कुचलने के दृश्य टीवी पर प्रसारित करवाए। अब पनीर और वाइन रूस में अवैध रूप से ले जाए जाने वाले दो सबसे आम उत्पाद हैं। इसके अलावा यूरोप, एशिया व मध्य-पूर्व के कई हिस्सों में भी पनीर का काला धंधा चलता है। नकली पनीर बनाना भी यहां आम बात है।

### फल-फूल रहे खाद्य-संबंधी अपराध

खाद्य-संबंधी अपराध वैश्विक खाद्य उद्योग को प्रति वर्ष करीब 4.13 लाख करोड़ की चपत लगाते हैं। इनमें गोदामों में खाद्य सामग्री पहुंचाने वाली मालवाहक गाडियों के अपहरण से लेकर भंडारण बाड़े से जीवित झींगों की चोरी तक शामिल है। यूरोप में भी ऐसा ही हो रहा है, इटली के गोदाम से बड़ी मात्रा में पनीर की एक विशेष किस्म पार्मिगियानो रेजियानो चुराई गई थी, चीज की कई किस्में ऐसी हैं, जिन्हें बनाने में साल तक लग सकता है।

'स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।